ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 29 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-87, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित




पेज-12

सेंसेक्स 73,730.16 ▼-609.28
डॉलर 83.391 ▲+0.120

**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 67,850

चांदी (1 किलो) 86,000

**आज के मैच**

समय : 29 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : कोलकाता

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## कल्पना सोरेन गांडेय विस सीट से आज करेंगी नामांकन

**सास-ससुर का लिया आशीर्वाद**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पूर्व उन्होंने रविवार को झामुमो पार्टी प्रमुख और ससुर शिबू सोरेन तथा सास रूपी सोरेन से आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए कल्पना ने लिखा कि आंदोलन, संघर्ष और शहादत से बने विशाल वृक्ष का नाम है झामुमो। झारखंडवासियों के हक-अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ने वाले संघर्ष का नाम है झामुमो। झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। उपचुनाव के लिए झामुमो के तीर-कमान की शक्ति के साथ सोमवार नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व आज बाबा, मां और दीदी का आशीर्वाद लिया। कल्पना ने लिखा है कि वे झामुमो की सिपाही के रूप में झारखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता के हक-अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करेंगी। आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद के साथ आने वाले वक्त में गांडेय की तस्वीर बदली जाएगी। उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

## हरमू फल मंडी के दो दुकानों में लगी आग, पाया गया काबू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हरमू फल मंडी की दो दुकानों में रविवार शाम 6 बजे आग लग गई। आग लगने से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अगल-बगल दुकानदारों ने दुकान मालिक सोएब अख्तर और पप्पू इस्माइल को इसकी सूचना दी। जली हुई दुकान राजू फ्रूट शॉप के मालिक सोएब और इस्माइल एंड संस के इस्माइल ने बताया कि उनकी दुकान में कोई नहीं था। पड़ोस के दुकानदारों ने शाम करीब छह बजे फोन पर घटना की सूचना दी। दोनों वहां



पहुंचे तब तक लपटें काफी ऊंची उठने लगी थी। आसपास के दुकानदारों ने पास की बिल्डिंग से पाइप लगाकर आग बुझाने की कोशिश की, ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम चंपाई सोरेन ने कहा- 400 का नारा भी होगा फेल

# सूबे में नहीं खुलेगा भाजपा का खाता




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर में कहा कि झारखंड में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा, साथ ही उनका 400 का नारा भी फेल होगा और डेढ़ सौ सीटों पर भाजपा सिमट जाएगी। मुख्यमंत्री चंपाई झारखंड मुक्ति मोर्चा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जिस तरह जमशेदपुर लोकसभा की सभी छह विधानसभा से भाजपा को उखाड़ फेंका है। उसी तरह इस लोकसभा चुनाव में भी समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आगामी तीन मई को समीर मोहंती नामांकन करेंगे। एक माह में सभी कार्यकर्ता और नेता कड़ी मेहनत कर अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करें। आज पार्टी में कार्यकर्ताओं की भीड़ है, ऐसे में जहां कमी है उसे दूर कर आगे काम करें। सोरेन ने कहा कि जेएमएम के एक बूथ का एक ही प्रभारी रहेगा। प्रत्येक बूथ में 25 महिला और 25 पुरुष की कमेटी बनायी जाएगी। उन्होंने कहा कि 10 साल में झारखंड के भाजपा सांसदों ने किसान मजदूर के लिए कोई काम नहीं किया। देश में भाजपा ने महंगाई को चरम सीमा पर पहुंचा दिया और सिर्फ गांधी परिवार पर आरोप लगाया है। भाजपा ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों को दबाया है और सिर्फ पूंजीपतियों के लिए केंद्र सरकार ने काम किया है।

- लोस क्षेत्र के प्रत्येक बूथ में 25 महिला और 25 पुरुष की कमेटी बनाई जाएगी
- पिछले विधानसभा चुनाव की सफलता दोहराएं व इस बार समीर मोहंती को जीताएं
- 10 साल में झारखंड के भाजपा सांसदों ने किसान-मजदूर के लिए कोई काम नहीं किया

## देश की उपलब्धियों पर कांग्रेस को आती है शर्म : मोदी

- तुष्टीकरण के कारण शिवाजी व रानी चिन्नमा का किया अपमान नवाबों-सुल्तानों पर बोलती हुई बंद
- तुष्टीकरण के कारण उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं



**एजेंसी। बंगलूरु**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में रविवार को कांग्रेस पर देश की उपलब्धियों से बैर रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस नहीं। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की।

हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया, उस बेटी का परिवार कार्रवाई की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टीकरण को ही प्राथमिकता देती रही। इसी तुष्टीकरण के कारण उनके लिए नेहा जैसी बेटियों की जिंदगी की कीमत नहीं है। इसी तुष्टीकरण के कारण कांग्रेस के शहजादे शिवाजी महाराज और रानी चिनम्मा का अपमान करते हैं। शहजादा कहते हैं भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे। शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए, तुष्टीकरण के लिए दिया गया बयान है। वह राजा, महाराजा के खिलाफ बोलते हैं लेकिन नवाबों, बादशाहों, सुल्तानों के ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

**शहजादे की नजर मां-बहनों के मंगलसूत्र पर**

कांग्रेस के शहजादे कह रहे हैं कि अगर वो सत्ता में आए तो पूरे देश का एक्सरे करेंगे। आपके घर, खेत, लॉकर का एक्सरे होगा। वो ढूंढ के निकालेंगे कि किसके पास क्या है और ज्यादा होने पर वो हड़प कर लेंगे और अपने वोट बैंक को बांट देंगे। माता और बहनों के पवित्र मंगलसूत्र पर नजर लगाए हुए हैं।

**500 साल का सपना पूरा करने को चाहिए 56 इंच का सीना**

पीएम मोदी ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जोरदार निशाना साधा। कहा, मेरे और आपके पूर्वजों ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के लिए 500 साल तक लड़ाई लड़ी, लाखों लोग मौत के घाट उतार दिए गए। देश आजाद होने के दूसरे ही दिन प्रभु श्रीराम का मंदिर बनाने का निर्णय होना चाहिए था। लेकिन, उन्होंने नहीं किया। ऐसा काम करने के लिए 56 इंच का सीना लगता है। तब, जाकर 500 साल का सपना पूरा होता है, 500 साल का इंतजार समाप्त होता है। लेकिन, ये तब होता है, जब आपके वोट की ताकत मिलती है।"

**मेरा पल-पल आपका, तभी 24/7 और 2047 की गारंटी देता हूं**

उन्होंने कहा, "मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। परमात्मा ने मोदी को आपकी सेवा के लिए ही पैदा किया है और आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। ये मेरी गारंटी है आपको, मेरा पल-पल आपके नाम, मेरा पल-पल आपके बच्चों के भविष्य के नाम, मेरा पल-पल आपके सपनों को साकार करने के नाम, मेरा पल-पल देश और देशवासियों के नाम, इसलिए मैं आपको गारंटी देता हूं, 24/7 और 2047।

**एक नजर**

### प्रधानमंत्री तीन को चाईबासा, चार को पलामू और लोहरदगा में करेंगे जनसभा



**रांची।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण से मतदान होना है। राज्य में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू चुनाव होने हैं। एनडीए और इंडी गठबंधनों ने सभी 14 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। साथ ही दोनों गठबंधन ने स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी कर दी है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाईबासा, पलामू और लोहरदगा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी तीन मई को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा में तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। चार मई को सुबह 9:30 बजे पलामू के चियांकी हवाई अड्डे में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दिन दोपहर 12:30 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**आजकल**

बैलेट से नहीं ईवीएम से ही होंगे चुनाव




## विशुनपुरा बीडीओ की मौत की होगी जांच : डीडीसी सिमडेगा

### बीडीओ की मौत पर सिमडेगा झाप्रसे संघ ने जताया संदेह



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
गढ़वा के विशुन पुरा प्रखंड के बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के मौत पर झाप्रासे संघ ने संदेह जताते हुए इसे आत्महत्या नहीं बताया है। बता दें कि गढ़वा जिले के विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का शव उनके विशुनपुरा स्थित आवास में शनिवार को रस्सी से झूला हुआ मिला था। जिसे गढ़वा पुलिस द्वारा आत्महत्या बताया गया था। रविवार को बीडीओ मन्ना केरकेट्टा का शव उनके पैतृक आवास सिमडेगा पहुंचा। जहां डीडीसी संदीप कुमार, एसडीओ सुमंत कुमार, एनडीसी ओम प्रकाश यादव सहित कई अधिकारी पहुंच कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मृतक बीडीओ की बहन जो तीस हजारी कोर्ट में जज है। उसने सिमडेगा प्रशासनिक अधिकारी के पास बीडीओ के मौत पर संदेश जताते हुए इसे हत्या बताया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बीडीओ का बिसुनपुरा सीओ और सीआई से कुछ बहस भी हुआ था। जिसके दो दिन के बाद ये घटना घटी। सिमडेगा झाप्रासे संघ के अध्यक्ष डीडीसी सिमडेगा संदीप कुमार ने घटनास्थल की तस्वीर के अनुसार बीडीओ के मौत को संदेहास्पद बताया। उन्होंने कहा की बीडीओ की मौत की जांच करवाई जायेगी। इनको श्रद्धांजलि देने के बाद झाप्रासे संघ सिमडेगा इकाई के लोग डीडीसी ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### कटक में राहुल ने की बीजेडी-बीजेपी की आलोचना, कहा

## 200 यूनिट बिजली मुफ्त, 500 में गैस सिलेंडर

- प्रति माह महिलाओं के खाते में 2000 व बेरोजगारों के खाते में 3000 देने का वादा
- बीजेडी-बीजेपी में साठगांठ, दोनों पार्टियां कुछ कॉर्पोरेट्स को पहुंचा रहीं फायदा



**एजेंसी। कटक**
राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के कटक में बीजद सरकार और विपक्षी भाजपा पर निजी लाभ के लिए एक-दूसरे से मिलीभगत का आरोप लगाया। कहा, दोनों का लक्ष्य कुछ चुनिंदा कॉर्पोरेट्स को फायदा पहुंचाना है। पटनायक 'कुछ चुनिंदा लोगों' के लिए सरकार चला रहे हैं, जबकि मोदी अरबपतियों के लिए सरकार चला रहे हैं। कहा, नवीन पटनायक सरकार भाजपा के साथ सांठगांठ कर विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के संसाधनों की लूट की सुविधा दे रही है। यदि कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो लूटा गया धन राज्यवासियों को वापस कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि नवीन पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। राहुल ने भीड़ से यह भी वादा किया कि अगर कांग्रेस राज्य में सत्ता में आई तो महिलाओं के बैंक खाते में प्रति माह 2000 रुपये जमा किए जाएंगे, बेरोजगार युवाओं के खाते में 3000 रुपये जमा किए जाएंगे और 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। जनता को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

राहुल ने कहा, पीएम मोदी ने 22 अरबपतियों को 16 लाख करोड़ रुपये दिए। अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो हम सभी गरीब परिवारों की सूची बनाएंगे और प्रत्येक परिवार से एक महिला सदस्य का चयन करेंगे और उसके खाते में सालाना एक लाख रुपये ट्रांसफर करेंगे। उन्होंने बेरोजगार युवाओं के लिए कांग्रेस के एक साल के इंटर्नशिप कार्यक्रम के बारे में भी बताया और मनरेगा मजदूरी बढ़ाने, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकताओं के वेतन को दोगुना करने, किसानों के लिए कृषि ऋण माफी और एमएसपी गारंटी कानून सहित कई वादे किए। ओडिशा में 13 मई से शुरू होने वाले चार चरणों में एक साथ विधानसभा और लोकसभा चुनाव होंगे।

## स्कूल हॉस्टल के ग्रिल में सिर फंसने से नर्सरी के बच्चे की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज**
साहिबगंज जिले के मंडरो प्रखंड के भगैया के उपरबंधा गांव में संचालित ऑक्सफोर्ड कैम्ब्रिज स्कूल से एक दिल दहला देने वाली खबर आई है। स्कूल हास्टल के खिड़की की ग्रिल में सिर फंसने से नर्सरी के छह वर्षीय छात्र ताला बाबू की मौत हो गयी। ग्रिल में सिर फंसने के बाद जब बच्चा रोने लगा तब स्कूल संचालक समेत अन्य को जानकारी मिली। आनन-फानन में ग्रील काट बच्चे को सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि नर्सरी का छात्र ताला बाबू स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था।

**स्कूल संचालक ने कहा :** ऑक्सफोर्ड कैम्ब्रिज स्कूल के संचालक कुमार निशात ने बताया कि खैरबनी गांव निवासी चार्लिस बास्की का 6 वर्षीय पुत्र ताला बाबू विद्यालय के हॉस्टल में रहकर नर्सरी में पढ़ रहा था। रविवार की सुबह लगभग 10:30 बजे अचानक बच्चे के रोने की आवाज सुनकर हमलोग गये तो देखा कि ताला बाबू का सिर खिड़की की ग्रिल में फंसा हुआ है। इसके बाद ग्रिल को काटकर उसके सिर को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉ मोहन मुर्मू ने जांच के बाद ताला को मृत घोषित कर दिया।

**परिजन पहुंचे अस्पताल, हुआ पोस्टमार्टम :** घटना की सूचना मिलते ही ताला की मां मेरी मुर्मू सहित अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। यहां बेटे के शव को देखते ही मेरी मुर्मू व परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे, इससे पूरा परिसर गमगीन हो गया।

## जामताड़ा में चार साइबर ठग गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**
पुलिस ने जामताड़ा जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो आरोपितों की गिरफ्तारी करमाटांड़ थाना क्षेत्र से हुई है जबकि दो की गिरफ्तारी जामताड़ा थाना क्षेत्र से की गई है। सभी साइबर ठगों को फिशिंग करते हुए और रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी रविवार को साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। अशोक राम ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के कई स्थानों पर साइबर ठग एकजुट होकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में टीम गठित की गई, जिसका नेतृत्व डीएसपी ने किया। टीम में ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## चुनाव के साथ आतंक और भय के विरुद्ध बनता नया इतिहास



सुनील बादल

**देश** और समाज में बदलाव प्रकृति का नियम है पर कुछ बदलाव इतिहास बनाते हैं। अभी चुनाव में कश्मीर का लाल चौक भी इतिहास बना रहा है। कभी वहाण की प्रमुख पार्टी पीडीपी ने अनुच्छेद 370 हटाने के समय कहा था कि यहां देश का तिरंगा उठाने के लिए कोई नहीं मिलेगा और आज वही जम्हूरियत का जश्न मनाती हुई लाल चौक में दिख रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट कर चुप्पी तोड़ती एक पोस्ट आती है जिससे इससे पहले उन्होंने आखिरी बार 21 नवंबर, 2020 को ट्वीट किया था। बुधवार को उन्होंने घंटा घर की एक तस्वीर पोस्ट कर लिखा घंटा घर-लाल चौक, श्रीनगर, चुपचाप अपने चारों ओर होने वाली हर चीज का गवाह बनता है। लाल चौक पर जब जम्हूरियत का जश्न मनाया जा रहा था, उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों, पर्यटकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। एक स्थानीय दुकानदार बशीर अहमद ने कहा, आज श्रीनगर में एक बदलाव की लहर महसूस की जा सकती है। यहां कभी हम पत्थरबाजी, आंसू गैस के गोले, प्रदर्शन मार्च आदि देखा करते थे, आज राजनीतिक हलचल देखने को मिल रही है। यह एक सुखद बदलाव है। यह श्रीनगर का लाल चौक है। एक समय था, जब इस स्थान पर दिन के समय भी सन्नाटा पसरा रहता था। पत्थरबाजी और गोलियां बरसतीं थीं। पत्थरबाजों का आतंक सिर चढ़कर बोलता था। तब लोग यहां आने से परहेज करते थे। अब वक्त बदला है, तो तस्वीर भी बदली है। खौफ की जगह अब यहां लोकतंत्र की बयार बह रही। मेले सा माहौल एक नई सुबह की दस्तक है। बुधवार को लाल चौक पर जम्हूरियत का जश्न देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों के साथ राजनीतिक हलचल देखने को मिली, जिसके गवाह यहां मौजूद सैकड़ों युवा और स्थानीय लोग बने। बुधवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के युवा नेता वहीद रहमान पर्रा जब अपना नामांकन भरने के लिए पार्टी मुख्यालय से निकले तो उनके साथ समर्थकों का एक बड़ा हजूम था। ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए समर्थक पैदल मार्च की सूरत में लाल चौक के घंटा घर की ओर बढ़े और वहां से डीसी कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान वहीद ने घंटा घर पर लगाए तिरंगे के नीचे रुककर समर्थकों को संबोधित किया। पूरे लाल चौक में पार्टी के झंडे लेकर कार्यकर्ता दिख रहे थे। सैलानियों ने की अमन की कामना घंटा घर देखने पहुंचे कोलकाता के प्रसून दा ने कहा, हम खबरों में हमेशा घंटा घर और लाल चौक को गलत सुर्खियों में देखते आए हैं। आज यहां आकर एक विकसित घंटाघर देख अच्छा लगा और उस पर हैरानगी यह हुई कि जम्हूरियत के जश्न के हम गवाह बने। जैसे दिल्ली में लोगों के लिए इंडिया गेट आकर्षण का केंद्र है वैसे यहां कश्मीर आने वाले सैलानी घंटाघर को देखना चाहते हैं। प्रार्थना करते हैं कि ऐसे ही अमन-शांति बनी रहे। यदि झारखंड की बात करें तो कभी उग्रवाद और हिंसा के कारण बदनाम राज्य अब अपनी पहचान बदल रहा है। चुनाव के समय हिंसा की बड़ी घटनाओं से माओवादी भय और आतंक पैदा करते थे तो कुछ नेता इसे सामाजिक भेदभाव से जोड़ कर अलग नैरेटिव दिखाने की कोशिश करते थे पर स्कूल,सड़क और विकास कार्यों को उड़ाने जैसी घटनाएं अब प्रायः समाप्ति पर हैं और बूढ़ा पहाड़ जैसे उनके अजेय किले चुनाव का नया इतिहास गढ़ रहे हैं जिसके लिए झारखंड में कार्यरत पारा मिलिट्री फोर्स के साथ झारखंड पुलिस की अदम्य इच्छा शक्ति और रणनीति की प्रशंसा करनी होगी।



## एक नजर

### शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने गर्लफ्रेंड की हत्या कर शव नदी में फेका

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के मधुबन की रहने वाली महिला की हत्या उसके प्रेमी ने ही गला दबाकर की थी। हत्या कर शव को छुपाने के नियत से टेपरा नदी में उसका शव फेक दिया। करीब एक महीने पहले दोनों केरल से लौटे थे। केरल से लौटने के बाद प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंची तो पता चला कि प्रेमी पहले से शादीशुदा है। इसको लेकर घर में काफी विवाद हुआ था। वही प्रेमिका प्रेमी पर शादी का दवाब दे रही थी। इसके बाद उसे रास्ते से हटाने के लिये 24 अप्रैल को घर से बुलाया और गला दबाकर हत्या कर शव को नदी में फेक दिया। मामले का उद्भेदन करते हुए रविवार को एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने बताया कि पुलिस ने आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के बीच जान पहचान केरल में काम करने के दौरान हुआ था। इसके बाद दोनों में प्रेम प्रसंग चलने लगा।

### देश भर में इंडी गठबंधन की एकता हुई मजबूत : दीपांकर भट्टाचार्य

**कोडरमा।** इंडी गठबंधन, कोडरमा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन झुमरीतिलैया शिव वाटिका में हुई। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने जबकि संचालन माले नेता इब्राहिम अंसारी ने किया। सम्मेलन में भाकपा-माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टचार्य,राजद नेता सह श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद, कांग्रेस कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर, माले नेता राजकुमार यादव के अलावे कोडरमा लोकसभा के भाकपा-माले प्रत्याशी विनोद सिंह बतौर वक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि देश भर में इंडी गठबंधन की एकता उत्तर से दक्षिण-पूरब से पश्चिम तक मजबूत हुई है। कोडरमा में यह चुनाव देश को आगे बढ़ाने के लिए हो रहा है। मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि कोरोना के समय हवाई चप्पल पहनने वालो को गठबंधन सरकार ने हवाई जहाज से वापस लाया था।

### कामडारा में जंगली हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त

**गुमला ।** जिले के कामडारा प्रखंड के सरिता गड़हा टोली गांव में रविवार अहले सुबह करीब तीन बजे एक जंगली हाथी ने उत्पात मचाते हुए सुरजू कोंगाड़ी और मगदली कोंगाड़ी के मकान को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया । सड़क के दूसरे भाग में स्थित यहां मात्र दो ही कच्चा खपड़ैल मकान स्थित है । दोनों मकानों को हाथी ने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया । जिसके कारण घरों के अंदर रखे सभी घरेलू सामान व अनाज बर्बाद हो गया । अब दोनों पीड़ित परिवार वालों के समक्ष रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है । सरिता पंचायत में कुल 18 टोली है । सरिता व गोहराम के बीहड़ जंगल सारंडा को जोड़ता है और सरिता पंचायत के करीब सभी गांव - टोली जंगल से घिरे हैं । इसके कारण सालो भर इस इलाके में जंगली हाथियों का आना-जाना लगा रहता है ।

# मोटरसाइकिल लूटने वाला बरियातु से गिरफ्तार, बाइक भी बरामद

**छापेमारी के क्रम में बरियातु थाना क्षेत्र के एदलहातु स्थित मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से लूटी गई मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एवाई/ 2210 को बरामद कर लिया गया**




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत भेलवाटांड़ तीनमुहान के निकट से लूटी गई मोटरसाइकिल को खलारी थाना पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही लूट को अंजाम देने के एक आरोपित को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में खलारी थाना पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गत 20 अप्रैल को भेलवाटांड़ तीनमुहान मेन रोड के पास से खलारी के ही रमेश गंझू व भरत कुमार से अपराधियों ने टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एवाई/ 2210 लूट लिया था। इस संबंध में खलारी थाना काड संख्या 44/2024 दर्ज किया गया। वरीय पुलिस पदाधिकारियों के आदेशानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजयकुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के क्रम में बरियातु (रांची) थानाक्षेत्र के एदलहातु स्थित मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से लूटी गई मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल संख्या जेएच01एवाई/ 2210 को बरामद कर लिया गया, साथ ही लूट के आरोपित फैसल अंसारी (19 वर्ष) उर्फ राईडर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी फैसल गोन्दा थानाक्षेत्र के विठा बस्ती, पुरानी मस्जिद के निकट का रहने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि फैसल ने अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर अन्य अपराधिक घटनाओं को भी अंजाम दिया है। सभी संलिप्तों का सत्यापन कर लिया गया।

## हजारीबाग लोस सहित इंडिया गठबंधन संपूर्ण भारत में जीतेगी : डॉ मेहता




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** - हजारीबाग सहित झारखंड के सभी सीटों पर 2024 के चुनाव में मजबूत स्थिति में है हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल निश्चित जीतेंगे। यह आकलन समीकरण सामर्थ्य आचरण के आधार पर किया जा रहा है हजारीबाग लोकसभा में पांच विधानसभा है जिसमें पांच में चार विधानसभा गठबंधन के पाले में जीता हुआ है एक विधानसभा हजारीबाग में मैं उप विजेता हूं यह बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता हजारीबाग विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकारिणी के सभा में कहा। मेहता ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में कांग्रेस का जीत निश्चित है बाकी 13 झारखंड के लोकसभा में इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है इस लोकसभा में पिछले लोकसभा के तुलना में तिन गुना मत कांग्रेस को मिलेगा। संपूर्ण भारत में दो तिहाई मतों से इंडिया गठबंधन जीतेगी और भारत के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी होंगे। सभा में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के प्रभारी अजय सिंह लोकसभा जीतने के लिए अनेकों सुझाव दिए मंच का संचालन हजारीबाग के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**खूंटी।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान तथा निर्वाचन संबंधी जागरूकता जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सखी मंडल की दीदियों द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए खूंटी प्रखंड के ग्रामीण मतदाताओं को लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके मताधिकार के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि एक एक वोट लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, आपका एक वोट अमूल्य है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप, 1950 सी विजील ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

**लापुंग के जमनी टोली में पेयजल को लेकर मचा हाहाकार**

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग

**मोटर जलने के बाद अब पैनल का पाईप फटा। जलमीनार में पानी नहीं चढ़ रहा। नदी से बालू कोड़कर पानी निकालने के लिए लोग मजबूर**



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के खटंगा जमनीटोली में पेयजल को लेकर मचा हाहाकार। जल मीनार में लगी मशीन खराब होने के कारण 1 महीने से अधिक समय से पेयजलापूर्ति ठप्प हो गई है। गांव की समाजसेवी सुषमा खलखो ने बताया कि एक बार पानी मशीन को बनाया गया बाद में वह मशीन जल गया और पैनल का दो पाइप फट गया। इसके कारण टंकी में पानी नहीं चढ़ रहा है। अब 1 महीने से अधिक समय से गांव में पेयजल को लेकर हाहाकार मच गया है। एकमात्र जलमीनार से पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गई है। वहीं दूसरी ओर जीतु उरांव ने कहा कि जलमीनार से पानी नहीं आने के कारण गांव की महिलाएं दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेयजल ही नहीं गांव वालों को सरकारी योजनाओं का लाभ बहुत कम मिल पाता है। वहीं गांव की समाजसेवी सुषमा खलखो एवं महादेव उरांव ने कहा कि बूंद बूंद पानी को लेकर जमनी टोली के लोग तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि मजबूरी में जमुनी नदी में बालु हटाकर पीने के लिए लोग प्रदूषित पानी लाने को मजबूर हैं। गांव के फूलचंद उरांव, बंधनी उरांव, सिबनी उरांव, सरुआ उरांव, बतिया उरांव, मंगरी उराईन, सुनीता एक्का, शोभा धनवार, सृष्टि कच्छप, सांजो उरांव, पिंकी कुमारी, संगीता कुमारी, प्रतिमा तिर्की, सीमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, करमी उरांव, रईया उरांव, सुकरा उरांव,संदीप लोहरा सहित अन्य लोगों ने गांव में बैठक कर मुखिया और विधायक सहित जनप्रतिनिधियों तथा पेयजल एवं स्वच्छता के पदाधिकारियों से गुहार लगाई है कि अविलंब जमनी टोली में जलमीनार से पेयजलापूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### रंगदारी मांगने सहित अन्य तीन मामलों में चार गिरफ्तार

**दुमका।** ओम ट्रेवल्स के मालिक से रंगदारी मांगने सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग मामलों का उद्भेदन करते हुए दुमका पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने रविवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि दुमका शहर के न्यू बाबुपाडा निवासी ओम ट्रेवल्स के मालिक महेश कुमार नारनोलि को अज्ञात अपराधियों ने फोन कर रंगदारी की मांग की गई थी। रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान मारने की धमकी भी दी थी। मामले में नगर थाना पुलिस महेश कुमार नारनोली के लिखित शिकायत पर 12 अप्रैल को मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई थी। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने 27 अप्रैल को जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुधानी, ठाढ़ी खसिया एवं जरमुंडी थाना क्षेत्र के डोमनाडीह गांव से कुल चार अपराधियों की गिरफ्तारी करने में सफल रही।

## एसवीएम में संकुल शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली में संकुल स्तरीय शिशु वाटिका आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ अतिथिगण सरिता कुमारी, प्रांतीय सह प्रमुख, वाटिका शिक्षा, संकुल संयोजक, डॉक्टर बी के विश्वकर्मा, रश्मि कुमारी, विभाग प्रमुख , संगीता कुमारी, संकुल प्रमुख चतरा, विद्यालय के सदस्य, संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा मां भारती, माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यशाला में सरिता कुमारी,प्रांतीय सह प्रमुख ने बताया कि चित्र के द्वारा शिशु वाटिका के बच्चों को हम धार्मिक बातों की जानकारी के साथ- सर्वांगीण विकास कैसे कर सकते हैं' मौके पर संकुल संयोजक,डॉक्टर बी के विश्वकर्मा ने कहा- शिशु वाटिका के बच्चों को क्ले एवं मिट्टी के माध्यम से कलाकृति बनाकर उन्हें शिक्षा प्रदान करें ' वही रश्मि कुमारी, विभाग प्रमुख ने विभिन्न प्रकार के क्रिया आधारित शिक्षण के द्वारा बहनों के योग्यता विकास की बात कही। 'उन्होंने आनंदमय शिक्षा, मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन ने कहा शिशुओं के सीखाने की 12 व्यवस्थाओं के माध्यम से शिशुओं को हम शिक्षा प्रदान करें ।

**स्थानीय विधायक ने वैष्णवी बैंक्वेट हॉल का किया उद्घाटन**

# सिल्ली विधानसभा अब मिनी शहर के रूप में विकसित हो रहा है : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन स्टेशन रोड सिल्ली में संध्या करीब 7 बजे झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने वैष्णवी बैंक्विट हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दरमियान उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखते हुए उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा अब शहर के मुकाबले सभी सुख सुविधाओं में आगे बढ़ रहा है। ग्रामीणों को हर जरूरत अब पूरी हो रही है। सिल्ली विधानसभा अब मिनी शहर के रूप में विकसित हो रहा है। आधुनिक समय में सिल्ली एक मॉडल के रूप में अग्रसर है। वही बैंक्विट हॉल के संचालक विनय साव एवं विजय साव ने बताया कि यह हाल सभी सुख सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्मित किया गया है। लोग कोई भी कार्यक्रम कम खर्चे में संपादित कर सकते हैं। इसके निर्माण होने से आसपास के लोग काफी लाभान्वित होंगे तथा अब उन्हें शहर की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस मौके पर नीलम देवी, प्रीति साव, मनोज साव, संजय मंडल, नेपाल साव, बबलू साव समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**बेड़ो में लो वोल्टेज को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन को घेरा**

# निराकरण नहीं होने पर कल से पूरे इलाके का विद्युत आपूर्ति ठप्प करा दी जाएगी

**भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर, इन्वर्टर तथा पानी मशीन जल जा रहे हैं। सामान्य कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बिजली की समस्याओं से त्रस्त आक्रोशित ग्रामीणों ने बेड़ो के विद्युत सब स्टेशन का सांकेतिक घेराव किया और बेड़ो प्रखंड में लो वोल्टेज की समस्याओं का अभिलंब समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि अनियमित विद्युत आपूर्ति और लो वोल्टेज से खेतों की सिंचाई, पेयजलापूर्ति सहित सभी तरह के कुटीर उद्योग काफी प्रभावित है। सभी तरह का कामकाज ठप्प पड़ गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुखिया नीरज कुजूर एवं जरिया पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो के संयुक्त नेतृत्व में बेड़ो विद्युत सब स्टेशन का सांकेतिक घेराव कर सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप करा दी। ग्रामीणों ने चेतावनी दिया कि अगर विद्युत व्यवस्था को ठीक-ठाक नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी। घेराव की सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के महामंत्री वाणी कुमार राय भी विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे और समस्याओं की जानकारी ली। उधर समाजसेवी ब्रजेश कुमार महतो ने बताया कि लो वोल्टेज से बेड़ो सहित आसपास के दर्जनों गांवों में खेती किसानी का काम ठप्प पड़ गया है। व्यवसाय सहित बच्चों की पढ़ाई ठप्प पड़ गई है। कुटीर उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी में लो वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर, इन्वर्टर तथा पानी मशीन जल जा रहे हैं। सामान्य कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गए हैं। नीरज कुजूर ने कहा कि अगर विद्युत विभाग के पदाधिकारी 24 घंटे के अंदर तकनीकी खराबी दूर नहीं करते और लो वोल्टेज की समस्याओं से लोगों को निजात नहीं मिलता तो बहुत जल्द विद्युत सब स्टेशन में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं दुरभाष विद्युत विभाग के एसडीओ प्रशांत कुमार, कनीय अभियंता अशोक प्रियदर्शी, एक्सक्यूटिव इंजीनियर हिमांशु कुमार से स्थानीय मुखिया, हिंदू जागरण मंच के वाणी कुमार राय तथा कृषक मित्र ब्रजेश कुमार महतो ने वातार्लाप किया।

## महिला डेंटल सर्जन का हाथ मरोड़ने वाले बड़ा बाबू पर प्राथमिकी दर्ज



मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक व बड़ा बाबू के बीच हुआ था विवाद

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में महिला डेंटल सर्जन डॉ जेनी सिंह के साथ दुर्व्यवहार करना सीएचसी के बड़ा बाबू नकी अहमद को काफी महंगा पड़ गया। नकी अहमद के खिलाफ रविवार को मांडू थाने में प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। झासा के पदाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए भी काफी मशक्कत की। मांडू थाने में डॉक्टर जेनी सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में यह बताया गया है कि 18 अप्रैल को बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा डॉक्टर का हाथ मरोड़ा गया और उनसे मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। डॉ जेनी सिंह ने पुलिस को दिए गए आवेदन में लिखा है कि नकी अहमद के द्वारा डॉक्टर अनुभा कुमारी, डॉ मनीषा कुमारी के साथ भी अभद्र व्यवहार और बदतमीजी की जा चुकी है। नकी अहमद हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं और वे कई बार चिकित्सक को प्राथमिकी नहीं दर्ज करने के लिए धमकी भी दे चुके हैं। डॉक्टर जेनी ने पुलिस को यह भी बताया है कि वह अपनी 7 साल की बेटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रहती हैं। नकी अहमद के व्यवहार की वजह से उन्हें अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता भी अधिक है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदस्थापित अधिकतर कर्मचारी नकी अहमद के खिलाफ नहीं बोलते क्योंकि सभी उनसे डरते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी की बेटी ने पूरी की बैचलर आफ डेंटल सर्जरी, मिला सर्टिफिकेट




**खलारी।** खलारी की बेटी स्मिता सिंह ने अपनी बैचलर आफ डेंटल सर्जरी की पढ़ाई पूरी कर ली है। ऋषिराज कालेज आफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल (मप्र) में आयोजित 11वां बीडीएस ग्रेजुएशन डे 2024 में स्मिता को बीडीएस का सर्टिफिकेट दिया गया। अध्यक्ष, म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, प्रो. भरतशरण सिंह तथा सदस्य, डेंटल काउंसिल आफ इंडिया, डा चंद्रेश शुक्ला ने डा स्मिता सिंह को सर्टिफिकेट तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। स्मिता के पिता कमलेशकुमार सिंह सीसीएलकर्मी होने के साथ सीसीएल के जेसीएससी सदस्य हैं। वहीं माता सुनीता सिंह गृहणी हैं। स्मिता ने डीएवी खलारी से 10वीं तथा बनारस से 12वीं की पढ़ाई पूरी है। स्मिता की इस उपलब्धि पर खलारी, डकरा के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

### मुड़मा ईदगाह मस्जिद के मोआज्जिन को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत



**मांडर।** मुड़मा चौक ईदगाह मस्जिद के मोआजिम शौकत अंसारी की मौत ट्रैक्टर के चपेट में आने से हो गई। घटना रविवार सुबह सवा चार बजे की है। सौकत अंसारी ईदगाह मस्जिद में मोआज्जिन थे। वह फज्र की अजान देने जा रहे थे। मस्जिद की गेट में घुसने ही वाले थे की मांडर की ओर से जानेवाले ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। ईलाज के लिए मंडार स्थित अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मांडर थाना में केस दर्ज किया गया है। पुलिस अपराधी की खोज कर रही है। जनाजे और मिट्टी में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौलाना रफीक साहब, समाजसेवी शमीम अख्तर आजाद, हाजी शाकिर इस्लाही, समीम अख्तर, आबिद अंसारी, फिरोज अंसारी अमानत अंसारी एवं सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### डीएवी विद्यालय सिल्ली में आपातकालीन सुरक्षा संबंधित प्रशिक्षण दिया गया



**सिल्ली/मुरी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल सिल्ली में रविवार को आग लगने पर आपातकालीन सुरक्षा से संबंधित जानकारी अजय मिंज (आर्मी आफिसर), विजय कुमार और पीयूष कुमार के द्वारा दी गयी। प्राचार्या बुबुन शरण तथा विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने प्रयोग के माध्यम से आग से हम किस तरह बचाव कर सकते हैं, इसका प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे संबंधित बहुत सारी चीजों की जानकारियां हासिल की। इस प्रशिक्षण के माध्यम से हमारे आस- पडोस में हो रही छोटी - मोटी घटनाओं को रोकने में हमलोग सक्षम हो सकते है तथा हम उनकी सुरक्षा एवं उनकी मदद भी कर सकते हैं। यह प्रशिक्षण हम सभी के लिए बहुत कारगर साबित होगा। सभी अतिथियों को मोमेंटो तथा मुख्य अतिथि को प्राचार्या महोदया के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया । इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

### लापुंग जहाना टंगरा टोली में ट्रांसफार्मर की चोरी, मौके पर पहुंचे डॉ. परमेश्वर भगत



**लापुंग।** प्रखंड अंतर्गत जहाना टंगरा टोली में ट्रांसफार्मर की चोरी की खबर जैसे ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत को मिली इन्होंने उस गांव में जाकर पीड़ित लोगों से मिला। लोगों ने डॉ परमेश्वर भगत को अवगत कराया कि हमारे यहां मुख्य रूप से पेयजल की समस्या साथ ही बिजली की समस्या बहुत ही बड़ा रूप धारण की हुई है, इस भीषण गर्मी में इस गांव के अलावा आसपास के गांव भी पेयजल एवं बिजली की समस्या से ग्रसित है । ऐसी स्थिति में हमारे गांव से ट्रांसफार्मर का चोरी हो जाना मानो हमारा जीवन स्तर रूक जाने के समान है। डॉ परमेश्वर भगत ने ग्राम वासियों को बताया कि पानी एवं बिजली का समस्या आपात समस्याओं में से एक होती है इसकी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय अधिकारियों का नजर हमेशा होना चाहिए लेकिन दुर्भाग्यवस हमें यह देखने को नहीं मिलता है। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को भरोसा दिलाया कि इन सभी समस्याओं को संज्ञान में लेकर विभाग की वरीय अधिकारी के पास बात रखी जाएगी एवं जल्द से जल्द समस्याओं का निदान हो ऐसा प्रयासरत रहूंगा।

### मेसरा में मां रक्षा काली की पूजा 7 मई को



**रांची।** बीआईटी के पास मेसरा गांव में हर साल की भांति इस साल भी धूमधाम से मां रक्षा काली की पूजा होगी। इसकी तैयारी जोर-शोर शुरू कर दी गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवान शेखर ने बताया कि सात मई को मां रक्षा काली की पूजा होगी। पूजा रात 12 बजे शुरू होगी। अगले दिन मूर्ति विसर्जन होगा।

# डीसी ने की नामांकन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा

*चुनाव को लेकर कार्मिक कोषांग के कार्यों का हुआ मॉक ड्रिल*

*रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आज जारी होगी अधिसूचना*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को कार्मिक कोषांग के कार्यों का मॉक ड्रिल करते हुए नामांकन से जुड़ी तमाम तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से क्रमवार जानकारी ली और उनको दिए उत्तरदायित्व के बारे में पूछा। साथ ही, कई दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए सोमवार (29 अप्रैल) को अधिसूचना जारी होगी।

उपायुक्त (डीसी) ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। चुनाव के दौरान समाहरणालय परिसर में अनावश्यक रूप से भीड़ नहीं लगे। पार्किंग व्यवस्था और अन्य सभी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि समाहरणालय ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र, कमरा संख्या- 202 निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष रहेगा। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या-312 से कार्यालय अवधि (सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक) नामांकन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। निर्वाचन के लिए समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है, जहां नामांकन पत्र दाखिल होगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग अफसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। इसके बाद कमरे के अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सह निवार्ची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची सह निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली विधानसभा क्षेत्र राम नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी भी उपस्थित थे।

# मारवाड़ी समाज कल राजस्थान के सीएम को करेगा सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संपूर्ण मारवाड़ी समाज ने आगामी 30 अप्रैल को शाम 7:30 बजे मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया है। इसमें मारवाड़ी समाज की सभी संस्थाएं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को सम्मानित करेंगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सुरेश चंद्र अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मारवाड़ी समाज एक ज्ञापन भी सौंपेगा। कार्यक्रम के उपरांत अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई है। सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक स्वागत समिति का गठन किया गया है, जिसमें ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, शिव शंकर साबू, डॉ वीके जैन, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, नरेंद्र गंगवाल, विष्णु सेन, रमेश शर्मा, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, विनीता सिंघानिया, आशीष अग्रवाल, सौरभ बजाज, हेमंत महेश्वरी आदि को शामिल किया गया है। संजय सर्राफ को प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है। अनिल कुमार अग्रवाल को मंच सज्जा एवं अजय खेतान को भोजन व्यवस्था का प्रभार दिया गया है। यह जानकारी सम्मान समारोह कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## सुप्रभात रांची



मैं रांची में कांके डैम के पास रहता हूं। डैम में पानी की सतह पूरी तरह से जलकुंभी से ढक गई है, जैसे धानी रंग की गद्देदार कश्मीरी कालीन बिछी हो दूर दूर तक। डैम का पानी पिघले हुए काले स्फटिक की तरह चमक रहा है, जिसमें अनेक जीव-जंतु स्वतंत्र विचरण कर रहे हैं। किसी ने डैम के किनारे पर 'कचड़ा डैम' लिखा फ्लैक्स बैनर लगा दिया है। लोग नासमझ हैं। खामखां सरकार पर विला वजह अंगुली उठाते रहते हैं। उन्हें तो सरकार को धन्यवाद देना चाहिए। सरकार सिर्फ पानी का टैक्स लेती है, इस प्राकृतिक सौंदर्य का तो नहीं न? और, पानी से उठने वाली सुगंध अगर आप को दुर्गंध लग रही है, तो अपने नाक का इलाज करवाइए, जरूरत पड़े तो अपने नकारात्मक दिमाग का भी। यह गंध बहुत उपयोगी है। इसी गंध को सूंघ कर हम डैम के किनारे मॉर्निंग वाक करने वाले सीनियर सिटीजन अपनी सूंघने की शक्ति को परखते हैं। जब से सरकार ने फाइल सूंघने की ड्यूटी से फारिग कर दिया है, तब से सूंघने की शक्ति का निरंतर ह्रास हो रहा है। इसकी भरपाई इसी गंध को सूंघने से होता है, वह भी मुफ्त।

देव बिहारी शर्मा, आईपीएस,
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

### नेतरहाट में आयोजित हुई झारखंड चैंबर की कार्यकारिणी बैठक में बोले अध्यक्ष

# अपने प्रमंडलों में गतिविधियों का नियमित आयोजन करें

*गोला में औद्योगिक क्षेत्र के लिए जियाडा से होगी वार्ता*

*न्यूनतम मजदूरी दर को व्यावहारिक बनाने का होगा हर संभव प्रयास*




**चुनावी महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें : किशोर मंत्री**

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी व्यापारियों व उद्यमियों से चुनावी महापर्व में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। यह कहा कि व्यापारी लोकतंत्र के पर्व को त्यौहार की तरह मनाएं।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की कार्यकारिणी समिति की बैठक रविवार को नेतरहाट में संपन्न हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में रांची से 30 सदस्यों के अलावा गुमला, बंशीधरनगर, नगर उंटारी, गढ़वा, रामगढ़, गोड्डा के चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में संथाल परगना क्षेत्र में उद्योगों के लिए भूमि की कमी से हो रही समस्या तथा साहेबगंज में खासमहल की समस्या पर चर्चा हुई। राज्य के विभिन्न जिलों में लगातार लोड शेडिंग की बनी हुई समस्या के साथ ही उद्योगों को बैंको से ऋण लेने में होने वाली कठिनाइयों से भी सदस्यों ने अवगत कराया गया। राज्यस्तर पर चैंबर की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से अपने-अपने प्रमंडलों में नियमित रूप से गतिविधियों का आयोजन करने की बात कही। साथ ही, सदस्यता संख्या में वृद्धि के लिए कार्रवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान यह भी संज्ञान में लाया गया कि चुनाव ड्यूटी के कार्यों में संलग्नता के कारण गुमला में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखाएं प्रायः दोपहर में बंद कर दी जाती हैं। इस कारण व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। यदि चुनाव ड्यूटी है, तब बैंक द्वारा एक-दो जिम्मेवार कर्मचारियों की बैंक में उपलब्धता रखनी चाहिए, ताकि व्यापारियों का लेन-देन कार्य प्रभावित न हो। व्यापारियों की वास्तविक समस्या को देखते हुए चैंबर अध्यक्ष ने इस मामले में डीजीएम से वार्ता के लिए आश्वस्त किया। रामगढ़ के गोला में औद्योगिक क्षेत्र की मांग पर भी उन्होंने जियाडा से वार्ता की बात कही। न्यूनतम मजदूरी दर में की गई अव्यावहारिक बढ़ोतरी के विभागीय निर्णय पर सकारात्मक कार्रवाई के लिए जिले के व्यापारियों ने झारखंड चैंबर के प्रयासों की सराहना की। चैंबर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि विभाग द्वारा गठित कमिटी के माध्यम से झारखंड चैंबर द्वारा प्रदेश में न्यूनतम मजदूरी दर को व्यावहारिक बनाने का हरसंभव प्रयास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जिले के व्यापारियों से भी अपने सुझाव चैंबर को प्रेषित करने का आग्रह किया। नेतरहाट में चैंबर की कार्यकारिणी समिति की बैठक को आयोजित कराने में चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया और रोहित पोद्दार ने मुख्य भूमिका निभाई। इस बैठक में व्यापारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति के लिए उन्होंने संयुक्त रूप से सदस्यों का आभार जताया। यह भी आश्वस्त किया कि चैंबर द्वारा लगातार राज्य के अन्य जिलों में बैठकों का आयोजन किया जाएगा। रांची से बाहर के जिलों में चैंबर की कार्यसमिति की बैठक के आयोजन को उपयुक्त बताते हुए पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी ने कहा कि चैंबर को ऐसे प्रयास निरंतर करते रहने चाहिए। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित महेश्वरी, अमित साहू, प्रीतम गाडिया, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, सुनील केडिया, प्रवीण लोहिया, नवीन गाड़ोदिया, संजय अखौरी, विमल फोगला, सुनील सरावगी, साहित्य पवन, डॉ अभिषेक रामाधीन, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, उप समिति चेयरमेन शशांक भारद्वाज, अनिश बुधिया, विकास झाझरिया, मनोज मिश्रा, संतोष अग्रवाल, राजीव चौधरी, मुकेश पांडेय, रमेश साहू, नवीन जैन, राजीव थेपड़ा, कुणाल विजयवर्गीय, सुनील पोद्दार, अजय मंत्री, प्रदीप मंत्री, कन्हैयालाल गुप्ता, हृदयानंद कमलापुरी, थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष विक्रम खेतावत, गुमला चैंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा, बंशीधर चैंबर के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर के अलावा अन्य कई व्यापारी उपस्थित थे। बैठक को सफल रूप से व्यवस्थित बनाने में चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी और सदस्य अनीश बुधिया का विशेष योगदान रहा।

**मेंबर्स कमेटी व उपाध्यक्ष से कार्रवाई की मांग**

सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने चैंबर की गतिविधियों से अवगत कराते हुए राज्य के प्रत्येक जिलों में सदस्यता संख्या के विस्तार के प्रयासों में गति लाने के लिए जरूरी प्रयास के लिए मेंबर्स एक्सटेंशन कमिटी और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष से कार्रवाई का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने फेडरेशन की गतिविधियों में जिलों के व्यापारियों से सहभागी बनने की अपील की। गुमला शहर के बढ़ते विस्तार को देखते हुए व्यापारियों ने शहर में आगजनी जैसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए शहर में अग्निशामक वाहनों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता बताई। साथ ही, सिक्कों की कमी से हो रही परेशानी से भी अवगत कराया। इसपर सह सचिव शैलेष अग्रवाल ने कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रेमी संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या, तीन गिरफ्तार



**रांची।** ओरमांझी थाने की पुलिस ने अपने ही पति की हत्या करने के मामले में पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सीता देवी, प्रेमी सनोज कुमार महतो और प्रेमनाथ महतो शामिल हैं। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, टांगी एवं अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 23 अप्रैल को दिन के करीब 10:00 बजे सपाही नदी के श्मशान घाट में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान ओरमांझी स्थित डहु निवासी अशेश्वर महतो के रूप में की गई थी। मृतक की पत्नी सीता देवी के आवेदन पर ही पुलिस ने अशेश्वर महतो की खोजबीन शुरू की थी। एसएसपी ने बताया कि ओरमांझी थाने में एक महिला ने आवेदन दिया था कि उसका पति गायब है।

### रांची में लूट की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** खलारी थाना पुलिस ने एक आरोपी फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लूट की टीवीएस राइडर बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि अपराधियों ने खलारी के भेलवाटांड़ गांव के तीन मुहान मेन रोड के पास रमेश गंझू और भरत कुमार की टीवीएस राइडर बाइक को लूट लिया था। इस संबंध में खलारी थाने में 21 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम ने लूटी गई बाइक को बरियातू के एदलहातु मां मृत्युंजय मंदिर के नीचे से बरामद किया। साथ ही, फैसल अंसारी उर्फ राइडर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी साथियों के साथ मिलकर अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

### 'शब्दकार' ने किया ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन




**रांची।** 'शब्दकार' ने रविवार को ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें तीस से ज्यादा कवि एवं कवयित्रियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आरंभ संगीता कुजारा टॉक के स्वागत उद्बोधन से हुआ। सर्वप्रथम पी स्मिता ने सरस्वती वंदना की। इसके बाद कविता 'गुनगुना लूं कुछ ऐसी गजल लिख रही हूं, मैं नगमों में खुद को खुद ही लिख रही हूं ...' सुनाकर सबका मन मोह लिया। फिर अर्पणा सिंह ने अपनी रचना सुनाई, 'देखो आज ये धरा कैसी आग उगल रही है, झुलस रही है खुद भी, हमें भी झुलसा रही है!' रश्मि सिंह ने सुनाया, 'ये धरा पुकारती, है ये गगन पुकारता। बख्श दो अब हमें, करो न यूं नष्ट हमें, है चमन पुकारता।' रंजना वर्मा उन्मुक्त ने लोकतंत्र के पावन पर्व पर सभी नागरिकों को अपना कर्तव्य निभाने को प्रेरित करते हुए अपनी इस रचना को कहा, 'आया वक्त चुनाव का, करना है मतदान। पर्व राष्ट्रीय यह बड़ा, इसका हो सम्मान।' इसके साथ ही, कई अन्य कवि और कवयित्रियों ने भी अपनी रचना सुनाई। इसके अलावा, बहुत सारे अन्य कवि, श्रोता और दर्शक इस गोष्ठी में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संगीता कुजारा टॉक ने किया।

### शारदा ग्लोबल स्कूल के संस्कार राय को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन की उपाधि

**रांची।** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में धुर्वा स्थित जिला संघ के ऑफिस ( एसवी पब्लिक स्कूल) में ताइक्वांडो बेल्ट और प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन झारखंड ताइक्वांडो संघ के वाइस प्रेसिडेंट मिथलेश कुमार सिंह ने किया। इसमें जिला के चयनित ताइक्वांडो प्लेयर को बेल्ट और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसवी पब्लिक स्कूल के सुरेंद्र विश्वकर्मा, केंद्रीय विद्यालय स्कूल एचईसी धुर्वा के अविनाश राम, कैरली स्कूल की प्रीतम कुमारी, नामकुम क्लब के विजय शंकर तिवारी उपस्थित थे। सबसे पहले शारदा ग्लोबल स्कूल के 9वीं कक्षा के छात्र संस्कार राय को ब्लैक बेल्ट प्रथम डॉन का प्रमाणपत्र और बेल्ट दिया गया। इसके बाद आदित्य शर्मा, राहुल सिंह, आदित्य ठाकुर, पूजा कुमारी,

### बौद्धिक संपदा को समझें और संरक्षित करें

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस पर रविवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विभाग के अध्यक्ष प्रो विमल किशोर ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो किशोर ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस का उद्देश्य लोगों को पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे इस मूल्यवान संपदा को समझें और संरक्षित करें। वर्ष 2024 की थीम पर चर्चा करते हुए शिक्षा स्कूल के डीन, प्रो तपन कुमार बसंतिया ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा अधिकार दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे हम समझ सकते हैं कि बौद्धिक संपदा कैसे नवाचारिक और रचनात्मक समाधानों को प्रोत्साहित करती है और एक साझा भविष्य के निर्माण में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# श्री श्याम मंडल, रांची की समीक्षा सभा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव के संपन्न होने पर रविवार को मंदिर के सभागार में समीक्षा सभा की गई। ज्ञात हो कि हाल ही में महोत्सव का आयोजन श्री श्याम मंडल, रांची ने किया था। सभा में मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। मंडल के कोषाध्यक्ष ने श्याम फाल्गुन सतरंगी मोहत्सव के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। सदस्यों ने मंडल की भावी प्रगति के लिए अपने सुझाव रखे। मंडल के मंत्री धीरज बंका ने मंडल द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का विवरण सभा को बताया। धन्यवाद ज्ञापन मंडल के उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया ने किया। आज की सभा में गोपी किशन ढांढनियां, रमेश धरणीधरका, राज कुमार जालान, गौरव पसुरामपुरिया, अरुण धनुका, राजेश सारस्वत, अजय साबू, नितेश केजरीवाल, विकाश पाड़िया, ज्ञान प्रकाश बागला, अमित जालान व अन्य उपस्थित थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी का 147वां निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारा

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी की वरिष्ठ सदस्या शकुंतला केजरीवाल, उनके पुत्र मनोज केजरीवाल, पुत्रवधू मीनू केजरीवाल तथा बेटी एवं दमाद अंजना व आंनद बेरीवाल और उनके परिवार के सौजन्य से रविवार को 147वें निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। बच्चों के जन्मदिवस के अवसर पर अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन हुआ था। अन्नपूर्णा भंडारे में लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आज के अन्नपूर्णा प्रसाद भंडारे की सेवा में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पूर्णमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, बिमल मोदी, विष्णु सोनी, पार्थ, रिषभ बेरीवाल, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ), प्रेम कुमार, चंद्रदीप साहु, परमेश्वर साहु, हरीश कुमार, महेश वर्मा, महिला समिति की शकुंतला केजरीवाल, चंदा देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, अंजना बेरीवाल आंचल बेरीवाल, अमिता जालान, मानसी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक मई से लागू होगी पार्किंग की नई व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के वाहन पार्किंग एवं आवागमन में बढ़ती परेशानियों को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक मई से वाहन आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था में बदलाव किया है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम को कम करने के लिए पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के सामने 350 वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित किया है। इस संबंध में एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में एयरपोर्ट पार्किंग शुल्क के लिए एक निर्धारित स्वचालित व्यवस्था लागू होगी। वहीं, अनधिकृत वाहन पार्किंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित उपाय किया जाएगा। एक मई से प्रभावी होने वाले आवागमन एवं पार्किंग व्यवस्था में संशोधन किया गया है। एयरपोर्ट के अंदर जिस रास्ते से एंट्री होती है, उसका इस्तेमाल अब बाहर जाने के लिए होगा। वहीं, जिस रास्ते से विमान यात्रियों के वाहन निकलते हैं, उससे अब विमान यात्रियों के वाहन प्रवेश करेंगे। एयरपोर्ट में प्रवेश से निकासी तक निजी वाहनों के लिए कुल निःशुल्क समय 10 मिनट होगा, जो पहले आठ मिनट निर्धारित था। टर्मिनल भवन के सामने पिकअप और ड्रॉप के लिए अधिकतम पांच मिनट का समय निर्धारित किया गया है तथा यह पांच मिनट भी निःशुल्क 10 मिनट का ही भाग होगा। अब चार चक्का वाहन के लिए दो घंटे से अधिक पार्किंग करने पर प्रति घंटा 10 रुपये अधिक लगेगा। वहीं, टू व्हीलर के लिए पांच रुपये प्रति घंटा चार्ज लगेगा। सात घंटे से लेकर 24 घंटे तक पार्किंग करने पर 300 प्रतिशत 30 मिनट से लेकर 120 मिनट स्लैब का निर्धारित शुल्क लगेगा। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के सामने तीन लेन होंगे। लेन-1 से निकलने वाले निजी वाहन को 10 मिनट के लिए चार्ज नहीं लगेगा। लेन-2 में 10 मिनट से अधिक होने पर 30 रुपये, लेन-3 में कॉमर्शियल वाहनों की पार्किंग के समय के अनुसार शुल्क लगेगा।

**वाहन पार्किंग शुल्क (10 से 30 मिनट के लिए)**

| | |
|---|---|
| कोच/बस/ ट्रक (पिकअप और ड्रॉप के लिए) | 170 रुपये |
| ऑटो/ एसयूबी/ मिनी बस | 60 रुपये |
| कॉमर्शियल कार (जो एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अधिकृत है) | 20 रुपये |
| कॉमर्शियल कार (जो एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अधिकृत नहीं है) | 92 रुपये |
| प्रीमियम कार पार्किंग | 75 रुपये |
| निजी कार/एसयूबी | 30 रुपये |
| टू व्हीलर | 10 रुपये |

### रांची में खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह 2022-23 का आयोजन

# टाटा स्टील की आयरन ओर माइंस ने जीते 10 पुरस्कार

*नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 माइंस ग्रुप में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया*

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन और विजया-2 आयरन माइन ने शनिवार को रांची में भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित 30वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण (एमईएमसी) सप्ताह, 2022-23 के अंतिम दिन के कार्यक्रम में 10 पुरस्कार जीते। नोआमुंडी आयरन माइन को ए-1 ग्रुप ऑफ माइंस में समग्र प्रदर्शन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इसी तरह, माइंस को इसी समूह में तीन अन्य श्रेणियों - खनिज संरक्षण, माइंस बेनिफिसिएशन और सतत विकास - में विजेता घोषित किया गया। इसके अलावा, ए-1 ग्रुप के तहत वनीकरण और पुनर्ग्रहण एवं पुनर्वास श्रेणी में उपविजेता का पुरस्कार नोआमुंडी आयरन माइन को प्रदान किया गया। विजया-2 आयरन माइन को व्यवस्थित और वैज्ञानिक खनन में विजेता घोषित किया गया और दो श्रेणियों - वेस्ट डंप मैनेजमेंट और प्रचार तथा प्रसार - में ए-1 समूह में उपविजेता घोषित किया गया। टाटा स्टील ने स्टॉल डिस्प्ले में प्रथम पुरस्कार जीता, जिसे खदानों और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए इस अवसर पर लगाया गया था। टाटा स्टील के अधिकारियों ने आईबीएम के पूर्वी क्षेत्र के खान नियंत्रक शैलेंद्र कुमार से पुरस्कार प्राप्त किए, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 75 पुरस्कार दिए गए, जिसमें राज्यभर की 31 माइंस ने भाग लिया।

इस अवसर पर आईबीएम के रांची क्षेत्र के क्षेत्रीय खान नियंत्रक सलिल संदीप कुजूर, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के निदेशक संजीव कुमार सिंह, टाटा स्टील के जेनरल मैनेजर (ओएमक्यू) अतुल कुमार भटनागर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के गुआ आयरन माइन के चीफ जेनरल मैनेजर (सीजीएम) कमल भास्कर, सेल के किरीबुरू आयरन माइन के सीजीएम कमलेश राय, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर आरआर अंबष्ठ, हिंडाल्को के जेनरल मैनेजर बासुदेव गंगोपाध्याय, टाटा स्टील के नोआमुंडी आयरन माइन के चीफ डी विजयेंद्र और राज्य भर की विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे। टाटा स्टील दुनिया भर में फैले अपने परिचालन के माध्यम से सस्टेनेबल माइनिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित, कंपनी उन्नत प्रौद्योगिकियों के माध्यम से रॉ मटेरियल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

# मानवाधिकार एसोसिएशन रांची शाखा का वार्षिकोत्सव संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन रांची जिला शाखा का 6वां वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह रविवार को प्रदेश प्रभारी रवींद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, जमशेदपुर, बोकारो, गढ़वा, पलामू, हजारीबाग सहित कई जिलों के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी और विशिष्ट अतिथि केके मिश्र थे। उन्होंने मानवाधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्य एवं पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संतोष पाठक, महासचिव विवेक मिश्र, कोषाध्यक्ष प्रदीप महनसरिया, प्रदेश प्रभारी रवींद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप पाठक, कन्हैयाताल भरतिया, प्रिंस कुमार, परेश बंडीभ्रमर, राजेश मिश्रा, आशीष अग्रवाल, अभिषेक चौधरी, संदीप गुप्ता, निर्भय कुमार, राजेश पांडेय, टिकू कुमार, अमर कुमार, शशिकांत सिंह, सुधीर प्रसाद, शैलेंद्र मिश्र, रास बिहारी पांडेय, समीर काटपाल, बृजेश तिवारी, विकास केशरी, राघवेंद्र मोहन सहित कई सदस्य उपस्थित थे।



# कोल्हान की धरती पर अदाणी के लिए वनाधिकार कानून में संशोधन : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी प्रचार में झारखंड आने हैं, झारखंड में उनका स्वागत है, लेकिन इस दौरान उनसे चार सवाल है,जिनका जवाब पीएम मोदी को देना चाहिए। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि राज्य के अपने अहम सवाल हैं, जिनका आदिवासी-मूलवासी ग्रामीण मोदी से जवाब चाहते हैं। रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में झामुमो प्रवक्ता बोल रहे थे। झामुमो केंद्रीय महासचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेवा जंगल में अदाणी के प्रवेश के बाद अब कोल्हान के सारंडा और पोडाहाट जंगल में भी अदाणी का प्रवेश कराने की तैयारी की जा रही है, इसके लिए वन अधिकार कानून में संशोधन किया गया है। संशोधन के लिए ग्राम सभा के शक्ति को ही शिथिल कर दिया गया। झामुमो नेता ने कहा कि कोल्हान की धरती पर भी पूंजीपतियों को आर्म्ड फोर्स के साथ उतारने की तैयारी की जा रही है और कोल्हान क्षेत्र में अदाणी या अन्य पूंजीपतियों को प्रवेश करा कर आदिवासी-मूलवासी और ग्रामीणों को उजाड़ दिया जाएगा। पीएम मोदी को यह भी बताना होगा कि कोल वेयरिंग एक्ट में क्यों संशोधन किया गया।



इसमें सोशल इंफेक्ट और एनवायरमेंट इंपैक्ट पार्ट को हटाया गया है। इस एक्ट से भी ग्राम सभा को शिथिल कर दिया गया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने पीएम मोदी से सवाल करते हुए कहा कि दस साल पहले तक एचईसी की स्थिति अच्छी थी। दस साल में ऐसा क्या हुआ कि एचईसी बंदी के कगार पर पहुंच गया है। एचईसी मनी रत्न इंडस्ट्रीज के रूप में जाना था। यह झारखंड ही नहीं पूरे एशिया की बड़ी कंपनी हुआ करती थी। एचईसी को लेकर पीएम मोदी का क्या योजना है,इसे सार्वजनिक करना चाहिए। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी के बयान के जिस मामले में कांग्रेस को नोटिस हुआ है, वह आर्थिक नीति पर था, लेकिन प्रधानमंत्री का बयान आपराधिक मामले का था। इसके बावजूद इलेक्शन कमीशन ने सीधे प्रधानमंत्री को नोटिस न करते हुए भाजपा अध्यक्ष को नोटिस भेजा। इलेक्शन कमीशन कितनी भी सहूलियत प्रधानमंत्री को प्रदान कर दें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुनाव के साथ जनता की नजर में भी हार चुके हैं। झामुमो नेता ने कहा कि पीएम मोदी आदिवासी-मूलवासी के मुद्दे पर क्या सोच रखते हैं, इसका जवाब देना चाहिए, क्योंकि झारखंड में हिंदू-मुस्लिम और मंगलसूत्र का एजेंडा नहीं चलेगा। यहां आदिवासी अस्मिता से जुड़े सवालों जिसमें सरना धर्म कोड प्रमुख है इस पर उन्हें जवाब देना होगा।

आमने सामने

# चुनाव में आर्थिक हेराफेरी के लिए खेलगांव में बनाया गया हेलीपैड : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला किया है। सरकार पर सत्ता एवं प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि सरकार की मंशा और नियत साफ नहीं है। सरकार चुनाव में हेरा फेरी के लिए बड़े पैमाने पर पैसे जमा कर रखे हैं। उस पैसे को लाने ले जाने के लिए अलग से हेलीपैड बनाया गया है। जिससे चुनाव में बड़े पैमाने पर अवैध आर्थिक हेरा फेरी की आशंका है। भाजपा मीडिया सेंटर में रविवार को प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए राज्य सभा सांसद कहा कि लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार अपने स्वार्थ के लिए कानून को ठेंगा दिखाकर हर काम कर रही है। भाजपा नेता ने कहा कि खेलगांव राज्य सरकार की संपत्ति है। चुनाव कार्य के लिए




इसका कैसे इस्तेमाल किया जा रहा है, यह स्पष्ट करना चाहिए। किस आधार पर यहां से हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ और लैंड करने की अनुमति मिली, इसकी जानकारी देनी चाहिए। झामुमो को यह बताना चाहिए तो उसने कब एयरपोर्ट अथॉरिटी को हेलीकॉप्टर लैंड करने और टेक ऑफ करने के लिए जगह मांगी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ने जगह देने से इनकार कर दिया। साहू ने कहा कि चुनाव में हर पार्टी समय प्रबंधन को लेकर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार करती है। हेलीकॉप्टर एयरपोर्ट से टेक ऑफ करता है और लैंड भी होता है। आज तक अलग हेलीपैड कभी नहीं बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कानून को दरकिनार कर रांची के खेलगांव में अलग से हेलीपैड बना लिया है। वहीं से पार्टी के पदधारी हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करते हैं और लैंड करते हैं। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर से टेक ऑफ करने के दौरान सुरक्षा से गुजरना होता है। पूरी तरह चेकिंग की जाती है, लेकिन जेएमएम ने अलग से जो हेलीपैड बनाया है, उसमें अपने चाहते पदाधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। वे चेकिंग के दौरान सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। हेलीकॉप्टर से क्या ले जाया जा रहा है, क्या लाया जा रहा है, इसपर संदेह है। साहू ने कहा कि रांची के डीसी और एसडीओ की मिलीभगत से यह धांधली की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से एयरपोर्ट की दूरी मात्र 5 किलोमीटर है। खेल गांव से दूरी 8 से 10 किलोमीटर है।

## न्यूज बॉक्स

### एमपी के सीएम मोहन यादव का चतरा में चुनावी जनसभा आज

**रांची ।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। वह चतरा लोकसभा क्षेत्र के हंटरगंज में तीन बजे अपराह्न भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी रविवार को लोकसभा क्षेत्र प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने दी। रांची पहुंचकर यादव हेलीकॉप्टर से तीन बजे अपराह्न चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत हंटर गंज के खूंटी केवाल मैदान में एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव देर शाम विमान से रांची से प्रस्थान करेंगे।

### देश की आजादी की लड़ाई में रौतिया समाज की रही है अहम भागीदारी : समीर उरांव

**गुमला।** जिले के रायडीह मंडल के हरिणाछापर (कुकूरसेपटा) में रौतिया सामाजिक कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में रविवार को लोहरदगा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव भी शामिल हुए। समाज के महिलाओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रौतिया समाज शुरू से ही देशप्रेमी रहा हैं। इनका इतिहास बलिदानों का है। समाज के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद बख्तर साय उर्फ वैधनाथ शाही व मुंडल सिंह ने ईस्ट इंडिया कंपनी से लोहा लेते हुए भारत के आजादी के इतिहास में पहली बार अंग्रेजों को पराजित किया। बाद में इन्होंने हंसते हंसते अपने देश के लिए फांसी का फंदा चुम लिया। ऐसे बलिदानियों पर पुरा देश गर्व करता है। उरांव ने कहा कि आज कई देशी-विदेशी शक्तियां सरना-सनातन एकता को तोड़ने के लिए जी जान से जुटी हुई है। तरह तरह के अफवाहें फैला कर सरना-सनातन समाज को बरगलाने का प्रयास हो रहा है। जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है, तबसे इनकी नींद उड़ी हुई है। वे लोकसभा चुनाव में कोशिश कर रहें हैं कि किसी तरह इस बार मोदी को सता में आने से रोका जाए। इसलिए समाज को एकजूट होकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय देना है। शत प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए समीर उरांव ने कहा कि मोदी ने समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति के लिए भी विकास की रोशनी पहुंचाई है। उन्होंने 400 पार का संकल्प को पुरा करने में रौतिया समाज की भी महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए।



### भारत के संसदीय इतिहास में झामुमो का चरित्र दागदार रहा है : सुदेश महतो



**रांची।** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड के तेलो, बाजार टांड में आजसू का मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी लखन लाल महतो अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सुदेश महतो की उपस्थिति में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस बार का आम चुनाव कई मायने में अहम है। प्रगति को गति देने के साथ एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए एनडीए प्रतिबद्ध है, तो दूसरी तरफ नेतृत्व विहीन इंडी गठबंधन नकारात्मकता फैलाने में जुटा है। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह चुनाव देश के नेतृत्व करने वाले को चुनने के लिए भी है। अब तक दो चरणों में हुए मतदान में जो संकेत मिल रहे हैं उससे जनता ने नरेंद्र मोदी जी के संकल्प और मंत्र- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में एनडीए की बड़ी जीत के साथ यहां की जनाकांक्षाओं को पूरे करने के लिए हम सभी को मिलकर अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करनी है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो और कांग्रेस की विदाई यही लोकसभा चुनाव में तय हो जाएगी। आजसू ने गिरिडीह के विकास को अपना लक्ष्य? माना है और झामुमो-कांग्रेस वालों का काम है पहले अपना अपना घर भरना। अब जनता इनके छलावे में आने वाली नहीं है। इस मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लखन लाल महतो ने कहा कि सुदेश महतो के विचार, सोच व आजसू पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूँ। पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जायेगी उसका निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे और पार्टी के नीति सिद्धान्तों को जन जन तक पहुचाएंगे।

## बसपा ने पलामू, लोहरदगा खूंटी एवं सिंहभूम सीट पर उतारे उम्मीदवार

**रांची।** बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश के 14 लोकसभा सीटों में पलामू, लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम सीट से उम्मीदवार उतारा है। पार्टी ने पलामू से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, लोहरदगा सीट से गिरिजा नंदन उरांव, खूंटी से सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री देवी और सिंहभूम से परदेसी लाल मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। यह जानकारी बहुजन समाज पार्टी झारखंड प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गया चरण दिनकर ने लोकसभा के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में दी। बता दें कि प्रदेश में पांचवें चरण में इन्हीं चार संसदीय सीटों पर मतदान होना है। पार्टी के प्रदेश महासचिव विद्याधर प्रसाद ने बताया है कि बहुजन समाज पार्टी एक कैडर आधारित पार्टी है।

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित : रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र और गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मध्य विद्यालय अहिल्यापुर स्थित मतदान केन्द्र संख्या 292, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुतरिया, गांडेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 298, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जौरासीमर, गाण्डेय स्थित मतदान केन्द्र संख्या 300 एवं पंचायत सचिवालय, जामजोरी स्थित मतदान केन्द्र संख्या 305 का निरीक्षण किया। रवि कुमार ने मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से बातचीत कर बूथ लेवल




अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी), ऐबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत (एएसडी) सूची के अद्यतन किए जाने और वॉलेंटियर के चयन की जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान केन्द्र जागरुकता समूह के सदस्यों, वॉलेंटियर, रसोईया से बात कर मतदान के दिन उनके दायित्वों के संबंध में पूछताछ की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से कहा कि वे मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें। रवि कुमार ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर सेवाकार्य में लगाये गये हैं। नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए मतदान केन्द्र जागरुकता समूह बनाया गया है। उन्होंने सभी को पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहते हुए जिम्मेदारी के निर्वहन का निर्देश दिया।

### चुनाव की तैयारियों में समयबद्धता का रखें ध्यान

**रांची।** गिरिडीह के दौरे के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को गिरिडीह समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने ने चुनाव ड्यूटी ने लगे सभी अधिकारियों और कर्मियों को लोकसभा चुनाव 2024 एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया। चुनाव की अब तक की तैयारियों में जो भी कमी रही हो उन्हें शीघ्र दूर करना सुनिश्चित करें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए हरेक स्तर पर सभी की सजगता आवश्यक है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए अलर्ट रहते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिए जाने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए गठित सभी टीमों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहने का निदेश दिया, साथ ही विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों, वारंटियों को गिरफ्तार करने संबंधी कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं।

### टीएमसी के प्रदेश अध्यक्ष सन्नी सिंकू कांग्रेस में शामिल

# मुद्दों से भटकाकर मुसलमान, मंगलसूत्र मटन में उलझा रही भाजपा : ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के आ अब लौट चलें अभियान के तहत झारखंड प्रदेश तृणमूल युवा कांग्रेस अध्यक्ष सन्नी सिंकू ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस की अंग पट्टी एवं माला पहनकर सन्नी सिंकू और उनके साथियों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के अभियान के तहत पिछले दिनों कई लोगों ने सदस्यता ग्रहण की और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। हमारा पूरा ध्यान ऐसे लोगों पर है जो पूर्व में कांग्रेस में थे या जिनके पूर्वज कांग्रेस विचारधारा से जुड़े रहे हैं और जो वर्तमान में किसी अन्य दल में है उन्हें वापस कांग्रेस में लाने का कार्य हम कर रहे हैं। सिंकू काफी युवा और



उजार्वान नेता हैं और उनके अच्छे राजनीतिक भविष्य की मै कामना करता हूं, इनके कांग्रेस में शामिल होने से कोल्हान क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को काफी मजबूती मिलेगी और उनके जीत में एक अहम भूमिका इनकी और इनके साथियों की रहेगी। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है और यह चुनाव एक ऐसे समय में हो रहा है जहां से भारत का आगामी कई दशकों का भविष्य तय होगा। देश के प्रधानमंत्री लोगों को इलेक्ट्रोल बॉण्ड घोटाला, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दों से भटकाकर मुसलमान, मंगलसूत्र, मटन में उलझाना चाहते हैं, लेकिन हमें यह तय करना है कि देश का विकास छद्म राष्ट्रवादी करेंगे या देश हित में निर्णय निर्णय लेने वाले धर्मनिरपेक्ष वादी। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सन्नी सिंकू ने कहा कि कांग्रेस छोड़ना मेरी भूल थी और इसका एहसास मुझे पार्टी छोड़ने के बाद हो गया था, परंतु आज मैंने अपनी भूल सुधार कर ली है और मेरी पूरी निष्ठा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के प्रति है। मैंने राहुल की न्याय यात्रा से प्रभावित होकर सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा की है।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए अभियान चलाएगी विद्यार्थी परिषद : राजीव

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रांची महानगर ने रविवार को यहां वर्धमान कंपाउंड स्थित प्रांत कार्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन किया। मौके पर अभाविप झारखंड प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन भी मौजूद थे। बैठक में चर्चा मुख्य रूप से मतदाताओं को जागरूक करने पर केंद्रित रही। साथ ही, रांची महानगर ने मतदाता जागरूकता अभियान भी प्रारंभ किया। इसमें सभी कार्यकर्ता कॉलेज, मोहल्ला, बाजार, अपार्टमेंट में जाकर लोगों को यह बताने का कार्य करेंगे कि आप अपना मत का प्रयोग करें आपका एक वोट से बहुत बदलाव आ सकता है। प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकर्ता कॉलेज, हॉस्टल, मोहल्ले एवं सभी जगह जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का काम करेगी और लोगों को प्रेरित करेगी कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें।

# झारखंडियों की भावनाओं का कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं किया : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने झारखंड के लोगों के भावनाओं का कभी सम्मान नहीं किया। ये हमेशा झारखंड के विरोधी रहे हैं। रविवार को जिले के भंडरा प्रखंड के ठाकुर बाड़ी मंदिर मैदान में भाजपा की चुनावी जनसभा में मरांडी ने कहा कि झारखंड गठन से पहले यहां न सड़कें थीं और ना ही कोई बुनियादी सुविधाएं। वर्तमान भाजपा ने पिछले दस वर्षों में जितना काम किया है उतना किसी ने नहीं किया। दस साल पहले गरीबों के घर न तो शौचालय, न रहने को पक्का मकान और न ही खाना बनाने के लिये गैस चूल्हा। मोदी सरकार ने ये सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई। साथ ही मुफ्त में अनाज देने कि भी गारंटी दी। प्रधानमंत्री ने पांच लाख का इलाज सुविधा भी लोगों को उपलब्ध कराया। लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात करते हुए मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार ने झारखंड को समृद्ध बनाने की गारंटी ली है। पीएम कहते हैं कि समृद्ध झारखंड बनाएंगे। झारखंड सरकार को विकास का विरोधी बताते हुए कहा कि यहां की सरकार ने सिर्फ परिवार के लिये राजनीति करते हुए लूटने का काम किया है। हेमंत सोरेन स्वयं फंसे। क्योंकि, उन्होंने लुटेरों को संरक्षण दिया। कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र संयोजक मनोज सिंह, सह संयोजक शनि टोप्पो, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कमलेश उरांव, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, प्रदेश अजजा मोर्चा महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, सधनु भगत, प्रदेश संगठन मंत्री सुनीता सिंह, पूर्व विधानसभा पार्षद प्रवीण सिंह आदि उपस्थित थे।



# बिहार के राजनीतिक पतन, जातिवाद, हिंसा पर आधारित है पुस्तक : हरिवंश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने और पद्मश्री अशोक भगत ने रांची स्थित आड्रे हाउस में मृत्युंजय शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ब्रोकन प्रॉमिसेस का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन वेस्टलैंड बुक्स की पब्लिशर मीनाक्षी ठाकुर ने किया।

**राजनीतिक उपेक्षा और खराब कानून व्यवस्था के कारण बिहार से अलग हुआ झारखंड :** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने किताब के उपर चर्चा करते हुए 90 के दशक के बिहार और झारखंड विभाजन के समय के हालातों पर चर्चा की। उन्होंने अविभाजित बिहार के दौर में झारखंड क्षेत्र के साथ हो रहे भेदभाव और झारखंड निर्माण के बाद मुख्यमंत्री के रूप में चुनौतियों के बारे में भी विस्तृत वर्णन किया। पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अलग राज्य निर्माण होने के बाद हालातों में सुधार आया है। प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सबसे पहले प्राथमिकता के तौर पर आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने और कानून व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया।

**सोसियो पॉलिटकल डायरी है पुस्तक :** पद्मश्री अशोक भगत ने ब्रोकन प्रॉमिसेस को बिहार के संदर्भ में लिखी गई एक बेह्तरीन सोसियो पॉलिटकल डायरी बताया। उन्होंने सामाजिक क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बात करते हुए बताया कि 90 के दशक में बिहार में कार्य करना वर्तमान परिप्रेक्ष्य की तुलना में ज्यादा कठिन था।




मृत्युंजय शर्मा की पुस्तक 'ब्रोकन प्रॉमिसेज' का विमोचन

### अंग्रेजी मीडिया ने कभी बिहार की त्रासदी पर नहीं लिखा

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश किताब से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने लेखक मृत्युंजय की सराहना करते हुए कहा कि यह किताब नीति निर्धारकों और समाज के शिक्षित वर्ग के बीच बिहार की वास्तविक छवि को प्रस्तुत करने का काम करेगी। यह किताब बिहार के विधि व्यवस्था, राजनीति, शिक्षा, नक्सलवाद और जातीय समीकरण पर प्रकाश डाला गया है, जिसे अंग्रेजी में लिखा गया है। यह किताब अंग्रेजी मीडिया को आइना भी दिखाएंगा, जिसने कभी बिहार की ज्वलंत त्रासदी पर कभी कुछ नहीं लिखा । हरिवंश ने कहा कि बिहार की बीमारी की शुरूआत आजादी के बाद से शुरू हो चुकी थी। 70-80 के दशक में वहां जाति के आधार पर सांसद, विधायक और सरकारें बनने लगीं। 80 के दशक में देश-दुनिया के अर्थशास्त्रियों ने बिहार को बीमारू राज्य कहना शुरू कर दिया। वर्ष 1957 में बेगूसराय से बूथ कैप्चरिंग की शुरूआत हो गई। हरिवंश ने कहा कि उस दौर में बिहार में राजनीति का अपराधिकरण हो चुका था। एक के बाद एक हो रहे नरसंहार से भयभीत होकर लोग गांव-गांव खाली कर रहे थे।

**गहन अध्ययन और रिसर्च का परिणाम है मेरी पुस्तक :** लेखक मृत्युंजय शर्मा ने बताया कि यह किताब 5 वर्षों तक की गई गहन अध्ययन और रिसर्च का परिणाम है। मृत्युंजय ने बताया कि 90 के दशक का बिहार जनता के लिए किसी त्रासदी से कम नहीं था। सत्ता के संरक्षण में राजनीतिक बाहुबलियों को उभरने का मौका दिया गया, जाति के नाम पर समाज में द्वेष डालकर राजनीतिक लाभ लेना, मृत्युंजय ने 90 के दशक में कश्मीर के हालात और बिहार में जंगलराज के हालातों के बीच की समानता पर भी चर्चा की।

**लेखक का संक्षिप्त परिचय :** पुस्तक के लेखक मृत्युंजय शर्मा रांची के बीआईटी मेसरा और एक्सएलआरआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एशियन पेंट्स के साथ महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। नौकरी के पश्चात वे छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के सलाहकार समिति का भी हिस्सा रहे। फि लहाल वे झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख का दायित्व निभाने के साथ साथ रांची में कई स्थानों पर अपनी संस्था कर्तव्य पथ के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी का मुरहू में जनसंपर्क अभियान

# पीएम ने जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा कर आदिवासियों का मान बढ़ाया : अर्जुन

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मुरहू प्रखंड में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया। अपने संबोधन में अर्जुन मुंडा ने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए कार्यों से ग्रामीणों को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है और एक सशक्त नेतृत्व के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में नाम हो रहा है। मुंडा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी ने जो काम किया, वह सबके सामने है। चाहे महिला हो, युवा हो, व्यापारी वर्ग हो, गरीब हो या किसान हो, सबका सम्मान करते हुए मोदी सरकार ने काम किया है। ऐसी सरकार को हमें फिर से केंद्र की सत्ता में लाना है, जो सबके हक की चिंता करती हो। अर्जुन मुंडा ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल के करीब है। उन्होंने पिछले साल भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आकर उनके जन्मदिन के अवसर पर माटी का तिलक लगाकर यहां से दो बड़ी योजना विकसित भारत और पीएम जनमन का शुभारम्भ किया था। यह हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि पहली बार भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर देश का कोई प्रधानमंत्री आया। आज वीरों की धरती खूंटी का पूरे देश में नाम हो रहा है। जब हम 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाएंगे, उस वर्ष को भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्न के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पहली बार आदिवासी समाज के लोगों को इतना सम्मान दिया जा रहा है और यह सब मोदी जी के नेतृत्व में ही संभव हो पा रहा है। मौके पर भाजपा मुरहू मंडल कें अध्यक्ष राम बिहारी राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## एक नजर

### सेवा सहयोग समिति ने ठीक कराया खराब चापाकल

**हजारीबाग।** बढ़ती गर्मी में खराब पड़े हुए चापाकलो की समस्या से सेवा सहयोग समिति के सदस्य लगातार जूझ रहे हैं। पिछले दिनों कटकमसांडी कटकमदाग प्रखंड के कई गावों में दसियों चापाकलों की मरम्मत सेवा सहयोग समिति ने अपने स्तर से करवाया है। इसी क्रम में रविवार को कटकमसांडी के झारदाग गांव में काफी दिनों से बेकार पड़े एक चापाकल की मरम्मत कराई गई। जिससे ग्रामीण पानी की किल्लत से राहत पा रहे हैं। इस बाबत संस्था के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने बताया कि चापाकलो की मरम्मत का कार्य लगातार चल रहा है, सूचना मिलते ही हम लोग हर समस्या में ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ पेयजल बल्कि अन्य तरह की सेवायें भी हमारी संस्था कटकमसांडी, कटकमदाग, सदर, शहर और दारू के लोगों लिये दे रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में कार्यक्षेत्र के विस्तार की भी योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### भाकपा माले, झामुमो और गठबंधन के अन्य दलों की हुई बैठक

**गिद्दी।** भाकपा माले, झामुमो और इंडी गठबंधन दलों की बैठक रविवार को चपरी ग्राम में हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को वोट देने की अपील की गई। बैठक में कहा कि भाजपा सरकार को केंद्र से बेदखल करके ही आदिवासियों के हक अधिकार और देश के संविधान को बचाया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता लालचंद बेदिया और संचालन सुभाष बेदिया ने किया। बैठक में सुभाष बेदिया, लालचंद बेदिया, कामेश्वर बेदिया, जयनंदन गोप, रूपन गोप, बैजनाथ बेदिया, सरजू बेदिया, रमन बेदिया, राजू बेदिया, असलम अंसारी, जफर अंसारी, राहुल बेदिया, सुरेश बेदिया, इमामुल अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जियाउल हक, जितेंद्र बेदिया, वासुदेव बेदिया, योगेन्द्र बेदिया, रामबृक्ष बेदिया, जयनंदन गोप, रुपन गोप और झामुमो के शिवदेव बेदिया, गणित बेदिया, प्रेम बेदिया आदि महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### छावनी परिषद क्षेत्र का नगर परिषद में विलय से उत्पन्न समस्या को लेकर हुआ मंथन

**बरकाकाना।** भोक्ता स्थान पोचरा प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता हीरा गोप और संचालन भुनेश्वर राम ने किया। बैठक में छावनी परिषद क्षेत्र के नगर परिषद में विलय को लेकर चर्चा परिचर्चा किया गया। इस दौरान छावनी परिषद को नगर परिषद में विलय के सवाल पर नगर परिषद या नगर पालिका के गठन के बाद जो समस्या उत्पन्न होगी इस सवाल पर मंथन किया गया। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर संयोजक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें विनोद नायक, दीपक सिंह टाईगर, राजेन्द्र नायक, भुवनेश्वर राम, हीरा गोप, अनील नायक, राजेंद्र राम, राज कुमार मुंडा, वृजनारायण मुंडा, विजय मुंडा, जलेश्वर करमाली शामिल हैं। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को लेकर छावनी परिषद सीइओ और नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर मुद्दा उठाया जाएगा।

### महात्मा बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाएं कुशवाहा समाज के लोग : चतुर्भुज

**गोला।** गोला मेन रोड स्थित झारखंड कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप के आवासीय कार्यालय में रविवार को झारखंड कुशवाहा महासभा का 13वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा बुद्ध का जीवन आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कुशवाहा समाज को गौतम बुद्ध के सिद्धान्तों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक व सामाजिक मजबूती के लिए समाज में एकता होना बहुत आवश्यक है। हमें अपनी पुराने गले शिकवों को भुलाकर एक होना होगा। समाज की एकता, राजनीति में प्रभाव बढ़ाने, युवाओं को अधिक से अधिक शिक्षित बनाने व समाज में व्याप्त कुरीतियों को बंद करने का आह्वान किया। इस दौरान समाज के शादी विवाह में बारातियों को शाकाहारी भोजन परोसने का प्रस्ताव लाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्जलित कर किया गया। मौके पर महासभा के संरक्षक सुबोध दांगी, प्रदीप कुमार, सुबोध महतो, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार महतो, कुंदन कुशवाहा, लखिन्द्र कुमार, गुलाब कुशवाहा, सुरेश महतो, जोगेंद्र महतो, प्रयाग महतो, संजय कुमार महतो, गौतम महतो, प्रकाश महतो, बजरंग दांगी, अरुण दांगी, सलेश महतो व अन्य मौजूद थे।

**पासवान समाज ने मनाई बाबा चौहरमल की जयंती**

# बाबा चौहरमल का त्याग व बलिदान अनुकरणीय है : केदार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

गया रोड स्थित रेलवे स्टेशन रोड के निकट पप्पू होटल के पीछे उत्तरी छोटानागपुर पासवान समाज के लोगों ने बाबा चौहरमल की जयंती सह सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष कार्तिक पासवान व संचालन बैजू गहलौत ने किया। बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बरही एसडीपीओ सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमंडल के सभी अतिथियों को स्थानीय कमिटी के लोगों ने पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया। बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार को स्थानीय कमिटी के लोगों ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखी संविधान की पुस्तक व उनकी प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान किया। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल से आए लोगों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने कहा कि वीर शिरोमणि चौहरमल पासवान समाज के धरोहर थे। उन्होंने समाज के उत्थान में अच्छी भागीदारी निभायी। आज हमलोग वीर गाथा का वर्णन करते आ रहे हैं। श्री पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल का जीवन त्याग, बलिदान एवं सामाजिक सद्भाव के रूप में जाना जाता है। उन्होंने समाज की रक्षा की, आज उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके अलावा श्री पासवान ने महिला उत्थान, समाज में कुप्रथा पर चर्चा मरते हुए राजनीतिक रूप से मजबूत होने का संदेश लोगों को दिया। मौके पर प्रकाश पासवान, कुंदन पासवान, मिस इंडिया 2019 परी पासवान, मुकेश पासवान, रामस्वरूप पासवान, शेखर पासवान, पंकज पासवान, गोल्डी पासवान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### बच्चों में असली संस्कार दादा-दादी और नाना नानी ही देते हैं : सचिव

**पतरातू।** बच्चों में असली संस्कार दादा दादी और नाना नानी ही भरते हैं। उक्त बातें सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पतरातू थर्मल में आयोजित दादा-दादी नाना-नानी सम्मान समारोह में विद्यालय के सचिव सूरज प्रसाद ने कही। उन्होंने आगे कहा कि समय के साथ परिवार छोटे होते जा रहे हैं। जो कभी घर के नीव हुआ करते थे। आज अकेले होते जा रहे हैं। बच्चों में असली संस्कार तो दादा-दादी और नाना नानी ही भरते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव सूरज प्रसाद, अध्यक्ष मनोज साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक और अभिभावक चंद्रमा सिंह और राम भवन शर्मा ने मां सरस्वती, ओम् और भारत माता को पुष्प चढ़ाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में सभी अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्र छात्राओं ने उपस्थित अभिभावकों के सम्मान में एक से बढ़कर एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की जिला स्तरीय बैठक आयोजित**

# सभी सदस्यों को राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद से जोड़ें : अशोक कुमार




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

भुरकुंडा पंचायत भवन में जिला स्तरीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित कि गई। अध्यक्षता परिषद के महासचिव अशोक कुमार चौहान व संचालन रॉकी अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष बृज किशोर राम, रामगढ़ जिला के सचिव संजय गोराइ सहित रामगढ़ जिला के सदस्य शामिल हुए। मौके पर अशोक कुमार चौहान ने सभी सदस्यों को मानवाधिकार के बारे जागरूक करते हुए सभी सदस्यों को राष्ट्रीय मानवा अधिकार सुरक्षा परिषद से जोड़ने की बात कही। मौके पर बृजकिशोर राम ने मतदाता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए हर हाल में मतदान करने की अपील की। संजय गोरे ने कहा कि हमें भी सभी सदस्यों के साथ मिलकर परिषद के उद्देश्य को आगे बढ़ना है। बैठक में सदस्यों को उनका आई कार्ड देकर सम्मानित किया। मौके पर अमन चौहान, सहनवाज अंसारी, केपी मुखर्जी, गणेश गंझू, रानी कुमारी गुप्ता, जीतेन्द्र कुमार, बैभव कुमार, भागीरथ महतो, सुरजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

**डीसी ने लोगों से मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी की अपील की**

# प्रजातंत्र में वोट ही जनता की महत्वपूर्ण कुंजी है : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

18वीं लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. आगामी 20 मई को चतरा, कोडरमा सहित हजारीबाग जिले में मतदान करवाए जायेंगे. चुनाव आयोग के निर्देशानुसार इस बार चुनाव सुबह सात बजे से संध्या पांच बजे तक निर्धारित है. लोकतंत्र के इस महापर्व में हर एक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है. प्रत्येक मतदाता बिना किसी लोभ, भय या दवाब में अपने पसंदीदा प्रत्याशियों को वोट दे. इसके लिए आयोग मतदाताओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध है. उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से 20 मई को अपना फर्ज निभाते हुए पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प दुहराने की अपील की है. उन्होंने जिले वासियों से मतदान के दिन अपने बूथ पर शांति और सद्भाव के साथ मतदान देने की अपील की है. उपायुक्त ने बताया कि प्रजातंत्र में वोट ही जनता की महत्पूर्ण कुंजी है. जिससे देश के विकास और भविष्य की रूप रेखा निर्धारित की जाती है. उन्होंने सभी मतदाताओं से अपनी विवेक और समझदारी से एक समझदार, शिक्षित व कर्मठ उम्मीदवार का चयन करने की बात कही है. जो हजारीबाग के साथ देश के चहुंमुखी विकास में निष्ठता पूर्वक योगदान दे सके. वोट से क्षेत्र का दशा और दिशा बदल सकता है। देश के किसी भी जनता को अपने वोट से वंचित नहीं हो चाहिए। उनके मतदान से देश की राजनीतिक चलती है। देश और राज्य का विकास उसी पर टिकी रहती है। इसलिए हम सभी को चाहिए कि वोट की अहमियत को जाने और उसका सही रूप में प्रयोग करें। वोट के लिए जनता सर्वोपरि है वह किसी को भी सत्ता सौंप सकती है।

**जनता के लिए वोट ही सर्वोपरि है, इसी पर देश और राज्य का विकास टिका रहता है, मजबूत लोकतंत्र की पहचान जनता ही है**

### डीटीओ ने 11 वाहनों से वसूला 2.54 लाख जुर्माना

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निदेर्शानुसार शुक्रवार की रात्रि को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की। वहीं जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना वसूला गया। जिसमें कुल 2.54 लाख रुपया जुमार्ना राशि वसूल की गई। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया कि सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें।

**चुनाव को लेकर बनाए गए चेकनाकों का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण**

# प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी



♦ उपायुक्त के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिह्नित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में स्वच्छ, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ जिले के अलग-अलग सीमाओं को चिन्हित कर कुल 6 चेक नाके बनाए गए हैं। इसी क्रम में रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने चेकनाकों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं उन्होंने स्वयं भी विभिन्न वाहनों की जांच कर चेकनाके पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जांच अभियान चलाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया। गौरतलब है की लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने के लिए निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल 6 चेक नाकें बनाए गए हैं जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक - एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं वही स्वतंत्र वह निष्पक्ष निर्वाचन के मध्य नजर प्रतिनिधित्व उड़न दस्ता दलों द्वारा भी जिले के अलग-अलग क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## 2 मई को नामांकन करेंगे हजारीबाग से निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने अपने चुनावी कार्यालय में बैठक करते हुए आगामी 2 मई को नामांकन करने की घोषणा करते हुए कहा कि हजारीबाग के लोगों का प्यार और विश्वास , समस्त मातृ शक्ति का आशीर्वाद, समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठनों की एकजूटता और साथ ने, मुझे जो बल दिया है इसके लिए मैं आप सभी का आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि जिस राजनीति के खिलाफ मेरा संघर्ष और लड़ाई है उसमें मुझे सिर्फ आप सबो की एकजूटता का और आपके आशीर्वाद की जरूरत है क्योंकि यह लड़ाई सिर्फ मेरी नही बल्कि हम सब की लड़ाई है। श्री केशरी ने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सभी लोगों का आह्वान करते हुए 2 मई को अपने नामांकन में आमंत्रित किया है। इस मौके पर समस्त क्षेत्रीय हिन्दू संगठन, मातृ शक्ति, प्रदेश, जिला व नगर कमिटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

**झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न**

# आंदोलनकारियों से मतदान में भाग लेने का किया गया आह्वान

**बरकट्ठा में रोजी-रोजगार व पलायन बड़ी समस्या है, इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधि व मंत्री कोई ठोस पहल नहीं करते हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा जिला हजारीबाग के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड के गंगपाचो स्थित पंचफेड़ी चौक के पास बैठक हुई। बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई एवं लोकसभा के मतदान में सभी झारखंड आंदोलनकारियों से भाग लेने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयोजक श्याम सुंदर साव ने की। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि जाति, धर्म व पार्टी की भावना से ऊपर उठकर काम करने वाले व्यक्ति का चुनाव करें। काम करने वाला ही आपकी आवाज बनेगा और आपकी समस्याओं का समाधान भी करेगा। हमारे बुजुर्ग कह गए हैं। चाम नूनू वाले को नहीं काम नुनु वाले का चुनाव करें ताकि अपने क्षेत्र को बेहतर बना सकें। बरकट्ठा में रोजी- रोजगार एवं पलायन बड़ी समस्या है। इस समस्या का समाधान के लिए हमारे जनप्रतिनिधि व मंत्री कोई ठोस पहल नहीं करते हैं। आए दिन हमारे प्रवासी मजदूरों का शव वापस आता है तो हम लोग शर्मसार हो जाते हैं। इसलिए काम करने वाले व्यक्ति का चुनाव मुस्तादी के साथ करें। केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि रोजी रोजगार एवं नियोजन दिलाने वाले लोगों का ही लोकसभा चुनाव में मतदान करें। मेहनतकश मजदूरों का भविष्य संवारने वालों का ही चुनाव करें। बैठक मैं भोला प्रसाद, ध्रुव नारायण पासवान, निरंजन पासवान, चिंतामणि पासवान, गिरधारी महतो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हाथी के झुंड ने प्राथमिक विद्यालय छुतहरी कटिया में जमकर मचाया उत्पात



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत छुतहरी कटिया गांव में हाथी की झुंड ने बीते रात जमकर उत्पाद मचाया है। शनिवार 27 अप्रैल की रात को हाथी ने प्राथमिक विद्यालय छुतहरी कटिया में खिड़की और दरवाजों को तोड़कर कमरे के अंदर रखें एमडीएम के चावल खा गये। जबकि स्कूल के खिड़की दरवाजों को तोड़कर काफी नुकसान पहुंचाया है। गांव वालों ने बताया कि झुंड में चार हाथी शामिल हैं जो फिलहाल छूतहरी कटिया जंगल में डेरा डाल रखा है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है ।ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी है।

### पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ आज जाएंगे गिरीडीह, झामुमों में होंगे शामिल



**बरकट्ठा।** पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सोमवार को अपने समर्थकों के साथ गिरीडीह जाएंगे। इसकी जानकारी पूर्व विधायक कार्यालय प्रभारी अमित सिंह ने दी। साथ ही उन्होंने बताया की गिरिडीह में झामूमो के सभा में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव समर्थकों, कार्यकर्ताओ के साथ झामुमो में शामिल होंगे। इस दौरान लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में गिरिडीह पहुंचे और पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। विदित हो की पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव भाजपा से नाखुश थे। इसलिए सामूहिक इस्तीफा दे कर झामुमो में जाने का फैसला लिया।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन कहा- जारी रहेगा सेवाभाव



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान लगभग 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे अनेक व सामाजिक कार्यों में सभी को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया की सभी के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की संवा करना ही सबसे बड़ा धर्म का काम होता है। समाज के हर लोगों चाहिए कि गरीब और जरूरतमंदों को सेवा कर उनकी पहचान बनाने का काम करें। ताकि वह अपना जीवन सुखी रूप से जी सकें। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, लखन राम, लालू उरांव, मो. शाहिद आदि उपस्थित थे ।

**गोरहर व खैरा के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार**

# निकाला विरोध मार्च, कहा- रोड नहीं, तो वोट नहीं



**आजादी के 75 साल और झारखंड राज्य बनने के 24 साल बीत जाने के बाद भी गोरहर, चेचकपी पंचायत में सुविधा का काफी अभाव है**

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखण्ड क्षेत्र के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोरहर पंचायत में रोड़ नही होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस संबध में दर्जनों ग्रामीणों ने गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम ज्वारपहाड़पुर और पांतितीरी में विरोध मार्च निकाला। लोगों के मुताबिक रोड नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 75 साल और झारखंड राज्य बनाने के 24 साल बीत जाने के बाद भी गोरहर, चेचकपी पंचायत और टाटीझरिया प्रखण्ड के खैरा पंचायत जो आदिवासी बहुल क्षेत्र है जो अनेकों स्थान पर सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। जिस कारण उक्त पंचायत में ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। मौके पर आदिवासी समाज के प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में जहां जहां आदिवासी गांव है। वहां वहां रोड नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड कार्यालय से गोरहर पंचायत महज 8 किलो मीटर की दूरी पर है और चेचकपी पंचायत भी 8 किलो मीटर तथा खैरा पंचायत 15 किलो मीटर है। बावजुद इसके सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति बीमार या प्रसुती महिला रहे तो उसे खटिया की सहारे ले कर जाना पड़ता है। विरोध मार्च मे समाजसेवी राजाराम मांझी, रामू टुडू, अनिल कुमार सिंह, रामू मराड़ी, तालो मरांडी, नुनवा मांझी, प्रकाश सोरेन, मुनू टुडू, प्रमेश्वर बासके, सूरज हेमराम, प्रकाश बेसरा, वासुदेव मुर्मू , मनोज मुर्मू, रमेश बासके, मार्शल मुर्मू, कन्हाय बेसरा समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### भीषण गर्मी के बीच जिले के कई क्षेत्रों में पानी के लिए मचा हाहाकार

**रामगढ़।** एक ओर धधकती गर्मी लोगों को परेशान कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ जिले के कई इलाकों में पानी की कमी लोगों का जीना मुहाल कर रही है। जिले के कई क्षेत्रों में पानी की किल्लत मची हुई है। कहीं नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही तो कहीं पाइपलाइन फटने, चापानल बिगड़ने व मोटर खराब होने की शिकायत है। जो पीएचइडी विभाग के गर्मी को लेकर की गई व्यवस्था की पोल खोलती है। कई जगहों पर जलस्तर नीचे जाने के कारण चापाकल व बोरिंग भी काम नहीं कर रहे। जिस कारण आम लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को विवश है। भुरकुंडा के दर्जन भर कॉलोनियों में पिछले तीन-चार दिन से पानी बंद है। जिस कारण लोगों को दूर से ढोकर पानी लाना पड़ रहा है। पानी की ऐसी किल्लत के बीच जार वाले पानी की मांग बढ़ गई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक अब लोग जार का पानी खरीद कर पीने को विवश हैं। लोगों के बीच अब भय बन रहा है कि अभी से ही यही हाल है तो आगे दो महीने बची हुई गर्मी में क्या होगा।

## पैसेंजर ट्रेन से कटकर महिला की मौत

♦ परिजनों ने विभागीय लापरवाही का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बीते रात बरही रेलवे स्टेशन पर कोडरमा-बरकाकाना भाया बरही ट्रेन संख्या 03607 से कटने से एक महिला यात्री की मौत हो गई. 38 वषीर्या मृतिका मुन्नी देवी पति संजय प्रसाद अपने 12 वर्षीय पुत्र सौरभ के साथ अपने ससुराल महेशपुर डोमचांच से बरहीडीह स्थित पिता बैजू साव के घर आ रही थी. घटना की जानकारी देते हुए सहायक स्टेशन मास्टर चंदन केसरी ने बताया कि ट्रेन 19.37 में बरही स्टेशन पर पहुंची. 2 मिनट के निर्धारित ठहराव के बाद 19.39 में गार्ड के सिग्नल देते ही ट्रेन चल पड़ी. ट्रेन खुलने के क्रम में महिला अपने बच्चे के साथ ट्रेन से उतरते लगी. इसी क्रम में ही उसका पैर प्लेटफार्म से फिसल गया, जिससे महिला ट्रेन के नीचे चली गई और यह दर्दनाक घटना घटी. जानकारी मिलते ही चालक ने इमरजेंसी ब्रेक भी लगाया परंत तब तक घटना घट चुकी थी. ट्रेन को लगभग 20 मिनट तक स्टेशन पर रोक कर शव को हटाया गया. घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को दे दी गई है. विभागीय प्रावधान के अनुसार उचित कारवाई की जायेगी. मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दे दी गई है. घटना की जानकारी होते ही मृतक के वृद्ध पिता, भाई व स्थानीय ग्रामीण व कई सामाजिक कार्यकर्ता स्टेशन पर पहुंचकर घटना के लिए रेलवे को जिम्मेवार बताने लगे. आरोप था कि घटना रेलवे की लापरवाही की वजह से हुई है. कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बताया कि बरही ग्रामीण क्षेत्र है. जहां विभाग को सजगता दिखानी चहिए. घटना के वक्त स्टेशन पर कोई गार्ड नही था।

## एक नजर

### कुरडेग बीडीओ ने बीएलओ को वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटने के लिए दी छतरी

**सिमडेगा।** कुरडेग और केरसई प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी बीएलओ को वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप बाटने के क्रम में धूप से बचाव और निर्वाचन के लिए मतदाता को जागरूक करते हुए निर्वाचन की तिथि समय की सूचना प्रिंट कराकर एक -एक छाता दिया गया।लोगों ने इस बार मतदान प्रतिशत का लक्ष्य पार करने के लिए हर प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों ने अब घर- घर जाकर लोगों को मतदाता सूचना पर्ची के साथ शिक्षित करने का कार्य कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि इस बार 13 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करने का समय दिया गया है।आप अपना नैतिक मतदान जरूर करें।

### उत्पाद विभाग ने दो माह में अवैध शराब के खिलाफ 167 मामले किए दर्ज, 75 लोग गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा में 20 मई को लोकसभा का चुनाव होना है। इसको लेकर उत्पाद विभाग नियमित रूप से अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की रिपोर्ट भी चुनाव आयोग को नियमित रूप से भेज रही है। एक माह से अभी तक उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के मामले में 167 मामले दर्ज किए हैं। जबकि 75 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 20 को जेल भेजा गया है। जबकि 75 लोग फरार, 17 अज्ञात और 55 संधारित के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। अवैध शराब से जुड़े आरोपियों से दो लाख 42 हजार पांच सौ रू का फाईन किया गया है। जबकि अवैध चुलाई शराब 4161 लीटर,अवैध जावा महुआ करीब 54 हजार केजी,अवैध विदेशी शराब 596 लीटर, अवैध देशी शराब 540 लीटर और अवैध बीयर 334.700 लीटर बरामद किया गया है। उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि यह अभियान अभी नियमित रूप से चलाया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय ओपन क्विज का हुआ आयोजन

**कोडरमा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीडीसी ऋतुराज के निर्देश पर झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत जिला स्तरीय ओपन क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओपन क्वीज प्रतियोगिता में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं से चुनाव से संबंधी प्रश्न किया, जिसका मतदाताओं ने उत्तर दिया। जिन मतदाताओं ने प्रश्न के सही जवाब दिए, उन्हें स्वीप टोपी दिया गया। मतदाताओं से 20 मई को निर्भीक होकर नैतिक मतदान करने की अपील की गयी। जबकि स्वीप के तहत पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए।

**बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा की आत्महत्या की खबर से स्तब्ध हैं सिमडेगा वासी**

# शव पहुंचा सिमडेगा, पड़ोसियों ने कहा- साजिश है



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** गढ़वा जिले के बिशुनपुरा प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटटा ने गत शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटटा सिमडेगा जिला के रहने वाले थे। शहर के डीएसपी गली रोड में इनका पैतृक आवास है। इनके पिता प्रो संतोष केरकेटटा सिमडेगा कॉलेज में मानव विज्ञान विभाग के एचओडी थे और मां आनंदित केरकेटटा भी सरकारी शिक्षक थी। माता पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है। शनिवार की देर शाम दिवंगत बीडीओ के घर में ताला बंद पाया गया। आस पड़ोस के लोगों को जब घटना की जानकारी दी गई तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ। पडोसी ने बताया कि दिसम्बर में मन्ना घर आया था। उन्होंने बताया कि मन्ना के सभी भाई बहन भी नौकरी करते हैं और सभी लोग बाहर में ही रहते हैं। उन्होंने कहा कि मन्ना जिंदादिल और सरल स्वभाव का व्यक्ति था, वह आत्महत्या नहीं कर सकता है। पड़ोसियों ने मन्ना के आत्महत्या की घटना को साजिश बताते हुए जांच की मांग की है। पडोसियों ने बताया कि मन्ना के नौ भाई बहन है। जिसमें मन्ना चौथे नम्बर का है। पडोसी ने बताया कि मन्ना बचपन से ही बेहद सीधा साधा था इसलिए उसे मुहल्ले के लोग योगी के नाम से पुकारते थे। उन्होंने बताया कि मन्ना का सबसे छोटा भाई जयंवत केरकेटटा वन विभाग में कार्यरत है और सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में पदस्थापित है। वहीं दूसरा छोटा भाई उत्तम केरकेटटा पायलट है जो दिल्ली में रहता है। वहीं एक बहन शोभा रानी केरकेटटा नाबार्ड में उच्च पद पर पदस्थापित है। रविवार को दिवंगत बीडीओ का शव सिमडेगा पहुंचा, जिसके बाद जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी सहित परिजन पहुंचे और सभी लोगों ने नाम आंखों से विदाई दी इधर परिसदन भवन सिमडेगा में झासा की बैठक हुई। डीडीसी संदीप कुमार दोराईबुरु की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में गढ़वा के बिसूनपुरा के दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के मौत के मामले में स्पेशल एसआईटी की टीम से जांच कराने की मांग की।

# पंडरीपानी में कार्यकर्ताओं की हुई बूथ स्तरीय बैठक, विधायक हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। ईटांगर** प्रखण्ड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत के पण्डरीपानी में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक अति महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अशफाक आलम के अध्यक्षता में हुई। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दीनबंधु शर्मा और विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि अभी जो समय गुजर रहा है वो बहुत ही उपयोगी और महत्वपूर्ण समय है, इसलिए कि अभी जिस उद्देश्य को लेकर हम आप बैठे है वो देश के दशा और दिशा को तय करेगा। क्योंकि आज हमें तय करना है कि देश में बाबा भीमराव अम्बेडकर के संविधान के माध्यम से जैसे सरकार चल रही है वैसे चले. या फिर कोई अन्य संविधान जो हमारे विरोधी गठबंधन है उसके सोची समझी संविधान से देश चले। इसलिए विरोधियों के मंसूबे को अपने बहू मूल्य वोट के जरिए चकनाचूर करना है। कांग्रेस कमेटी के दीनबंधु शर्मा ने कहा राहुल गांधी को देश के उच्च कुर्सी पर बैठाना चाहते हैं तो अपने बूथ, अपने मुहल्ला अपने लोगों को संरक्षित करना होगा।

### अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ धूमधाम से मनाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**हजारीबाग।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की एक बैठक रविवार को बड़ा अखाड़ा परिसर में प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य महंत विजयानंद दास की अध्यक्षता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में किया गया।सर्व प्रथम स्वस्तिवाचन व शांति पाठ के साथ सभा को प्रारंभ किया गया। बैठक में आगामी 10 मई को बड़ा अखाड़ा परिसर में धूम धाम से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया।जिस में पूजा अर्चना के बाद महत्वपूर्ण विषयों पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के सभी प्रखण्ड से संगठन के विप्र बन्धु भाग लेंगे साथ ही प्रदेश के भी कई पदाधिकारी सम्मिलित होंगे । आज के बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय के द्वारा हजारीबाग निवासी अनुज तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया । जिलाध्यक्ष प्रवेश पाण्डेय ने भी अपनी कमिटी का विस्तार करते हुए सिद्धेश्वर पाण्डेय व नीरज त्रिपाठी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

**फ्रांसिस चर्च में खीस्तयाग का हुआ आयोजन**

# मानव सेवा के लिए समर्पित होता है धर्मबहनों का जीवन : बिशप



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड़** पाकरटांड़ के संत फ्रांसिस चर्च नानेसेरा में अंतिम व्रत धारण समारोही खीस्तयाग का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता सिमडेगा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप विन्सेंट बरवा की अगुवाई में विशेष मिस्सा अनुष्ठान कराया गया। मिस्सा अनुष्ठान में सह अनुष्ठाता की भूमिका पल्ली पुरोहित फा जुगल किशोर, सहायक पल्ली पुरोहित फा रोशन ने निभाई। अंतिम मन्नत लेने वाली धर्मबहनों में सिस्टर सुमीरा, सिस्टर मोनोलिता, सिस्टर सिसिलिया, सिस्टर रानी मरिया और सिस्टर रोजलिन शामिल हैं। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल होकर पांच धर्मबहनों को अंतिम मन्नत ग्रहण करने पर बधाई दी। विधायक ने कहा कि आज के आधुनिक युग में समर्पण का जीवन ब्रह्मचारी जीवन जीना काफी कठिन है। लेकिन ईश्वर आपके साथ है। आप अपने दायित्व पर खरा उतरें। विधायक ने कहा कि धर्म बहनों ने अपने जीवन की खुशियां गरीब एवं असहाय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया हैं। विधायक ने कहा कि अनेकों कठिनाईयों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए धर्म बहनों ने यह मुकाम हासिल किया है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजित लकड़ा, शीतल एक्का, उर्मिला केरकेट्टा सहित काफी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित थे। मौके पर बिशप ने अपने संदेश में कहा कि धर्म बहनों का जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित होता है। उन्होंने सभी सुख सुविधा त्याग कर मानव सेवा में दिन रात जुटी रहती है। आज ये पांचो धर्म बहनें अपनी अंतिम मन्नत ले रही है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जनरल ऑब्जर्वर पहुंचे सिमडेगा

**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर सिमडेगा जिला में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन जनरल ऑब्जर्वर दोरजे चेरिंग नेगी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सम्पन्न किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल- 3695 कर्मियों के मतदान दलों का गठन कर रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के दौरान उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने जनरल ऑब्जर्वर दोरजे चेरिंग नेगी को जिले में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों से अवगत कराया। साथ ही उपायुक्त ने जनरल ऑब्जर्वर को बताया कि जिले की वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया है, पोलिंग पार्टी एवं मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, धूप से बचने के लिए शेड की व्यवस्था भी करने का निर्देश दिया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में झारखण्ड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम कर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बारह छात्र छात्राओं जिनमें शिल्पा कुमारी 92%, संदीप सिंह 90.6%, विकास सिंह 90.6%, गुंजा कुमारी 90.4%, महिमा कुमारी 89.8%, अंजना सोरेंग 89.4% , भैया अभिजीत कुमार 88.2%, मोली कुमारी 86.4% , खुशी कुमारी 86.2% पवन कुमार साहू 85.8% , निक्की कुमारी 85.4% और मन्नू कुमारी 85% अंकों की उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया । आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए हनुमान बोंदिय ने बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय द्वारा सिंचित शिक्षा , संस्कार, सेवा, स्वावलम्बन सहित सदाचारिता, समयपाबंद और राष्ट्रवादी व्यक्तित्व को आजीवन आत्मसात करने और उन्नत समाज के निर्माण में यथाशक्ति सहयोग समर्पित करने का संदेश दिया।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के सेक्रेट हर्ट पब्लिक स्कूल के समीप रविवार सुबह तेज रफ्तार दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे स्थानिय लोगों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस के द्वारा आनन फानन में कुरडेग पी एच सी लाया गया जहाँ पी एच सी में तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया सभी घायलो को अधिकतर चोट माथे पर लगी दोनो बाइक के चालक हेलमेट नही पहने थे स्थानिय लोगों के अनुसार कुरडेग एवं सिमडेगा की तरफ से आ रही बाइक सवार के आपस में टकराने से सभी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानिय लोगो ने बताया कि सिमडेगा की ओर से अपची बाइक में चार लोग तेज गति से कुरडेग की ओर आ रहे थे जबकि तीन लोग कुरडेग से सिमडेगा की ओर जा रहे थे घायलो की पहचान अपाची चालक बिराज टोप्पो लेपड़ी पाड़ा जिला सुन्दरगढ़ उड़ीसा के रूप में हुई। साथ बैठे दो युवती एवं एक युवक को हल्की चोट लगी ।वहीं दूसरे बाइक चालक की पहचान सेवा निवृत जनसेवक रंथू साहू , नजीमा खातून , ईंदू कुमारी सभी घाघमुण्डा निवासी बताया गया कि रंथु साहु अपने बन रहे नये पेट्रोल पम्प में काम कराने के लिए दोनो युवतियों को बाइक में बैठा कर ले जा रहे थे इसी बीच दुर्घटना हो गई। थाना प्रभारी बिनायक कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पुलिस पदाधिकारी भेजकर सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के हेतू सदर अस्पताल भिजवा दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### बाबूलाल मरांडी आज बानो में, विधायक व कार्यकर्ताओं ने लिया जायजा



**बानो।** लोकसभा चुनाव को लेकर 29 अप्रैल 2024 को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बानो प्रखंड के सोए गांव के भट्टा बगीचा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन सभा होगी। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल का विधायक कोचे मुंडा, बानो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने निरीक्षण किया। मौके पर थाना प्रभारी बिकास कुमार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर हेली पैड, पेयजल व्यवस्था, आवागमन व्यवस्था आदि का जायजा लिया।

### बेहरीनबासा गांव के तेज कुमार तिर्की 9 मार्च से लापता, पत्नी ने बोलबा थाने में दिया आवेदन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत बेहरीनबासा गाँव के तेज कुमार तिर्की ने पिछले 9 मार्च से लापता । इस मामले में तेज कुमार तिर्की के पत्नी कल्याणी तिर्की ने बोलबा थाने में लिखित आवेदन देकर अपने पति तेज कुमार तिर्की को खोज कर लाने कि बात कही है ।जानकारी देते हुए कल्याणी तिर्की ने कहा कि मेरे पति तेज कुमार तिर्की उम्र करीब 45 वर्ष ऊंचे कद के आदमी है जो 9 मार्च 2024 कोअहमदाबाद हावड़ा ट्रेन नंबर12833 सूरत में ट्रेन पड़कर अपने घर लौट रहे थे । जिसकी मानसिक स्थिति कुछ सही नहीं थी। वे मजदूरी करने के लिए महानगर सूरत गए हुए थे । जिनका पता अभी तक नहीं चल पा रहा है ।पत्नी कल्याणी तिर्की ने कहा कि हमारे गांव के समीर तिर्की बेहरीनबासा टोंगरी टोली के निवासी ही महानगर इन्हें कमाने ले गए थे ।कल्याणी तिर्की ने कहा कि मेरे घर में एक यही कमाऊ व्यक्ति है। जिनके इस तरह से गायब हो जाने से हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । ।परिवार के लोग तेज कुमार तिर्की के इतने दिन गुमशुदगी हो जाने के बाद कहीं कोई अनहोनी तो नही घट गई है । जिसको लेकर काफी चिंतित रहते हैं ।पत्नी कल्याणी तिर्की ने अपने पति को जल्दी खोज कर लाने की गुहार प्रशासन से लगाई है।

### बोलबा में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित थाना गेट के पास बोलबा पुलिस ने वाहन चेकिंग किया।इस मौके पर बताया गया कि आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर, अपराध नियंत्रण, दुर्घटना नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग किया गया । इस दौरान वाहन चालक ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के रजिस्ट्रेशन पेपर, इन्सुरेंस पेपर आदि की जांच की गई । इस दौरान बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाने वाले एक व्यक्ति के वाहन का काटा गया चलाना । इस मौके पर एएसआई सुनील टोपनो सहित पुलिस बल मौजूद थे ।

### चीक बड़ाईक समाज के सदस्यों ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से की मुलाकात



**बानो।** चीक बड़ाईक समाज के सदस्यों ने जनजातीय कृषि एवं विज्ञान केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा से मुलाकात किया रविवार को बानो ,रनिया , तोरपा व खूंटी के बड़ाईक समाज के सदस्य खूंटी स्थित गोल्डन पैलेस मुलाकात कर सामाजिक समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा चीक बड़ाईक समाज के कोई समस्या के सहयोग के लिए तत्पर है।उन्होंने ने आप एक जुट होकर अपनी समस्याओं को उचित विभाग के पास जाकर निराकरण कराएं । समाज कई वरिष्ठ सदस्य व विभिन्न सरकारी पदों पर है वे ततपरता से कार्य मे लग जाएं । मौके पर खूंटी चीक बड़ाईक समाज के जिला अध्यक्ष सहदेव बड़ाईक, तोरपा प्रखण्ड अध्यक्ष लछमी नारायण बड़ाईक, बानो प्रखण्ड अध्यक्ष शिवनंदन बड़ाईक, रनिया प्रखण्ड अध्यक्ष रबिंद्र बड़ाईक, विश्वनाथ बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक, फिरू बड़ाईक, राजेश बड़ाईक, संजय बड़ाईक, रूपेश बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

### खूंटी से निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व विधायक बसंत लोंगा ने कहा, जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा



**सिमडेगा।** खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा ने रविवार को अपने आवास में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जहां पर उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी से लोग ऊब चुके हैं और ऐसे में इस क्षेत्र की जनता विकल्प के रूप में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मुझे सहयोग करेंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा । उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जल जंगल जमीन एवं आदिवासियों के हार का अधिकार को संसद के पटल पर रखने के लिए हम कार्य करेंगे जिससे कि इस क्षेत्र का भला हो सके। उन्होंने कहा कि आज वर्तमान परिपेक्ष में जनता का समर्थन प्राप्त हो रहा है और हम प्रत्येक घर से सहयोग के रूप में 1 केजी चावल 10 सहयोग लेकर उनके बीच वोट मांगने का काम कर रहे हैं ताकि उसे सहयोग राशि से हम इस क्षेत्र में चुनावी कैंपेन कर सके और इसके लिए खूंटी लोक सभा अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को अभी से ही कार्य में लगाए हैं और साथ ही विशेष कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन की जा रही है जो लगातार चुनाव में मॉनिटरिंग करेगी। उन्होंने भाजपा कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए लोगों को छलने का आरोप लगाया।

**धानघरा गांव में पानी के लिए रात भर ग्रामीण करते हैं संघर्ष**

# पानी नहीं तो वोट नहीं, पानी की वजह से नहीं हो रही शादी



**विकास साहू, सिमडेगा**

लोकसभा चुनाव 2024 का बिंगुल चुका है और 13 मई को सिमडेगा जिले में मतदान होना है ऐसे में सभी पार्टियों अपने विकास के दावे कर रही है ।तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में विकास के दावे पूरी तरह से जीरो दिखाई देती है भले केंद्र एवं राज्य सरकार हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा करती है लेकिन कई क्षेत्रों में आज भी पीने की पानी की समस्या का दंश झेल रहे है। भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप में जहां एक और लोग प्यास की तरफ से तड़प रहे तो वह दूसरी और पानी को लेकर लोग परेशान है। मामला पाकरटांड प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत धानघरा गांव की है जहां पर आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। चारों ओर जंगल एवं पहाड़ों से घिरा हुआ इस गांव में करीब 20 से 25 परिवार रहते हैं लेकिन इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। गांव का मुख्य सड़क पगडंडी है जिसके सहारे लोग आवागमन करते हैं। गांव का मुख्य मुद्दा पीने की पानी की है जिसको लेकर गांव में कई बार लड़ाई झगड़ा और कई बार आपसी मन मुटाव होती है। गांव में पीने की पानी को लेकर ग्रामीण रात 2:00 बजे से ही संघर्ष करते हैं तब जाकर उन्हें पीने की पानी मिलती है। मामले की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय नवीन मेल ग्राउंड जीरो पर रिपोर्टिंग करने के लिए पहुंची जहां पर सत्य पाया।

**क्या है मामला**

बताया गया कि गांव चारों ओर जंगल पहाड़ों से घिरा हुआ है जहां पर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एक जल मीनार लगाया गया है लेकिन आज तक उसे शुरू नहीं किया गया है इसके अलावा गांव में दो चापानला था जिसमें एक खराब है और 1 से पानी नहीं के बराबर निकलती है। ऐसे में ग्रामीण गांव के ही एक खेत में बने कुआं पर निर्भर हैं जिसका गंदा पानी पीने के लिए रोज रात को करीब 2:00 से ही लोगों को मेहनत करना पड़ता है। गांव की ओर उर्सला बिलुंग,सावित्री देवी,शंकर महतो, शहीद गांव के करीब 20 से 25 महिलाओं ने सामूहिक रूप से बताया कि पानी लाने के लिए गांव के लोग पहले सुबह पहुंच जाते हैं और जिस कुआं से पानी लाते हैं वहां पर भी भीषण गर्मी की वजह से पानी ज्यादा नहीं रहता है ऐसे में गांव वाले सभी लोग बराबर हिस्से में पानी का बंटवारा करते हैं ताकि सबका घर का चूल्हा चौकी जल सके। गांव के लोगों से बात करने पर उन्होंने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई सुनने वाला नहीं है गांव में सड़क नहीं है लेकिन गांव के लोग इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दिया लेकिन पीने की पानी को लेकर समस्या को राष्ट्रीय नवीन मेल के समक्ष रखा। मौके पर गांव के युवक ने बताया कि सरकार द्वारा आवास तो मिला है लेकिन पानी की वजह से आवास बनाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर पानी लाने जाना पड़ता है जिसके बाद आवास का काम होता है ऐसे में आवास मिलना नहीं मिलना बराबर है।

# सिमडेगा में ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान ठेठईटांगर के केरिया में बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया । इस बेल्ट परीक्षा में सिमडेगा जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 80 बालक एंव बालिकाओ प्रतिभागियों ने भाग लिया । सबसे पहले जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव जुनास डांग एंव राष्ट्रीय रेफरी अजय सिंह ने सभी प्रतिभागियों को देश का पर्व आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के बारे बताया गया और अपने अभिभावकों को आगामी 13 मई 2024 को अपना वोट देने के लिए प्रेरित करने का बात बोला गया। सचिव सह मुख्य प्रशिक्षक जुनास डांग ने सभी प्रतिभागियों को ताइक्वांडो के नए नए पैर पैतारे.किक पंच.ब्लॉक .के गुर सिखाए एंव राष्टीय रेफरी अजय सिंह के द्वारा ताइक्वांडो की आत्मा पूम्से सिखाया गया ।इस बेल्ट परीक्षा में बालक के अपेक्षा बालिकाओ की उपस्थिति एंव ताइक्वांडो आत्मरक्षा सीखने की जुनून अधिक दिखाई दिया । इस प्रतियोगिता में र३ पीटर इंग्लीश मीडियम स्कूल ठेठईटांगर के 14 एंव विवेकानन्द शिशु विद्यामंदिर लचरागढ़.कोलेबिरा के 28 तथा उच्च विद्यालय लमबई से 3 एंव अन्य विद्यालयों से 35 बालक एंव बालिकाओं ने भाग लिया ।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में राष्ट्रीय रेफरी सह प्रशिक्षिका - मनी कुमारी , राजेन्द्र मांझी, मुन्ना ग्वाला एंव 23 पीटर इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षिका मधु डुंगडुंग शिक्षक सुमन तिर्की का महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।

# धनबाद में नामांकन के बहाने शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

### 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो तो एक मई को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा करेंगी नामांकन





**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
कोयलांचल में सियासी तपिश बढ़ते जा रही है। खासकर के सरयू राय, ढुल्लू महतो और अनुपमा सिंह प्रारंभिक जुबानी जंग के बाद अब राजनीतिक ताकत दिखाने की बारी है। इसे लेकर कोयलांचल में गहमा-गहमी काफी बढ़ गई है। मालूम हो कि धनबाद संसदीय सीट में चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो गई है। नामांकन को लेकर भाजपा एवं कांग्रेस के प्रत्याशी शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में है। कोयलांचल की राजनीति को करीब से समझने वाले कहते हैं कि दोनों खेमा नामांकन के दिन रोड शो और सभा में भारी भीड़ जुटा एक-दूसरे पर शुरूआती बढ़त के मनोवैज्ञानिक दवाब बनाने की कोशिश करेंगे। 30 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। एक दिन बाद कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह एक मई को नामजदगी का पर्चा भरेंगी। दोनों खेमों से जोरदार शक्ति प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। मौके पर दोनों दलों के स्टार प्रचारक भी अपने अपने प्रत्याशियों के उत्साहवर्द्धन के लिए मौजूद रहेंगे। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो के नामांकन पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता मौजूद रहेंगे। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का हौसला बढ़ाने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी,प्रदेश अध्यक्ष से लेकर झामुमो के स्टार प्रचारकों के आने की संभावना है। कल्पना सोरेन तक के नाम भी शामिल हैं ट्रेड यूनियन पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच जंग नामांकन के बाद पता चलेगा की धनबाद संसदीय सीट के लिए कितने प्रत्याशी ताल ठोकेंगे। वैसे अब तक के संकेतों के अनुसार पिछले कई चुनावों की तरह इस बार भी भाजपा एवं कांग्रेस के बीच जंग है। इस बार दोनों दलों ने ट्रेड यूनियन पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों को अवसर दिया है। ढुलू महतो का कोयलांचल में राजनीतिक उभार मजदूर नेता के रुप में हुआ। ट्रेड यूनियन के सहारे ही ढुलू महतो ने कोयलांचल की राजनीति में मजबूत जगह बनाई और लगातार तीन बार से जिले के बाघमारा विधान सभा से विधायक हैं। भाजपा ने पहली बार किसी यूनियन नेता को धनबाद से प्रत्याशी बनाया है। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। राजनीति या ट्रेड यूनियन से व्यक्तिगत रुप से पहले से तो जुड़ी नहीं रही हैं लेकिन अनुपमा के ससुर दिवंगत राजेंद्र प्रसाद सिंह और पति जयमंगल सिंह(बेरमो विधायक) ट्रेड यूनियन के सहारे ही कोयलांचल में राजनीतिक जगह बनाई हैं।

## एक नजर

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी करमपदा की नवनिर्मित जलमीनार

**किरीबुरु।** सारंडा के करमपदा गांव में हर घर, जल, नल योजना का कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा. इस गांव में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से 10 स्थानों पर अलग-अलग डीप बोरिंग एवं जलमीनार बनाकर तमाम लोगों के घरों में पानी पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ हुआ था. इससे ग्रामीणों में भारी हर्ष था. लेकिन गांव का सबसे बड़ा आठ हजार लीटर पानी क्षमता वाला जलमीनार का आरसीसी टंकी में पानी चढ़ाकर ट्रायल लिया गया तो इस टंकी से पानी लीकेज की समस्या आ गई. इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है. करमपदा के मुंडा राजेश और चन्द्रराम मुंडा ने बताया की सरकार तो पैसा खर्च कर रही है लेकिन ठेकेदार व अधिकारी मिलकर इस पैसा का बंदरबांट कर भारी भ्रष्टाचार से कार्य कर रहे हैं जिससे तमाम योजनाएं सारंडा में फेल हो रही है और इसका लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है. फेल होती ऐसी योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर कार्यवाही नहीं होती तथा पूरा पैसा की निकासी हो जाती है. सरकार इस मामले को गंभीरता से ले अन्यथा हम ग्रामीण सड़क पर उतरने को मजबूर हैं।

### तालगड़िया कोल डंप के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बोकारो।** चंदनकियारी प्रखंड के अमलाबाद ओपी क्षेत्र के तालगड़िया में कोल डंपिंग के समीप रविवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की. शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस कयास लगा रही है कि संभवतः लू लगने से व्यक्ति की मौत हुई होगी. इधर, कुछ ग्रामीणों का कहना है कि दो-तीन दिन पहले एक विक्षिप्त व्यक्ति को क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया था।

### नीमडीह में हत्या की नीयत से किया जा रहा था युवक का अपहरण

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम युवक के अपहरण का प्रयास करने का मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है. युवक की प्रेमिका के परिजनों ने ही हत्या करने की नीयत से अपहरण किया जा रहा था. लेकिन ग्रामीणों की सजगता और पुलिस की सक्रियता के कारण अपहरणकर्ता अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके और सलाखों के पीछे भेज दिए गए. नीमडीह थाना की पुलिस ने पांच अपहरणकर्त्ता को घटना के आधा घंटा के अंदर दबोच लिया था. अपहत ने पूछताछ के दौरान बताया कि चांडिल थाना के भुईयाडीह निवासी दिवंगत मेघनाथ महतो की बेटी सुशीला महतो के साथ प्रेम प्रसंग होने का गलत आरोप लगाकर पांचों व्यक्तियों द्वारा उनका अपहरण कर जान मारने के नियत से मारपीट किया जा रहा था. वहीं गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को बताया कि जान मारकर लाश को जंगल में फेंकने का प्लान था।

## पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को लाया थाना

**गिरिडीह।** बिरनी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर एक युवक को पूछताछ के लिए बिरनी थाना लाया गया। पूछताछ के बाद के पुलिस ने युवक को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया। युवक बिरनी थाना क्षेत्र के गौविंदाडीह का कार्तिक यादव बताया जाता है। देश में चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। जिला पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाई हुई है। जिसके आपत्तिजनक पोस्ट करने वालो को छोड़ा नहीं जाएगा। इधर बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर कार्तिक यादव नामक ने आपत्तिजनक पोस्ट किया था। जिस कारण उसे पकड़कर बिरनी थाना लाया गया। उसके बाद उसे हिदायत देते हुए छोड़ा गया। थाना प्रभारी ने कहा कि आगे से छोड़ा नहीं जाएगा। गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा। जिसमें संबंधित ग्रुप के सभी एडमिन भी नपेंगे।

## भाजपा ने चंदा लेकर जनता को लूटने का दिया छूट : राजेश यादव



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा माले ने आज सदर प्रखंड के लेदा में जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने और इसके लिए घर-घर से चुनावी संघर्ष कोष में ?20 सहयोग देने का भी आह्वान किया गया। लेदा में जन संपर्क अभियान की अगुवाई पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, कोडरमा में सर्वाधिक बार भाजपा के ही सांसद होने पर भी पूरा लोकसभा का क्षेत्र उपेक्षित है। जनता के ज्वलंत सवालों का भी समाधान नहीं हो सका। सांसद मद भी पूरा खर्च नहीं हो पाता। माले नेता ने लेदा के लोगों से इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह को जिताने और इसके लिए चुनावी संघर्ष कोष में भी प्रत्येक घरों से 20 रुपया सहयोग देने की अपील की।

## चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

### अपराधियों के पास से 19 मोबाइल, 18 सिम, 01 एटीएम और 01 बाइक भी जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस को साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। एक बार फिर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से मिली सूचना के आधार पर मुफ्फसिल व अहिल्यापुर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 19 मोबाइल, 18 सिम, 01 एटीएम और 01 बाइक जब्त करने की भी सूचना है। साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम को यह सफलता मिली है। गिरफ्तार अपराधियों में देवघर सारठ के बाराटांड का 25 वर्षीय विष्णु कोल, बेंगाबाद का 32 वर्षीय मुकेश कुमार मंडल, अहिल्यापुर चामलिटी का 23 वर्षीय विकास कुमार मंडल, देवघर बुढई दारवे का बिरेन्द्र मंडल शामिल है। बताया जाता है कि साइबर अपराधी पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को मातृत्व राशी का लाभ दिलाने के नाम पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फर्जी सिम से फर्जी लिंक भेजकर पैसे की ठगी करते थे। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पुनित कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, आरक्षी दामोदर प्रसाद मेहता, जितेन्द्र नाथ महतो भी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### छौड़िया एवं छबिसा गांव के लोगों ने कहा, पुल नहीं तो वोट नहीं, सड़क नहीं तो वोट नहीं



**घाटशिला।** घाटशिला के छौड़िया एवं छबिसा गांव के ग्राम प्रधान चद्रंमोहन हांसदा, सीताराम किस्कू, वार्ड सदस्य विश्वजीत गोप तथा ग्रामीण द्वारा रविवार को अपनी मांग को लेकर बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया कि पुल नहीं तो वोट नहीं, सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्रामीणो द्वारा वर्षो से मांग कर रही है कि धालभूमगढ़ से छौड़िया व छबिसा जाने के लिए कोई पककी सड़क नहीं जो सड़क है वह भी ठीक नहीं है. इसके अलावा पांपू घाट में पुल की अत्यंत आवश्यकता जो काफी जरूरी है. यहां पुल बन जाने से धालभूमगढ़ को सीधे मुसाबनी को जोड़ेगी इससे लोगों को काफी सुविधा होगी एवं तब जा कर आवागमन संभव होगा.साथ ही नरसिंहगढ़ में रेलवे फाटक की समस्या है कारण कि नरसिंहगढ़ से छौड़िया छबिसा को जोड़ने वाली कच्ची सड़क रेलवे के जगह में है और रेलवे अपनी जगह कभी नहीं जोड़ेगी फिर गांव वाले कैसे नरसिंहगढ़ आएंगें यह बडी.समस्या है. इसका समाधान की दिशा पहल किया जाएगा तो पूरा गांव शत प्रतिशत वोट करेगा नही तो वोट बहिष्कार किया जाएगा. बैठक में मुख्य रूप से चंद्र मोहन हांसदा, सीताराम किसकु, विश्वजीत गोप, जोगेश हेम्ब्रम, धनपति हांसदा, चांदराय हांसदा, बलराम सिंह, सनातन हांसदा, बादल मंडल, अशोक मंडल, सुभाष गोप, दुलाराम हांसदा, बाबलू हेम्ब्रम, लुगु बास्के, बुद्धशवर मुर्मू, मुगली किस्कु, दुल्हन हांसदा, चम्पा हांसदा, बासंती हांसदा, लक्ष्मी टुडू, आरती धीवर, सपना सिंह, अपरना मंडल, निर्मला मंडल, शोभा रानी मंडल, रंग मंडल, कमला गोप, सविता गोप आदि लोग उपस्थित थे।

### हाथी का दल शिशु हाथी के शव को घसीट कर ले गया पश्चिम बंगाल की सीमा पर

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के सांड्रा पंचायत अंतर्गत पश्चिम बंगाल सीमा से सटे लुगाहारा गांव के पास काजू जंगल में विगत शनिवार को एक शिशु हाथी का सड़ा गला शव पाया गया था. वहीं शिशु हाथी की मृत्यु विगत चार दिन पहले पश्चिम बंगाल के जंगल में हो गई थी. जिसे हाथियों के दल घसीटते हुए झारखंड सीमा क्षेत्र के गांव लुगाहारा के पास लाकर छोड़ दिया था.साथ ही शव के पास एक शिशु हाथी सहित 15 हाथियों का दल जमे हुए थे. जिसके कारण वन विभाग की टीम शव तक पहुंच पाने में अक्षम रहे. वहीं रविवार सुबह शिशु हाथी का शव मौके पर से गायब था. ग्रामीणों का कहना है कि हाथी के दल शिशु हाथी के शव को लेकर पुणः पश्चिम बंगाल सीमा क्षेत्र में चले गए. उधर वन विभाग की टीम हाथियों के विचरण पर कड़ी नजर रखी हुई है।



### कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकू कांग्रेस में लौटे



**चाईबासा।** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकू रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में पुनर्वापसी कर ली है. प्रदेश कार्यालय में पीसीसी अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला पहना कर विधिवत शामिल कराया. उनके साथ पीसीसी महासचिव सह सांगठनिक प्रभारी नीरज खालको और अन्य उपस्थित थे. प्रदेश कार्यालय में पार्टी में शामिल होने के बाद पत्रकारों से सन्नी सिंकु ने कहा कि हम एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं.उन्होंने कहा कि भावावेश में आकर हमने 9 नवंबर 2019 को जिला अध्यक्ष और प्राथमिक सदस्यता से अपने सहयोगियों के साथ पार्टी से त्यागपत्र दिया था. लेकिन कांग्रेस के 21वीं सदी के महान नेता राहुल गांधी से उत्प्रेरित होकर राष्ट्रीय झंडा लेकर हम भी निरंतर जन मुद्दा पर पदयात्रा करते रहे हैं. चाहे किसानों की बहुफसली सिंचित कृषि भूमि बचाने के लिए पदयात्रा करना पड़ा हो या स्थानीय युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी में रखने के लिए पदयात्रा करना पड़ा हो. साथ ही तीन किसान काला कानून के खिलाफ ट्रैक्टर रैली करना पड़ा हो या मणिपुर की घटना पर प्रदर्शन करना रहा हो।

### वोट वॉकथॉन में शामिल हुए बोकारो के लोग



**बोकारो।** बोकारो जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है. इसी कड़ी में इसी क्रम में रविवार की सुबह डीसी विजया जाधव की अगुवाई में वोट वॉकथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें अधिकारियों, डॉक्टरों के साथ आमलोगों ने दौड़ लगाई. डीसी ने गुब्बारा छोड़कर इसका शुभारंभ किया. वोट वॉकथॉन सेक्टर 5 पत्थरकट्टा चौक से शुरू होकर सेक्टर वन राम मंदिर चौक पहुंचकर समाप्त हुआ. इस अवसर पर डीसी ने लोगों से कहा कि जिस उत्साह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, उसी उत्साह के साथ 25 मई को अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करें. मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, जो पांच वर्षों में एक बार आता है. इस पर्व में शामिल होने में कोई चूक नहीं करनी है. स्वयं मतदान करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें. मौके पर निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी डीडीसी संदीप सिंह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्ता, मीडिया कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी मेनका, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, साकेत कुमार पांडेय, मुख्यालय डीएसपी आशीष कुमार महली, प्रेक्षक कोषांग के सदानंद महतो सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, आईएमए, निजी नर्सिंग अस्पताल संघ, ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

## चॉकलेट डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में लगी आग दो लाख का नुकसान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो डिमना रोड स्थित एक चॉकलेट डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई. घटना के रविवार की छुट्टी होने के कारण गोदाम बंद था. गोदाम से धुआँ निकलता देख पास ही एक मेडिकल दुकान वाले ने डिस्ट्रीब्यूटर सूरज पोद्दार को फोन पर घटना की सूचना दी. इधर, सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन का एक दमकल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया.मौके पर पहुंचे डिस्ट्रीब्यूटर सूरज ने बताया कि घटना से थोड़ी देर पहले ही वे गोदाम बंद कर घर के लिए निकल गए थे. पड़ोसी दुकानदार ने फोन कर घटना की सूचना दी. सूरज ने बताया कि पास ही बिजली का ट्रांस्फर्मर है. संभवतः शॉर्ट सर्किट ने चिंगारी निकली होगी जिससे गोदाम में आग लगी गई होगी. सूरज ने बताया कि आग से लगभग दो लाख का नुकसान होने का अनुमान है।

## गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य : अमल दास

### सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट लड़कियों का भविष्य संवारता है



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा एवं स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास निदेर्शानुसार गिरिडीह जिला के विभिन्न क्षेत्रों में संस्था की ओर से चिन्हित सात जरुरतमंद गरीब लड़कियों जैसे लोहपट्टी पचम्बा निवासी नरेश साव के पुत्री अंजलि कुमारी, चिलगा निवासी पूरन दास के पुत्री अनिता कुमारी, कोलडीहा निवासी अलाउद्दीन अंसारी के पुत्री साबिया प्रवीण, पचम्बा निवासी मो जब्बार के पुत्री रिजवाना प्रवीण,बोडो निवासी बंधु दास के पुत्री कविता कुमारी और 16 नंबर चुंजका के मकसूद मियां की पुत्री सितारा कुमारी एवं मो दिलशाद अंसारी की पुत्री उजाला प्रवीण के शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से तीन-तीन हजार रुपए का चेक संस्था के गिरिडीह जिला प्रभारी मुख्तार अंसारी द्वारा लड़की के माता पिता के हाथों ग्रामीणों के उपस्थिति में सौंपा गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जिला प्रभारी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से आरंभ किया गया था जो आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल में भी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्था स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर का सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही है, इससे हमारे देश में बीमारी से जूझ रहे परिवार को राहत मिल सकती है। क्योंकि इस महंगाई के दौर में गरीब लोगों को बीमारी का इलाज कराने में बहुत कठिनाई होती है। इसे देखते हुए संस्था निशुल्क दवा हर घर पहुंचना संस्था के अहम भूमिका निभा रही है। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था की मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ना है।

## टाटा-हाता मार्ग पर बस व कार में टक्कर, महिला की मौत, दो घायल



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले टाटा-हाता मुख्य मार्ग पर तेंतला के पास एक बस और कार में सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं इस घटना में कार सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गए. टक्कर के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को किसी तरह कार से निकाला गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया.वहां से जांच के बाद दोनों घायलों को एमजीएम रेफर कर दिया गया. घायलों में परसुडीह खासमहल निवासी चंदन महापात्रा और उसका साला असीम दास शामिल है जबकि चंदन के पत्नी की मौत हो गई है. वहीं चंदन को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया है।

# आज से धनबाद में शुरू होगा लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
लोकसभा चुनाव के लिए धनबाद सीट पर सोमवार से नामांकन शुरू होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार को डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा की ओर से स्थानीय स्तर पर चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। दिन से ग्यारह बजे से नामांकन शुरू होगा। नामांकन तीन बजे दिन तक चलेगा। नामांकन के लिए सुरक्षा के सभी उपाय कर लिए गए हैं। समाहरणालय परिसर तथा प्रवेश द्वार पर पुलिस तथा दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। समाहरणालय परिसर में बगैर अनुमति के प्रवेश पर रोक रहेगी।छह मई तक नामांकन की तिथि : लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की शुरूआत 29 अप्रैल को होगी तथा यह छह मई तक चलेगी। दिन के 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन होगा। तीन बजे तक जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में आनेवाले सभी प्रत्याशी को उसी दिन नामांकन कराया दिया जाएगा।

सरकारी छुट्टी तथा रविवार के दिन नामांकन नहीं होगा। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई को मतदान होगा। 4 जून को मतगणना होगी तथा इसी दिन परिणाम की भी घोषणा कर दी जाएगी। 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।मान्यता प्राप्त दलों के प्रत्याशियों के लिए एक प्रस्तावक : लोकसभा चुनाव लड़ने के नामांकन पत्र में प्रस्तावक का होना जरूरी है। बगैर प्रस्तावक के नामांकन पत्र रद्द कर दिए जाएंगे। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को लिए नामांकन के लिए एक प्रस्तावक की जरूरत होती है।

गैर मान्यता प्राप्त दल या फिर निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए दस-दस प्रस्तावक होना जरूरी है। प्रस्तावक को स्थानीय होना चाहिए। मतलब यह कि प्रस्तावक धनबाद लोकसभा क्षेत्र के वोटर ही बन सकते हैं। दूसरे किसी लोकसभा क्षेत्र के वोटर प्रस्तावक नहीं बन सकते हैं।अधिकतम पांच लोगों को ही मिलेगा प्रवेश नामांकन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी के चैंबर में अधिकतम पांच लोगों को ही प्रवेश मिलेगा। इससे अधिक लोगों के जाने पर रोक रहेगी। नामांकन की पूरी प्रक्रिया की निगरानी सीसीटीवी से होगी। साथ ही साथ पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएंगी।

## कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने पार्टी से दिया इस्तीफा

### निर्दलीय लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर के कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है. रविवार को साकची के एक होटल में प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी से इस्तीफा देने की पुष्टि की. इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव निर्दलीय लड़ने की भी घोषणा की. जितेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार से लोकसभा चुनाव का नॉमिनेशन होना है और अंतिम दिन तक पार्टी ने प्रत्याशी को घोषणा नहीं की है. इससे लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे है. लोग इसे मैच फिक्सिंग का भी नाम दे रहे है और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है. इन्ही सब बातों को लेकर उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव लडने का मन बना लिया है ताकि वे जनता की सेवा कर सके.जितेंद्र सिंह ने बताया कि वे बीते 35 साल तक कांग्रेस का दामन थामा था. अंत तक वे चुनाव के दावेदार थे. अंत में उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देकर खुद चुनाव लडने का मन बना लिया है. उन्होंने सीधे तौर पर विद्युत वरण महतो ने लोगों का वोट खरीद लिया है. उनके कार्यकर्ता भी दुखी है. 10 साल तक सांसद रहने के दौरान उन्होंने लोगों के लिए कुछ भी नही किया है।

## बड़ी समस्या है कचरा प्रबंधन

***झारखंड*** समेत पूरा देश कचरा की समस्या से जूझ रहा है। कचरा प्रबंधन एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन गया है। सिंगापुर और इंदौर जैसे कुछ शहरों में सुनियोजित तरीके से कचरे का प्रबंधन किया जाता है। दिल्ली सरकार चाहे तो सिंगापुर से कचरा प्रबंधन की सीख ले सकती है। सिंगापुर जैसे देश में भी कचरा प्रबंधन की चुनौती थी। देश की बढ़ती आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने इस दिशा में मुश्किल खड़ी कर दी थी। वर्ष 2016 में एक दिन में रिकॉर्ड 8,559 टन कचरा इकट्ठा किया गया था। वहीं 2019 में 72 लाख टन से अधिक ठोस कचरा पैदा हुआ। इसमें से 29.5 लाख टन कचरे को रीसाइकल नहीं किया जा सका। यह कचरे की एक बड़ी मात्रा थी, जिसे सावधानी पूर्वक और कुशलता से प्रबंधित करने की जरूरत थी। पर अब सिंगापुर ने इस समस्या को हल करने का एक आसान तरीका खोज लिया है। सिंगापुर में राष्ट्रीय पर्यावरण एजेंसी (एनईए) सभी सामान्य और खतरनाक कचरे की देखरेख करती है। कचरा इकट्ठा करने के बाद उसे एक भस्मीकरण संयंत्र में एक हजार डिग्री सेल्सियस तापमान पर जलाया जाता है। जलने के बाद जो राख बचती है, उसे ऐसे पानी में बहाया जाता है, जो समुद्र में न मिलता हो। इसके अलावा रीसाइक्लिंग का भी विकल्प है, लेकिन सभी सामग्रियों को रीसाइकल नहीं किया जा सकता है, जैसे पॉलीस्टाइनिन। यही बात खाद बनाने पर भी लागू होती है, क्योंकि केवल जैविक सामग्री, जैसे भोजन और पेड़ के स्क्रैप से ही खाद बनाई जा सकती है। इसलिए भस्मीकरण को सबसे अच्छा उपाय माना जाता है। कचरों को जलाने के क्रम में निकलने वाली जहरीली गैस को वैज्ञानिक तरीके से छान लिया जाता है, जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होता। कचरे के दहन से उत्पन्न गर्मी का उपयोग बिजली उत्पादन में किया जाता है। यहां के लोग खुद ही कागज, प्लास्टिक और कांच के कचरे को रीसाइकल करते हैं। भारत में 75 प्रतिशत पुनर्नवीकृत करने योग्य कचरे के केवल 30 प्रतिशत का ही पुनर्नवीनीकरण हो पाता है। इसलिए अपशिष्ट प्रबंधन व्यवसाय में विकास की काफी संभावना है। कई उद्यमी कचरे के प्रबंधन और इसे महत्वपूर्ण संसाधनों में बदलने के नए तरीकों के बारे में सोच रहे हैं। बढ़ते घनत्व और तेजी से औद्योगिकीकरण के कारण बड़ी मात्रा में जहरीले और गैर-खतरनाक कचरा उत्पन्न होते हैं। कचरे में कई तरह की वस्तुएं होती हैं। इनमें प्लास्टिक से बनी बोतलें, प्लास्टिक से बनी फिल्में, फोम और कठोर प्लास्टिक रेशे तथा अन्य चीजें शामिल हैं। कुछ नगर पालिकाएं और निगम सामान्य उपयोग के लिए लेबल वाले कंटेनरों को खुले में रखकर आवासीय और वाणिज्यिक ग्राहकों के लिए रीसाइक्लिंग डिब्बे उपलब्ध कराकर रीसाइक्लिंग को सरल बनाते हैं। पुनर्चक्रण के अनगिनत फायदे हैं और अधिक से अधिक चीजों को पुनः उपयोग लायक बनाकर हम अपने ग्रह को साफ करने में मदद कर सकते हैं। रीसाइक्लिंग न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा है। भारत में सामग्री रिकवरी का बाजार प्रति वर्ष 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और 2024 तक इसके 537.2 लाख डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय रीसाइक्लिंग निर्माता उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। देश में इस समय कचरे की रीसाइक्लिंग प्रबंधन की दस कंपनियां हैं। इनकी प्रमुख सेवाओं में अपशिष्ट संग्रह, पुनर्चक्रण, निष्कासन और खतरनाक रसायनों का संग्रह, ढुलाई, प्रसंस्करण, प्लास्टिक पुनर्चक्रण और विनाश, कंटेनर किराये पर लेना और सुरक्षा एजेसिंया शामिल हैं। अपशिष्ट संग्रह, छंटाई, निपटान और पुनर्चक्रण को संभालने वाली फर्मों के पास यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपकरण हैं कि कचरे का ठीक से निपटान किया जाए। संग्रहीत कचरे को या तो रीसाइकल किया जाता है या खाद बनाई जाती है। यह कार्बन उत्सर्जन को कम करके पृथ्वी एवं पर्यावरण को बचाता है। कुछ व्यवसाय कचरे को रीसाइकल कर उपयोगी और मूल्यवान वस्तुओं में बदल देते हैं। कुशल अपशिष्ट निपटान पर्यावरण को स्वच्छ रखेगा।

परिचर्चा

# टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर


योगेंद्र योगी

***ऐसे*** में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की ऊबड-खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे-ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा। इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं। करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून-खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी। ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे। पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दवाब के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा। चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ.बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया। इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख को नजरबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख ने डॉक्टर एस राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेख ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे खराब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी हर जरूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी ले कर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का पर्यवेक्षक का कार्य छोड़ कर थाइलैंड चले गए। इस पर दंडित करते हुए शेषन ने उनकी गोपनीय रिपोर्ट में विपरीत प्रवष्टि करने का फैसला किया। शेषन ने वर्ष 1993 में 17 पेज का आदेश जारी किया कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नही देती, तब तक देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। आखिरकार सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा। मौजूदा आदर्श आचार संहिता उसी आदेश का परिणाम है। शेषन के आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त एक आज्ञाकारी नौकरशाह होता था जो वही करता था जो उस समय की सरकार चाहती थी। ये शेषन का ही बूता था कि उन्होंने चुनाव में पहचान पत्र का इस्तेमाल आवश्यक कर दिया। शेषन ने साफ कह दिया कि अगर मतदाता पहचान पत्र नहीं बनाए गए तो 1 जनवरी 1995 के बाद भारत में कोई चुनाव नहीं कराए जाएंगे। शेषन के दौर में ही हिमाचल प्रदेश में चुनाव के दिन पंजाब के मंत्रियों के 18 बंदूकधारियों को राज्य की सीमा पार करते हुए धर दबोचा गया। उत्तर प्रदेश और बिहार सीमा पर तैनात नागालैंड पुलिस ने बिहार के विधायक पप्पू यादव को सीमा नहीं पार करने दी।

### काव्य कोना

**सारथी की खोज**

पूर्व में उल्लेखित है
भविष्य की कोख से अनजान है हम
वर्तमान में ,
सिर्फ एक योगी, युगद्दष्टा, इन्सान
कहाँ खोजूँ , कैसे मिलेगा
'जय संहिता' में उल्लेखित
सारथी अर्जुन का ।
आज हर सव्यसाची ढूँढ रहा
सोच रहा ,कैसे करे सामना
उन भीष्म सरीखे महारथियों का
राजसिंहासन से प्रतिज्ञा में बँधे
कुछ अपने लांछन से कूढ़े
युद्ध और राजनीति की बागडोर सँभाले
हाय , कहाँ तक लड़ेगा अकेला!
आज का अर्जुन, आज का सव्यसाची
प्रकृति का नियम बदलाव है
शाश्वत है, सत्य है
द्दढ़ विश्वास टूटेगा कैसे
पहचान स्वयं बतलायेगा
मिलेगा जरूर वह
प्रयत्नरत हर सव्यसाची को राह तो दिखलायेगा।

**- नाग मणि**

### आपकी बात



**अखबार की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी**

***अभी*** कुछ दिनों से 'राष्ट्रीय नवीन मेल' अखबार अपनी अलग पहचान बना रही है। इसकी गुणवत्ता में इजाफा हुआ है। कुछ समय पूर्व भले ही यह कुछ धुंधली हो गई थी। लेकिन अब समाचारों का चयन और अखबार में छपे लेख काफी सामयिक और उत्कृष्ट हैं। इस समय इस अखबार में देश स्तर के अखबारों के समकक्ष लेख प्रकाशित हो रहे हैं। साथ ही शब्दों की शुद्धता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रांची और डालटनगंज से प्रकाशित होने के कारण इस अखबार को पढ़ने के बाद पूरे झारखंड की खबरों से अवगत हुआ जा सकता है। लोग इस पहले पढ़ना चाहते हैं। लेकिन अखबार के फीचर पेज की कमी खलती है। आशा है प्रबंधन इस ओर भी ध्यान देगा। संपादक सुनील बादल का लेख कुछ न कुछ सोचने को मजबूर कर देता है। अन्य की बात करें तो पृष्ठ आठ पर छपे लेख संग्रहणीय हैं। इस पेज पर छपे लेख लोगों की बौद्धिक भूख को मिटाती है। पूरा का पूरा अखबार पढ़ने योग्य है। डालटनगंज और रांची से प्रकाशित होने के वहां के लोगों के लिए यह अखबार के लिए यह अखबार लोकल खबरों के लिए प्रथम पंसद बनी हुई है। इस अखबार के प्रकाशन के लगभग तीस वर्ष होने को हैं, लेकिन अभी भी यह अखबार हम पाठकों के लिए बौद्धिक खुराक का काम कर रही है। डालटनगंज संस्करण में समाचारों के चयन उच्च स्तर के हैं। कई ऐसे समाचार हैं, जिनके बारे में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने प्राथमिकता देते हुए विस्तृत रूप से छापा है। शनिवार को अस्पताल में इलाजरत युवती की मौत के बाद हुए हंगामे की परत दर परत जानकारी अखबार में उपलब्ध करायी गई थी। अन्य कई खबरों के अलावे जिले के आला अधिकारियों के साक्षात्कार प्रकाशित होने से पाठक कई जानकारियों से रूबरू हुए हैं। आगे भी आला अधिकारियों के साक्षात्कार हमारे समक्ष होंगे, ऐसी आशा हम करते हैं। हम जैसे पाठकों की बात करें तो यह अखबार अपनी पहचान झारखंड में बनाये हुए है। अभी यह अखबार आगे की पीढ़ियों के लिए भी पहली पंसद बना रहेगा ऐसी उम्मीद और विश्वास है। अखबार को सिर्फ पाठकों की पंसद और रूचि का ख्याल रखना होगा। साथ ही इसके रंग-रूप और कलेवर को बदलते रहना होगा। उम्मीद है निरंतर जनसरोकार से जुड़ी खबरों के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

**- सुनील कुमार, मेदिनीनगर।**

अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर विशेष

## भारतीय नृत्य संस्कृति की संसार ने हमेशा सराहना की


डॉ. रमेश ठाकुर

> **भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा।**

***नृत्य*** दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। आज 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' है जिसकी शुरूआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। आज का ये खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का ये विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' की थीम 'नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका' थी। भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दशाना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



### बोधि वृक्ष

## भगवान भैरव के 5 प्रसिद्ध मंदिर



> **जहां भक्तों को मिलता है भय से मुक्ति का वरदान**

**नैनीताल में घोड़ाखाड़ बटुक भैरव मंदिर** उत्तराखंड के नैनीताल में भगवान भैरव का ये मंदिर शहर में पहाड़ों पर स्थित है। घोड़ाखाल का बटुकभैरव मंदिर भी काफी प्रसिद्ध है। इस मंदिर को यहां के स्थानीय भक्त इन्हें गोलू देवता के नाम से जानते हैं। माना जाता है कि भक्त अपनी मनोकामना के लिए यहां चिठ्ठियों में अपनी परेशानियां लिखते हैं। जब उनकी मनोकामना पूरी हो जाती है तो मंदिर में घंटी चढ़ाते हैं।

**किलकारी भैरव :** भगवान शिव के उग्र अवतार में जानने वाले भगवान किलकारी भैरव का यह प्रसिद्ध मंदिर देश की राजधानी दिल्ली के पुराने किले पास स्थित है। क्योंकि कहा जाता है कि किलकारी शब्द का अर्थ किसी बच्चे के द्वारा खुशी से चिल्लाना होता है।

**(समाप्त)**

### फेसबुक वॉल से

**Rakesh Raman**
13 h ·

आज संजय धुबरी व्याघ्र आरक्ष में पांच पांच बाघों के दर्शन हुए।
आनंद आ गया।



52    8 comments  308 views
Like  Comment  Send  Share

**Saikat Chattopadhya**
Good
Like  Reply

### X - से

**AajTak** @aajtak

'गलती मैंने की, PM मोदी पर मत निकालें अपना गुस्सा...', परषोत्तम रुपाला ने क्षत्रिय समाज से फ़िर मांगी माफ़ी

परषोत्तम रुपाला ने क्षत्रिय समुदाय से कहा, "आप अपने राष्ट्र के योगदान को याद करें, बीजेपी के विकास में भी आपका बड़ा योगदान याद रहा है. 18 घंटे काम करने वाले पीएम मोदी जब देश के अलावा कुछ ना सोच रहे हों, 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार समझते हों, पीएम मोदी की विकास यात्रा में अनेक क्षत्रिय साथ रहे हैं, तो उनका विरोध मेरी वजह से क्यों? मेरी गलती मैं स्वीकार करता हूं. लेकिन पीएम मोदी के खिलाफ़ क्षत्रिय समुदाय को खड़ा कर देना मुझे सही नहीं लगता. पीएम के खिलाफ़ दर्शाए जा रहे आक्रोश को लेकर पुनर्विचार करें."

पूरी खबर: intdy.in/vle1yh
#ParshottamRupala #Elections #Gujarat #Politics #NarendraModi

Translate post

"मेरी गलती मैं स्वीकार करता हूं, लेकिन पीएम मोदी के खिलाफ़ क्षत्रिय समुदाय को खड़ा कर देना मुझे सही नहीं लगता। पीएम के खिलाफ़ दर्शाए जा रहे आक्रोश

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

## जीवन में रामत्व


ऋचा सिंह

***श्रीराम*** को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं, वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं। जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन-जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम ही त्योहार हैं, उल्लास हैं, उत्सव हैं, भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं। राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक, पिता-पुत्र ,पति -पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक,अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय-समय पर देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है, जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अद्भुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता। आज ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### टेक वर्ल्ड

## लैपटॉप या कंम्प्यूटर में करें फास्ट ब्राउजिंग



**आखिर क्या होती हैं कुकीज, कैशे और हिस्ट्री?**

जब हम इंटरनेट पर ब्राउजिंग करते हैं तो वेबसाइट पर जाते हैं तो पेज खुलने के बाद एक पॉपअप नोटिफिकेशन आती है, जो आपसे कुकीज स्वीकार करने का अनुरोध करता है। बता दें कि, ये कुकीज आपके डिवाइस की स्टोरेज को कम कर देती है। कुकीज यूजर्स की सारी जानकारी सुरक्षित रख लेता है। ताकि यूजर कभी दोबारा आए तो उसका एक्सपीरियंस बेहतर हो। कैशे का मतलब है कि आप जिन भी वेबसाइट पर गए, वहां की फोटो को सेव कर लेता है। ताकि उपयोगकर्ता को अगली बार आने पर पेज के लोड को फास्ट किया जा सके। हिस्ट्री का अर्थ होता है कि जहां पर यूजर्स पिछले कुछ समय में गया था। आप जिस वेबसाइट्स पर गए, इसकी जानकारी को आप चाहे तो प्राइवेट भी कर सकते हैं। जिससे आपकी सारी जानकारी सुरक्षित रहेगी।

**कैसे डिलीट करें ब्राउजर से कुकीज, कैशे और हिस्ट्री?**

- सबसे पहले अपने पीसी या कंप्यूटर में क्रोम ब्राउजर को ओपन करें।
- ऊपर की ओर दाई तरफ तीन डॉट पर क्लिक करें।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टिकरण से प्रेरित : राजनाथ सिंह

**भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करती है तो कांग्रेस कहती है कि देश में लोकतंत्र पर गंभीर संकट आ गया है**

**कांग्रेस के पास न तो नेता है न नीति है, न ही नीयत है**




**एजेंसी। अहमदाबाद**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को अहमदाबाद में कहा कि देश में दो चरण के मतदान हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार 400 पार सीटों का लक्ष्य रखा है, जो आसानी से हासिल होने जा रहा है। चुनाव के दौरान उन्हें ऐसे राज्यों में जाने का अवसर मिला, जहां भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। इन क्षेत्रों में भी भाजपा मजबूती के साथ लड़ रही है और कई सीटों पर विजय मिलने का उन्हें विश्वास है। राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में भाजपा के मीडिया सेंटर में प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ काम करती है तो कांग्रेस कहती है कि देश में लोकतंत्र पर गंभीर संकट आ गया है। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत और समर्थ भारत के निर्माण की मजबूत गारंटी है।

दूसरी तरफ कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र विभाजनकारी और तुष्टीकरण से प्रेरित है। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा का चुनाव भाजपा अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता के आधार पर लड़ रही है। देश को लंबे समय से एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत थी, जो देश को विकसित बनाए, वह मोदी के रूप में भारत को हासिल हुआ है। आज भारत तेजी से विकसित हो रही विश्व में 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है। आने वाले दिनों में भारत मोदी के नेतृत्व में विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा, ऐसा होने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती है। तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के कारणों का उल्लेख किया और कहा कि भारत के पास नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत नेतृत्व है, उनके पास मिशन, विजन और पैशन है। कांग्रेस की आलोचना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उनके पास न तो नेता है, न नीति है, न तो नियत है। कांग्रेस वर्षों तक सरकार में रही, गरीबी दूर करने की बात की लेकिन गरीबी दूर करने का कोई भी ठोस प्रयास नहीं किया। पीएम मोदी 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाये हैं।कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा भव्य जीत की ओर आगे बढ़ रही है। इसकी शुरूआत सूरत से हो चुकी है। आजादी के समय महात्मा गांधी ने कांग्रेस का विसर्जन करने को कहा था, परंतु कांग्रेस ने उनकी बात नहीं मानी। अब हमें ही कांग्रेस का विसर्जन करना पड़ेगा और देश की जनता ने कांग्रेस का विसर्जन करने का मन बना लिया है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया के मुख्य प्रवक्ता यमल व्यास, डॉ. यग्नेश दवे, जुबिन आशरा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भूलवश भारतीय क्षेत्र में घुसे पाकिस्तानी नागरिक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्षेत्र में भूलवश घुसने वाले पाकिस्तानी नागरिक को मानवीय आधारों पर पाकिस्तान रेंजर्स के हवाले कर दिया गया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ ने शनिवार को पंजाब के फाजिल्का जिले में सीमा बाड़ के निकट पाकिस्तानी नागरिक को हिरासत में लिया था। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान वह अंतरराष्ट्रीय सीमा से अनजान था और अनजाने में भारतीय क्षेत्र में आ गया था।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉस्टल होंगे खाली

**एजेंसी। अलीगढ़**

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में लंबे समय से हॉस्टल में जमे छात्रों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। एएमयू में रह रहे अवांछित तत्वों को बाहर किया जाएगा। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में वांछित तत्वों के कब्जे की शिकायत के बाद यह निर्णय लिया गया है। एएमयू के छात्रावासों से अवैध कब्जे हटाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यहां रहने वाले पूर्व छात्रों और बाहरी अवांछित तत्वों को हटाने की कार्रवाई पूरी कर नए सिरे से हॉस्टल्स का आवंटन किया जाएगा। प्रो. नइमा खातून ने कुलपति का प्रभार ग्रहण



करने के दूसरे ही दिन इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और जल्द से जल्द छात्रावासों में छात्रों के अलावा अवैध रूप से रहने वालों की सूची तैयार कर पेश करने का आदेश दिया। नई कुलपति के फरमान के बाद छात्रावास में अवैध रूप से रहने वालों में खलबली मच गई है। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी कैंपस और हॉस्टलों में आए दिन मारपीट, गोलीबारी और गैर कानूनी गतिविधियों की खबरें सामने आती हैं। इसने विश्वविद्यालय की छवि पर असर डाला है। यूनिवर्सिटी की आंतरिक सुरक्षा भी सवालों के घेरे में आई है। कुलपति ने प्रभार ग्रहण करने के बाद शैक्षणिक माहौल में सुधार के साथ ही यूनिवर्सिटी की आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने को प्रायोरिटी लिस्ट में रखा है। उन्होंने यूनिवर्सिटी की कमान संभालने के साथ ही अपने इरादे साफ कर दिए हैं। कुलपति प्रो. नइमा खातून ने 22 अप्रैल की रात प्रभार ग्रहण किया था।

# राम और कृष्ण जैसी ईश्वरीय ताकत को चुनौती देने वालों का पतन तय : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी। बदायूं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरूआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस



देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया। सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए।

## रूस व यूक्रेन ने एक-दूसरे पर किए ड्रोन हमले

**बर्लिन।** रूस और यूक्रेन ने रविवार को भी एक-दूसरे पर ड्रोन हमले जारी रखे। यूक्रेन के गवर्नर विटाली किम ने कहा कि हमले से दक्षिणी शहर मायकोलाइव में एक होटल और एक ऊर्जा आपूर्ति केंद्र प्रभावित हुआ। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, नुकसान का पता लगाया जा रहा है, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ है। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, रूस ने ईरान निर्मित ड्रोनों से हमला किया। अधिकारियों ने कहा कि पांच ड्रोन मार गिराए गए। इस बीच, मॉस्को में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रविवार रात सीमा के करीब के इलाकों में 17 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया। रूस में कलुगा क्षेत्र के गवर्नर व्लादिस्लाव शापशा ने कहा कि तीन यूक्रेनी ड्रोनों को एक ईंधन डिपो के पास रोका गया है।

## इंडोनेशिया में 6.5 तीव्रता का आया भूकंप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में शनिवार रात 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि भूकंप शनिवार को जकार्ता समय के अनुसार 23:29 पर आया, जिसका केंद्र गारुत रीजेंसी से 151 किमी दक्षिण पश्चिम और 10 किमी की गहराई में था। कहा गया है कि भूकंप के झटके इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता और निकटवर्ती बैंटन प्रांत के साथ-साथ मध्य जावा और पूर्वी जावा प्रांतों में भी महसूस किए गए। एजेंसी ने कहा कि पश्चिम जावा प्रांत में, सुकाबुमी शहर और तासिकमलया शहर और पश्चिम जावा प्रांत की राजधानी बांडुंग शहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### नेपाल इंवेस्टमेंट समिट में बोले पीयूष गोयल

# नेपाल के विकास में भारत का योगदान अतुलनीय

**एजेंसी। काठमांडू**

भारत सरकार के उद्योग वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को नेपाल इंवेस्टमेंट समिट 2024 को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए कहा कि नेपाल के चौतरफा विकास में भारत हमेशा ही तत्पर रहता है। भारत सरकार नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत हमेशा ही अपने पड़ोसी देशों के हर सुख-दुख में शामिल होने के साथ उनके विकास में भी साझेदार बनती है।

गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इंवेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। गोयल ने कहा कि नेपाल भारत का सबसे निकट का पड़ोसी है, जिसके साथ हम ना सिर्फ खुली सीमा से जुड़े हैं, बल्कि सदियों पुरानी सभ्यता और संस्कृति से भी जुड़े हुए हैं। मंत्री गोयल ने कहा कि नेपाल के विकास में हम हमेशा ही सच्चे और विश्वसनीय मित्र की



**जिस तरह से नेपाल और भारत का रिश्ता हिमालय की तरह अटल है, उसी तरह नेपाल के विकास में साझेदार के रूप में साथ खड़े रहते हैं।**

तरह साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से नेपाल और भारत का रिश्ता हिमालय की तरह अटल है, उसी तरह नेपाल के विकास साझेदार के रूप में उसी तरह साथ खड़े रहते हैं। इंवेस्टमेंट समिट को संबोधित करते हुए नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि भारत और नेपाल में सभी तरह के विकास सबसे अव्वल है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत की व्यापारिक साझेदारी और नेपाल के विकास में भारत के योगदान की किसी अन्य देशों के साथ तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि नेपाल के अर्थतंत्र में सर्वाधिक सहयोग करने वाला हाइड्रो पावर में सर्वाधिक निवेश भारत का है तो नेपाल के पर्यटन में सर्वाधिक योगदान भारतीय लोगों का ही है। भारतीय राजदूत ने कहा कि नेपाल के साथ जब भी विकास और व्यापार साझेदारी की बात होती है तो उसमें कभी भी फायदे या नुकसान की बात नहीं देखी जाती है। उन्होंने कहा कि नेपाल हमेशा हमारी प्राथमिकता में रहता है और नेपाल की आर्थिक प्रगति में हमारा हर तरह का सहयोग रहा है।

# पूर्वी इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु में माउंट इबू ज्वालामुखी में विस्फोट

**3 हजार 500 मीटर ऊपर तक उठी राख**



**एजेंसी। जकार्ता**

इंडोनेशिया के सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन (पीवीएमबीजी) ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप पर माउंट इबू ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। एजेंसी के अनुसार, पीवीएमबीजी ने बताया कि ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12:37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए फटा, जिससे उसकी चोटी से 3 हजार 500 मीटर ऊपर तक राख उठ गई। समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

पीवीएमबीजी ने लोगों से क्रेटर (ज्वालामुखी पहाड़ का मुख) से 3.5 किलोमीटर के दायरे में गतिविधियां न करने का आह्वान किया है।

# मणिपुर में फिर हिंसा, इंफाल में दो समुदायों के बीच फायरिंग

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। इंफाल पश्चिम जिले में रविवार सुबह जातीय संघर्ष से जूझ रहे दो समुदायों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई, जब कई हथियारबंद लोगों ने कांगपोकपी जिले में निकटवर्ती पहाड़ियों से इंफाल घाटी में स्थित कौत्रू गांव पर



अंधाधुंध फायरिंग की। इस पर प्रतिद्वंद्वी जातीय समूहों के सदस्यों ने भी जवाबी कार्रवाई की। फायरिंग के कारण महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सहित ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर चले गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि फायरिंग में 'पम्पी' नामक देसी मोर्टार गोले का भी इस्तेमाल किया गया। इससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गया। कथित तौर पर कुछ गोले ग्रामीणों के घरों की दीवारों में घुस गए, इससे दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों की एक एक टुकड़ी क्षेत्र में पहुंच गई है। घटना में अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। ज्ञात हो कि बिष्णुपुर जिले में शनिवार तड़के सुरक्षा बलों के एक शिविर पर सशस्त्र समूहों के हमले में एक उप-निरीक्षक सहित सीआरपीएफ के दो जवान शहीद हो गए थे। हमले दो अन्य घायल हो गए थे। इस हमले के 24 घंटे के भीतर रविवार की फायरिंग हुई।

## म्यांमार में 100 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त

**यांगून।** म्यांमार में ड्रग्स नियंत्रण करने वाली केंद्रीय समिति ने रविवार को बताया कि अधिकारियों ने देश के दक्षिणी हिस्से में 100 किलोग्राम मेथमफेटामाइन और 13 किलोग्राम केटामाइन जब्त किया है। एजेंसी अनुसार, एंटी नारकोटिक्स पुलिस ने बागो क्षेत्र के वाव शहर में खुफिया सूचना के आधार पर एक ट्रक की तलाशी ली और 3.7 अरब क्यात (लगभग) 17.6 लाख डॉलर के ड्रग्स जब्त किये। इसके अलावा चार मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं।

# इराक में समलैंगिकता को अपराध घोषित करने वाला कानून पारित




**एजेंसी। बगदाद**

इराकी संसद ने एक कानून पारित किया है, जिसमें समलैंगिक संबंधों को अपराध घोषित किया गया है और समलैंगिक लोगों के खिलाफ सख्त दंड का प्रावधान किया गया है। अधिकारों की वकालत करने वालों ने समलैंगिक, उभयलिंगी और ट्रांसजेंडर (एलजीबीटी) समुदाय के खिलाफ भेदभाव के रूप में इसकी निंदा की है।

विधायिका ने शनिवार को 1988 के वेश्यावृत्ति विरोधी कानून में संशोधन के लिए मतदान किया, जिसमें समलैंगिकों के लिए 10 से 15 साल की जेल की सजा का प्रवधान है।

यह कानून इराक में किसी भी तरह से वेश्यावृत्ति और समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने पर प्रतिबंध लगाता है। प्रारंभिक मसौदे में समलैंगिक संबंधों के लिए मौत की सजा का प्रस्ताव किया गया था। इराकी संसद के कार्यवाहक प्रमुख मोहसिन अल-मंडलवी ने विधेयक का बचाव किया। उन्होंने एक प्रेस बयान में कहा, यह समाज की मूल्य संरचना की रक्षा के लिए एक जरूरी कदम है और हमारे बच्चों को नैतिक पतन और समलैंगिकता के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना सर्वोच्च हित है। हालांकि, इस कानून पर आक्रोश और निंदा शुरू हो गई।

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार उपप्रधानमंत्री नियुक्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में विदेश मंत्री इशाक डार को शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में उप प्रधानमंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह घोषणा रविवार को की गई। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया, प्रधानमंत्री को विदेश मामलों के संघीय मंत्री मोहम्मद इशाक डार को अगली सूचना तक तत्काल प्रभाव से उप प्रधानमंत्री के रूप में नामित करने में प्रसन्नता हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के करीबी माने जाने वाले डार की पदोन्नति को संघीय सरकार में नवाज शरीफ के पहले मजबूत प्रभाव के रूप में देखा जाता है।

# ईरान ने आत्मघाती हमले करने वाला नया ड्रोन किया पेश

**एजेंसी। तेहरान**

ईरानी सेना ने रविवार को आत्मघाती हमले करने वाला एक नया ड्रोन पेश किया जो लक्ष्य से टकराकर विस्फोट कर देगा। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तरह के ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहा है। सरकारी एजेंसी के अनुसार, नया ईरानी ड्रोन - जिसे अबतक सार्वजनिक रूप से कोई नाम नहीं दिया गया है - रूसी जाला लांसेट ड्रोन के समान है, जिसका पहली बार 2020 में निर्माण किया गया था। तस्नीम ने रिपोर्ट में नए ड्रोन का एक वीडियो प्रकाशित किया है। ईरान का दावा है कि उसने हाल के वर्षों में ड्रोन के उत्पादन में बड़ी प्रगति की है, और यूक्रेन पर चल रहे आक्रमण में रूसी



सेनाओं द्वारा ईरान-निर्मित ड्रोन का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया है।इजरायल पर ईरानी हवाई हमलों के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने गुरुवार को तेहरान के खिलाफ देश के ड्रोन उत्पादन और निर्यात प्रयासों को लक्षित करते हुए नए प्रतिबंध लगाए। ईरान ने गुस्से में प्रतिबंधों की निंदा की। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा, ये प्रतिबंध हमारी इच्छाशक्ति को प्रभावित नहीं करेंगे। इसके विपरीत... वे केवल हमारी सैन्य इच्छाशक्ति और आत्मनिर्भरता को मजबूत करेंगे। कनानी ने कहा कि ईरान के पास देश की रक्षा के लिए खुद को सैन्य हथियारों से लैस करने का वैध अधिकार है, वैसे ही जैसे इजरायल जैसे शत्रुतापूर्ण आक्रमण के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करना वैध है। इजरायल पर ईरानी हमले दमिश्क में ईरानी दूतावास परिसर पर एक संदिग्ध इजरायली हवाई हमले के बाद हुए, जिसमें इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के उच्च-रैंकिंग अधिकारी और अन्य लोग मारे गए।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस थाने के पास एक व्यक्ति का मिला शव, शरीर पर मिले चोट के निशान

**जयपुर।** जयपुर के कानोता थाने के पास पुलिस ने रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुबह की सैर के लिए आने वाले लोगों ने कानोता तिराहा के पास ठेले पर शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक के हाथ पर लिखे नाम की मदद से पुलिस ने उसकी पहचान बृजमोहन के रूप में की है। जिस स्थान पर शव मिला वह कानोता थाने के नजदीक है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



### खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत

**हिमाचल।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक कार के 150 मीटर गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात धर्मपुर में यह दुर्घटना हुई। उसने बताया कि कार चला रहे अंकुश (25) ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने अनुसार घायलों को ठियोग के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने अंकुश और अभिषेक (23) को मृत घोषित कर दिया तथा दिलीप (25) और ललित (24) का इलाज जारी है। पुलिस ने कहा कि ये सभी धर्मपुर के पास ठियोग उपमंडल के निवासी हैं। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि दुर्घटना लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि जांच जारी है।



### तेज रफ्तार कार ने तीन वाहनों को मारी टक्कर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक तेज रफ्तार कार ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी जिससे एक कैब चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के धौला कुंआ इलाके में तड़के उस समय हुई, जब एक कार ने कैब और दो अन्य वाहनों को टक्कर मार दी। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा,सुबह लगभग चार बजकर 55 मिनट पर तीन गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने और तीन लोगों के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली। मौके पर भेजी गई पुलिस की एक टीम ने पाया कि घायलों को कुछ अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक बाद में सुबह आठ बजकर 32 मिनट पर पुलिस को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल से कैब चालक हरजीत सिंह और दो अन्य लोगों के बारे में सूचना मिली, जो उसी कैब में सवार थे। उन्होंने कहा,हमने कार के मालिक की पहचान कर ली है, जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम को रवाना कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त मीणा ने कहा कि जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या दुर्घटना में और लोग घायल हुए हैं।



### सड़क दुर्घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत, 12 से अधिक लोग घायल

**बिहार ।** बिहार के गोपालगंज में रविवार को एक ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी करने के लिए सुपौल जा रही थी। पुलिस ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी, तभी एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ह्यह्यसभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। ट्रक को स्थानीय पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार पुलिस के दो कांस्टेबल अशोक कुमार उरांव (पूर्णिया निवासी) और पवन महतो (बेतिया निवासी) के रूप में की गई है। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक का चालक मौके से भाग गया और आगे की जांच जारी है।



### निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा ढहा, चार मजदूर घायल

**पुरी ।** ओडिशा के पुरी में रेलवे स्टेशन की निमार्णाधीन इमारत का एक हिस्सा रविवार को ढह गया, जिससे इस घटना में चार श्रमिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना के समय छह श्रमिक मौके पर काम कर रहे थे, जिनमें से चार को चोटें आईं।ईस्ट कोस्ट रेलवे ने एक बयान में कहा कि सभी घायल श्रमिकों को अस्पताल ले जाया गया है और फिलहाल वे सभी खतरे से बाहर हैं। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### ईरान ने अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा द्वारा कई ईरानी रक्षा-संबंधी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों की कड़ी निंदा की। इस महीने की शुरूआत में इजरायल के खिलाफ ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले की प्रतिक्रिया के रूप में, तीन देशों ने गुरुवार को कई ईरानी व्यक्तियों और कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाए, जो मुख्य रूप से देश के ड्रोन और मिसाइल उद्योगों को लक्षित कर रहे थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शनिवार को एक बयान में इसकी निंदा की है। रिपोर्ट के अनुसार, नासिर कनानी ने यूरोपीय संसद द्वारा गुरुवार को अपनाए गए एक प्रस्ताव में ईरान के खिलाफ किए गए दावों की भी निंदा की और तेहरान के प्रति क्रूर दृष्टिकोण अपनाने में अमेरिका को फॉलो करने के लिए कुछ यूरोपीय देशों को दोषी ठहराया।

## आज का राशिफल

**मेष** — खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**वृषभ** — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

**मिथुन** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कर्क** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**सिंह** — शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**तुला** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक** — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**धनु** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मकर** — सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

**कुम्भ** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन** — यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के लिए छह टीमें पहुंचीं रांची

**कल से होगा पहली महिला हॉकी लीग का आयोजन, 8 टीमें लेंगी हिस्सा**


लीग में दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मोरहाबादी का मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम एक बार फिर गुलजार होने वाला है। यहां 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी, जो नौ मई तक चलेगी। इस लीग में देशभर के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। मैच खेलने के लिए ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर की टीमें रविवार को रांची पहुंची हैं। बहुप्रतीक्षित देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के प्रथम चरण के मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में नौ मई तक आयोजित होने हैं। इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के आयोजन में अंडर-21 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को उचित मंच देना है। साथ ही देश के लिए अगली पंक्ति को तैयार करना है। प्रत्येक दिन चार मैच खेले जायेंगे। पहला मैच सुबह सात बजे से जबकि दूसरा मैच शाम चार बजे से, तीसरा मैच शाम छह बजे से और चौथा मैच रात आठ बजे से खेले जायेंगे। 30 अप्रैल, एक मई, चार मई, पांच मई, सात मई और नौ मई को मैच खेले जायेंगे। तीन मई, छह मई और आठ मई को विश्राम दिवस होगा। मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जायेगा। लीग का उद्घाटन 30 अप्रैल को होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान, विशिष्ट अतिथि राज्य के खेल सचिव और खेल निदेशक होंगे। मैच में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें शामिल होंगी।

# प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है शिविर का मुख्य उद्देश्य : शिहान सुनील

**इमा एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग का हुआ आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में रांची प्रेस क्लब में आयोजित एकदिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग रविवार को संपन्न हुआ। रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से लगभग 182 खिलाड़ी इस शिविर में शामिल हुए थे।

मौके पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक एवं नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करना है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रेडिंग में सफल रहे खिलाड़ियों की घोषणा तीन मई को की जाएगी। सभी खिलाड़ियों को शिहान सुनील किस्पोट्टा ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। इसमें महिलाओं को विशेष रूप से रोजाना इस्तेमाल में लाई जा रहीं वस्तुएं जैसे हेयर क्लिप, हेयर स्टिक, हेयर पिन आदि को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की तकनीक सिखलाई गई, ताकि विपरीत परिस्थिति में वे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें।

इसके अलावा, आगामी प्रतियोगिताओं को देखते हुए खिलाड़ियों को काता व एडवांस कुमिते (फाइट) का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के साथ कराटे खिलाड़ियों का बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट भी हुआ, जिसमें व्हाइट बेल्ट से लेकर ब्लैक बेल्ट तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार, उमाशंकर महतो, ऐनी कोंगरी आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# विल जैक्स के शतक से बेंगलुरु ने गुजरात पर दर्ज की बड़ी जीत



**जैक्स ने 41 गेंदों पर 5 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए**



**कोहली ने 44 गेंदों पर 6 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 70 रन बनाए**

**आरसीबी ने किया सर्वाधिक सफल लक्ष्य का पीछा (आईपीएल)**
- 204 बनाम पंजाब किंग्स, बेंगलुरु 2010
- 201 बनाम गुजरात टाइटंस, अहमदाबाद 2024
- 192 बनाम राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स, बेंगलुरु 2016
- 187 बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, हैदराबाद 2023

**एजेंसी। नई दिल्ली**
विल जैक्स के शतक और विराट कोहली के अर्धशतक की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के 45वें मैच में 16 ओवर में 206 रन बनाकर 9 विकेट से जीत दर्ज की।

201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने मात्र एक विकेट कप्तान फॉफ डुप्लेसिस का गंवाया जिन्होंने 12 गेंदों एक चौके और 2 छक्कों की मदद से पर 24 रन बनाए। यह गुजरात के लिए पहला और एक मात्र विकेट था जो साई किशोर के नाम रहा। उन्होंने 3.5 ओवर में डुप्लेसिस को विजय शंक के हाथों कैच आउट करवाया। इसके बाद जैक्स और कोहली के बीच 166 रन की विनिंग साझेदारी हुई और जैक्स ने छक्का लगाकर ना सिर्फ टीम को जीत दिलाई बल्कि अपना शतक भी पूरा किया। जैक्स ने 41 गेंदों पर 5 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 100 रन बनाए जबकि कोहली ने 44 गेंदों पर 6 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 70 रन बनाए।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी साई सुदर्शन की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ तीन विकेट पर 200 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

**गुजरात टाइटंस :** रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुबमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, डेविड मिलर, अजमतुल्लाह उमरजई, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, नूर अहमद, मोहित शर्मा

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), स्वप्निल सिंह, कर्ण शर्मा, मोहम्मद सिराज, यश दयाल

## आत्मविश्वास से भरी दिल्ली और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

**कोलकाता।** पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी।

ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

## इशांत शर्मा और डेविड वॉर्नर एक और हफ्ते चोट के कारण रहेंगे बाहर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ 10 रन से जीत हासिल करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच प्रवीण आमरे ने बताया है कि इशांत शर्मा और डेविड वॉर्नर को पूरी तरह फि ट होने के लिए अभी एक और सप्ताह का समय लगेगा। 12 अप्रैल को लखनऊ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ मैच में लैप शॉट लगाने के प्रयास में वॉर्नर को उंगली में चोट लगी थी। इसके बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए मैच में वह नहीं खेले थे, लेकिन वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरे थे। हालांकि, हैदराबाद के खिलाफ वह केवल एक ही रन बना पाए थे। इसके बाद से वह दो मैच मिस कर चुके हैं जिसमें मुंबई के खिलाफ हुआ मैच भी शामिल है। दूसरी ओर इशांत पीठ में जकड़न की समस्या से जूझ रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी कोलकाता की यात्रा नहीं करेंगे, जहां पर सोमवार को दिल्ली का कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच होना है। आमरे ने कहा,मुझे लगता है कि वॉर्नर को पूरी तरह फि ट होने में एक सप्ताह और लगेंगे और इशांत को भी इतना ही समय लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न में है जो दो मैच पहले हुआ था। वॉर्नर को हाथ में चोट लगी है जिससे वह अभी उबर नहीं पाए हैं।

## भारत ने ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर पुरुष रिकर्व टीम का स्वर्ण पदक जीता



**एजेंसी। नई दिल्ली**
तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने यहां चल रहे विश्व कप चरण 1 में रविवार को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

भारत ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ एक भी सेट गंवाए बिना 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत दर्ज की और सीजन के शुरूआती मैच में पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया।

बाद में, अंकिता भक्त और बोम्मदेवरा की रिकर्व मिश्रित टीम ने मेक्सिको को हराकर कांस्य पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक के प्लेऑफ में एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे की मैक्सिकन टीम को 6-0 से हराया।

रविवार की जीत के साथ, भारत ने टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीता है। शनिवार को, भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने टीम स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित टीम स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते। इस बीच, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी में अपना तीसरा स्वर्ण जीतने के लिए मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को 146(9)-146(9) से हराकर महिला व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा, प्रियांश अपने पहले विश्व कप फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन निको वीनर से 147-150 से हार गए और पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

## वेलावन सेंथिलकुमार पेरिस में बैच ओपन स्क्वैश के फाइनल में



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार पेरिस में 12,000 अमेरिकी डॉलर के बैच ओपन चैलेंजर टूर इवेंट में अपने करियर के 12वें प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन फाइनल में पहुंचे। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय ने शनिवार को सेमीफाइनल में हांगकांग के एंडीज लिंग को 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से हराया और खिताब के लिए उनका मुकाबला फ्रांस के मेल्विल साइनिमैनिको से होगा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## एलन मस्क का चीन दौरा, टेस्ला की ड्राइवरलेस तकनीक को बढ़ावा देने की है संभावना

**नई दिल्ली।** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अचानक बीजिंग की यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, मस्क की यात्रा ने इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता के दूसरे सबसे बड़े बाजार माने जाने वाले चीन में टेस्ला की ऑटोपायलट और सुपरवाइज्ड फुल-सेल्फ ड्राइविंग तकनीक लाने की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। यह दौरा ऐसे समय पर हुआ जब चीन बड़े पैमाने पर उत्पादित कारों में उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणालियों और उच्च स्तर के ऑटोनॉमस ड्राइविंग कार्यों को अपनाने पर विचार कर रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी हालिया पोस्ट में मस्क ने कहा था, टेस्ला चीन में ग्राहकों के लिए बहुत जल्द फुल सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) उपलब्ध करा सकती है। टेस्ला ने चार साल पहले अपने ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर का सबसे ऑटोनॉमस वर्जन एफएसडी लॉन्च किया था, लेकिन यह तकनीक अभी तक चीन में उपलब्ध नहीं है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि मस्क की नवीनतम यात्रा 'बीजिंग ऑटो शो 2024' के साथ भी मेल खाती है। इस महीने की शुरूआत में मस्क के भारत आने की उम्मीद थी। हालांकि, उन्होंने महत्वपूर्ण टेस्ला तिमाही परिणामों के बीच योजना को रद्द कर दिया और संभवतः इस साल के अंत में अपनी निवेश योजनाओं की घोषणा करने के लिए देश का दौरा करेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में अरबपति ने कहा था, "दुर्भाग्य से टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी होगी, लेकिन मैं इस वर्ष की यात्रा के लिए बहुत उत्सुक हूं।

# एक लाख रुपये का डाउन पेमेंट कर मारुति स्विफ्ट कार करा सकते हैं फाइनेंस



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा कार बेचने वाली कंपनी मारुति सुजुकी की बेस्ट सेलिंग कारों स्विफ्ट काफी पॉपुलर है। स्विफ्ट अपने अच्छे लुक, फीचर्स और धांसू माइलेज की वजह से लोगों को खूब पसंद आती है। वैगनआर और सिलेरियो के मुकाबले बेहतर स्पेस और फीचर्स वाली स्विफ्ट को आप भी इन दिनों अगर फाइनैंस कराना चाहते हैं तो यह काफी आसान है। मारुति सुजुकी स्विफ्ट भारत को LXi, VXi, ZXi और ZXi+ जैसे 4 ट्रिम लेवल के कुल 11 वेरिएंट में बेचा जाता है और इनकी एक्स शोरूम कीमत 6.24 लाख रुपये से लेकर 9.28 लाख रुपये तक है।

**क्या है खासियत**

**मारुति सुजुकी स्विफ्ट में में 1197 सीसी का पेट्रोल इंजन लगा है, जो 88.5 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 113 न्यूटन मीटर तक का टॉर्क जेनरेट कर सकती है। यह 5 सीटर हैचबैक मैनुअल और ऑटोमैटिक जैसे दोनों ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ ही सीएनजी पावरट्रेन विकल्प में भी है। मारुति सुजुकी स्विफ्ट की माइलेज 22.56 kmpl तक की है। इस साल न्यू जेनरेशन स्विफ्ट लॉन्च होने वाली है। आइए, अब आपको स्विफ्ट के कार लोन, ब्याज दर, डाउन पेमेंट और मासिक किस्त के साथ ही लोन पर लगने वाले कुल ब्याज की जानकारी देते हैं।**

**मारुति सुजुकी स्विफ्ट एलएक्सआई लोन ईएमआई की जानकारी**

मारुति सुजुकी स्विफ्ट के सबसे सस्ते वेरिएंट स्विफ्ट एलएक्सआई की ऑन-रोड कीमत 7.04 लाख रुपये है। आप अगर स्विफ्ट एलएक्सआई मैनुअल पेट्रोल को एक लाख रुपये डाउनपेमेंट के साथ फाइनैंस कराते हैं तो फिर आपको 6.04 लाख रुपये लोन लेना होगा। आप अगर 5 साल तक के लिए लोन कराते हैं और मान लीजिए कि ब्याज दर 9 फीसदी है तो फिर आपको अगले 60 महीने तक के लिए 12,538 रुपये मासिक किस्त, यानी ईएमआई के रूप में चुकाने होंगे। स्विफ्ट एलएक्सआई मैनुअल पेट्रोल को ऊपरी शर्तों के अनुसार फाइनैंस कराने पर करीब डेढ़ लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे।

**मारुति सुजुकी स्विफ्ट वीएक्सआई लोन ईएमआई की जानकारी**

मारुति सुजुकी स्विफ्ट के दूसरे सबसे सस्ते मॉडल स्विफ्ट वीएक्सआई की ऑन-रोड कीमत 8.04 लाख रुपये है। आप अगर इस मॉडल को एक लाख रुपये डाउनपेमेंट के साथ फाइनैंस फाइनैंस कराते हैं तो फिर आपको 7.04 लाख रुपये कार लोन लेना होगा। मान लीजिए कि लोन आप 5 साल के लिए कराते हैं और ब्याज दर 9 फीसदी है तो फिर अगले 5 साल तक के लिए हर महीने आपको 14,614 रुपये ईएमआई देने होंगे। स्विफ्ट वीएक्सआई मैनुअल पेट्रोल को फाइनैंस कराने पर आपको ऊपरी शर्तों के अनुसार करीब 1.73 लाख रुपये ब्याज लग जाएंगे।

# धोनी की पॉपुलैरिटी कैश करा रहे स्कैमर्स, फ्रॉड को दिया जा रहा अंजाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**
महेंद्र सिंह धोनी पॉपुलर क्रिकेटर हैं, जिनके मैदान पर उतरने ही फैंस जोरदार स्वागत करते हैं। हर कोई धोनी को छूना चाहता है, उनके साथ फोटो क्लिक कराना चाहता है। धोनी की इसी पॉपुलैरिटी का फायदा उठाकर स्कैमर्स फ्रॉड को अंजाम दे रहे हैं। इसे लेकर दूरसंचार विभाग यानी DoT की ओर से लोगों को आगाह किया गया है। रिपोर्ट की मानें, तो यूजर्स को धोनी का एक मैसेज मिल रहा है, जिसमें धोनी अपने होम टाउन रांची में फंस गए हैं, और यूजर्स से 600 रुपये मांग रहे हैं, जिससे वो अपने होम टाउन को वापस जा सकें। बता दें कि यह मैसेज पूरी तरह से फेक है, जिसे लेकर यूजर्स को सावधान रहना चाहिए।




**धोनी मांग रहे यूजर्स से पैसे**

DoT ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो धोनी की ओर से एक सोशल पोस्ट की गई है, जिसमें स्कैमर्स खुद को धोनी बताकर अपने निजी अकाउंट में पैसे मंगा रहे हैं। पोस्ट से दावा किया जा रहा है कि वो रांची के बाहरी इलाके में हैं और अपना बटुआ घर भूल गए हैं। वो यूजर्स के पैसे देने की अपील करते हैं, जिससे वो अपने घर वापस लौट सकें। इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया है। स्कैमर्स खुद को धोनी दिखाने के लिए सेल्फी भेजता है।

## एआई एप से बना रहे थे न्यूड फोटो, ऐपल ने कर दिया बैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट यानी एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर काफी लंबे से काम कर रही है। हालांकि इसके बावजूद एप स्टोर पर फेक नाम और प्रोफेशन से अश्लीलता फैलाने वाले ऐप्स की एंट्री हो जाती है। सरकार की ओर से एआई के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए कुछ गाइडलाइन जारी की गई हैं। ऐसे में ऐपल भी ऐसे ऐप्स को लेकर सख्त हो गया है। ऐपल ने एप स्टोर से ऐसे करीब 3 एप्स को हटा दिया है। रिपोर्ट की मानें, तो इन अश्लीलता फैलाने वाले ऐप्स को एआई पावर्ड इमेज जनरेशन ऐप के नाम से लिस्ट किया गया था। हालांकि वास्तव में इन ऐप्स से किसी की न्यूज इमेज बनाई जाती थी, जिसमें एआई की मदद ली जाती थी। इसमें दावा किया जाता था कि इन ऐप्स की मदद से किसी की फोटो से उसके कपड़ों को हटाया जा सकता है। यह ऐप्स फ्री सर्विस ऑफर करते थे।

# फोटो और वीडियो शेयर करना पड़ेगा महंगा, हो सकती है जेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**
**भारत में वीडियो और फोटो शेयरिंग को लेकर कई तरह के कानून मौजूद है, जिनके उल्लंघन पर आपको जेल तक जाना पड़ सकता है।**

**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000**
यह एक्ट इलेक्ट्रॉनिक डेटा जैसे फोटो, वीडियो, इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर, कॉपी राइट जैसे मामलों में संबंधित है। अगर आप इस तरह के किसी भी डॉक्यूमेंट को बिना यूजर्स के परमिशन के शेयर कर देते हैं, तो आपको जेल तक जाना पड़ सकता है।

**सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021**
यह नियम इंटरनेट प्लेटफार्मों की ओर से पोस्ट और होस्ट किए जाने वाले कंटेंट को लेकर है।



मतलब इंटरनेट प्लेटफॉर्म को यूजर की प्राइवेसी, और न्यूडिटी का ख्याल रखना होगा।

**भारतीय दंड संहिता, 1860**
इस एक्ट के तहत किसी के खिलाफ अपराध और उसे दंडित करने को लेकर है।

**अभद्र भाषा अधिनियम, 1956**
इस एक्ट के तहत किसी को ऑनलान गाली-गलौज या अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर सजा हो सकती है।

**कब फोटो वीडियो शेयर करने पर होगी जेल**
- यह किसी व्यक्ति की निजता का उल्लंघन करता है।
- किसी व्यक्ति को बदनाम करता है या उन्हें मानसिक पीड़ा पहुंचाता है।
- अभद्र भाषा या यौन रूप से स्पष्ट सामग्री पोस्ट करते हैं।
- बच्चों का यौन शोषण या दुर्व्यवहार को दशार्ता है।
- हिंसा या घृणास्पद भाषण को उकसाता है।

महिला अपराध और यौन उत्पीड़न संरक्षण अधिनियम, 2013, इस नियम के तहत महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न को अपराध बनाता है।

# कम डाउनपेमेंट कर होंडा एक्टिवा 125 स्कूटर करा सकते हैं फाइनेंस

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आज हम आपको होंडा एक्टिवा 125 के सभी ड्रम, ड्रम अलॉय, डिस्क और एच-स्मार्ट वेरिएंट्स की फाइनैंस डिटेल में कीमत और खासियत के साथ ही डाउनपेमेंट राशि, लोन राशि, ब्याज दर और मासिक किस्त के साथ ही लोन पर लगने वाले कुल ब्याज दर की पूरी जानकारी देने वाले हैं। इससे पहले आप जान लें कि होंडा एक्टिवा 125 के भारत में 4 मॉडल बिकते हैं, जिनकी एक्स शोरूम प्राइस 79,806 रुपये से लेकर 88,979 रुपये तक है।



होंडा एक्टिवा 125 स्कूटटर में 124 सीसी का इंजन लगा है, जो कि 8.3 पीएस की मैक्सिमम पावर और 10.4 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। 109 किलोग्राम वजनी होंडा एक्टिवा 125 की माइलेज 60 kmpl तक है। 5 आकर्षक कलर ऑप्शन में पेश इस स्कूटर में अच्छे फीचर्स भी हैं, जिनकी वजह से ग्राहक इन्हें सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। होंडा एक्टिवा 125 का मुकाबला टीवीएस जुपिटर 125, सुजुकी ऐक्सेस 125 समेत अन्य पॉपुलर स्कूटर से है। चलिए, अब आपको एक्टिवा की फाइनैंस डिटेल बताते हैं। होंडा एक्टिवा 125 ड्रम वेरिएंट की ऑन-रोड कीमत 95,000 रुपये है। आप अगर इस स्कूटर को 10 हजार रुपये डाउनपेमेंट के साथ फाइनैंस कराते हैं तो आपको 85 हजार रुपये लोन मिलता है। लोन अगर 3 साल के लिए 9 फीसदी ब्याज दर पर कराते हैं तो फिर अगले 36 महीनों के लिए आपको 2,703 रुपये ईएमआई के रूप में चुकाने होंगे। इस स्कूटर पर आपको 3 साल में 12 हजार रुपये से होंडा एक्टिवा 125 ड्रम अलॉय वेरिएंट की ऑन-रोड प्राइस 99,000 रुपये है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन के धक्के से 50 वर्षीय व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के लामीपतरा गांव निवासी मनोज चंद्रवंशी उम्र 50 वर्ष अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि रविवार की सुबह हुआ बाइक पर सवार होकर अपने पास के गांव के मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। किसी पीछे रास्ते में आ गया तो वहां में उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

### आपसी विवाद में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के झाबर गांव निवासी कपड़ा दुकानदार जलील अंसारी और उनके पुत्र इल्याश अंसारी को उसी गांव के अभिषेक दुबे ने रविवार की सुबह लोहे के रॉड और इट से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सतबरवा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों बाप बेटे को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चाहे इलाज के बाद भी इल्याश अंसारी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में घायल जलील अंसारी ने बताया कि रविवार की सुबह झाबर गांव के अभिषेक दुबे उनके दुकान पर पहुंचे और कपड़ा लेने को लेकर भी बात करने लगे इस बीच मेरे बेटे इल्याश अंसारी और उनके बीच बहस होने लगी। इस बीच अभिषेक दुबे ने लोहे के रॉड से मेरे बेटे इल्याश अंसारी के ऊपर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा इस घटना की जानकारी जब हमें मिली तो मैं भी घटनास्थल पर पहुंचा।

# पलामू में 4 मई को प्रधानमंत्री का आगमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पलामू आने वाले हैं। वह पलामू में बौद्ध धर्म को पहचानेंगे। चौथी बार पलामू में वैभव को पहचान दिलाने वाले हैं। 2014, 2019 में दो बार उनकी सभा हो चुकी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री की नियुक्ति को लेकर पलामू जिला प्रशासन से अनुमति नहीं ली है। पर्यटकों के लिए प्रस्तावित स्थल पलामू का चियांस्की हवाई अड्डा निर्धारित है। प्रधानमंत्री के सुरक्षा से जुड़े अधिकारी सोमवार या मंगलवार को पलामू पहुंच जाएंगे, इसकी तैयारी शुरू हो गई है ।

भाजपा के पलामू मीडिया प्रभारी शिवकुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री का दौरा चार मई को तय है. कॉन्सर्ट के टूर को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।चुनाव प्रचार निमित्त प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है, जिसमें आपसभी श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु और जनता- जनार्दन बढ़ चढ़कर भाग ले। उक्त बातें पलामू के निवर्तमान सांसद सह भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने रंका और रामकंडा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों यथा उदयपुर, हरहे, कसमार, चापी, रामकंडा, रक्सी, केरवा, तमगे, रंका आदि में जनसम्पर्क अभियान के दौरान लोगो से कही और आगामी 13 मई को भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़ कर वोट करने की अपील की।

वहीं लोगों से मिल रहे अपार जन समर्थन के क्रम में उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता यह सोचकर कि मोदी जीत रहे हैं, घर से एक व्यक्ति ही वोट करेंगे तो भी कोई दिक्कत नहीं है, ऐसी भूल करने से बचें, और 18 वर्ष से ऊपर के सभी परिवार के सदस्य, जो मतदाता हैं उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाकर मतदान दिलायें और कमल के फूल छाप निशान पर बटन दवाकर भाजपा को अपार मतों से विजयी बनावें। उन्होंने लोगों से पिछली बार की अपेक्षा वोट प्रतिशत को बढ़ाने की भी अपील की। श्री राम ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है, मोदी को अपार मतों से सत्ता में लाना होगा।

जिसमें हम सभी को एक प्रहरी के रूप में काम करना होगा। किसी भी प्रकार के भ्रामक झांसे में ना आयें। कहा कि वे कथनी में नहीं करनी में विश्वास रखते है और उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र का विकास है। मौके पर भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, आजसू जिला अध्यक्ष गढ़वा, दीपक शर्मा, विनय चौबे,भोला चंद्रवंशी, राजकुमार मद्धेशिया, भूषण सिंह, कुंवर सिंह खेरवार, विजय यादव, प्रमोद चौबे, राजीव कुमार सिंह, कमल किशोर गुप्ता, राजकुमार, अनिमेष, अर्जुन यादव, राजीव, वीरेंद्र केसरी, सत्येंद्र, अमरनाथ, सुदामा, बंशीधर आदि समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महिला के पति ने प्रेमी पर लगाया हत्या करने का आरोप

**मेदिनीनगर।** विहार राज्य के रिश्यप थाना निवासी रवि कुमार की पत्नी काजल कुमारी उम्र 25 वर्ष रविवार की सुबह जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक काजल कुमारी के पति रवि कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले काजल कुमारी पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सतौआ अपने मायके रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने आई थी।ससुराल में एक लड़का नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचकेदीया निवासी विकाश कुमार पासवान से काजल कुमारी का प्रेम प्रसंग चल रहा था।रविवार को काजल उस लड़के के साथ भाग गई। कुछ देर बाद काजल अपने घर पहुंची और बेहोश हो गई।

## बाल विवाह रोकने को सामूहिक विवाह को करें प्रोत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** रविवार को शहर के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के बैनर तले दहेज प्रथा व बाल विवाह बहिष्कार के लिए जागरूकता अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के सचिव विकास कुमार माली व संचालन डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने की. मौके पर सोसाइटी के सचिव विकास ने उपस्थित लोगों से कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना व सामूहिक विवाह का प्रोत्साहित करना है।

## मैट्रिक टॉपर छात्रों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

हरिहरगंज। प्रखंड के ढाब कला ओवर ब्रिज स्थित द कॉन्सेप्ट क्लासेस में रविवार को मोटिवेशनल सेमिनार सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक मुकेश आर्यन, मुख्य अतिथि चंदन सिंह, पीयूष कुमार, रोहित शर्मा, मनोज शर्मा, आधीका कुमारी ने मैट्रिक के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए मोटिवेट किया गया. सम्मानित होने वालो में जहां दिलीप गंझू 91.6, रिचा 88, प्रकाश व अमित 87, लव, मुकेश तथा आंचल 86, सोनू 85, अंकित 84, मंजीत व विकाश



83, कैलाश व अंकित 82, सिमरन किरण अंकिता 77, नीतीश 74 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड का नाम रोशन किया है. संस्थान के 89 छात्रों में 76 का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है. वही रिजल्ट से उत्साहित छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय कोचिंग सेंटर के निदेशक मुकेश आर्यन व शिक्षको दिया है. वही निदेशक ने कोचिंग सेंटर के बच्चों द्वारा शत प्रतिशत उत्कृष्ट अंक के साथ पास हुए बच्चों का उज्वल भविष्य की कामना किया है. इस मौके पर सहायक शिक्षिका सिंधु कुमारी, प्रीति आर्यन सहित कई विद्यार्थी मौजूद थें।

## कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी 30 को दाखिल करेंगे नामांकन

## गंठबंधन के बड़े नेता होंगे शामिलः सत्यानंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा। लोकसभा** चतरा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी 30 अप्रैल को नामांकन का परचा भरेंगे। विपक्षी दलों के इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री त्रिपाठी स्थानीयता और विकास को मुद्दा बनाकर चुनावी मैदान में है। जिला मुख्यालय स्थित उत्सव प्लेस में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा की चतरा में स्थानीय युवकों को रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। वहीं झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि झारखंड की समस्याओं के समाधान के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। सरकार ने जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दी है। 30 लाख घरों के लिए प्राप्त आवेदनों में से अब तक 20 लाख घरों को मंजूरी दी जा चुकी है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में झारखंड सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। लोग इस बार लोकसभा चुनाव में काम को आधार मानकर वोट करने जा रहे हैं। मंत्री श्री भोगता ने आगे कहा कि चतरा में दस वर्षों तक भाजपा के सांसद रहे। लेकिन गिनाने लायक एक भी काम नहीं है। इंडिया अलायंस की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी श्री त्रिपाठी 30 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## मंत्री अनुराग ठाकुर के आगमन को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में रविवार को भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक व संचालन मंडल उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने किया। बैठक में पंचायत, मंडल व जिला स्तर के प्रभारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के 2 मइ को मयूरहंड आगमन कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। बताया गया कि श्री ठाकुर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान करने को लेकर आयोजित जन सभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा जिला महामंत्री डॉक्टर मृत्युंजय कुमार सिंह ने दिया।

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच ने किया चार पनशाला का शुभारंभ




**डाल्टेनगंज।** भीषण गर्मी को देखते हुए एवं बाजार क्षेत्र में पानी की किल्लत को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष में मारवाड़ी युवा मंच ने अस्थाई पनशाला का शुभारंभ कर दिया है। इसके तहत आज बाजार क्षेत्र में चार पनशाला लगाया गया, जिसमें एक धर्मशाला रोड डावर मोड़ के पास में, दूसरा जय भवानी संघ चौक, बेनी मंदिर के पास, तीसरा बसंत बहार रोड श्री मुकेश उदयपुरी जी के प्रतिष्ठान के बाहर एवं चौथा कणीराम मोड के पास में किया है। मारवाड़ी युवा मंच के अमृत धारा प्रभारी राहुल उदयपुरी मुकेश उदयपुरी व अंकित तुलस्यान ने बताया कि डाल्टेनगंज शहर में जहां भी पानशाला की आवश्यकता है पानी की किल्लत है वहां हमारा लक्ष्य है कुल 10 अस्थाई पनशाला अमृतधारा खोलने का ,जिसमें चार की शुरूआत आज हो चुकी है 2 से 3 दिनों में बस स्टैंड और तीनकोनिया गैरेज के पास हमारा पंसाला शुरू हो जाएगा, एवं और जगह हम चिन्हित कर रहे हैं जहां इसका संचालन अच्छे तरीके से हो सके एवं अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके। मंच के सचिव श्री सज्जन जी शंघाई उर्फ टिंकू ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच का यह राष्ट्रीय प्रकल्प अमृत धारा है जिसके तहत हम अस्थाई और स्थाई पनशाला चलाते हैं, शहर में हमारे दो स्थाई पंशाला अमृतधारा एक शहर थाना और एक अग्रसेन भवन के पास चालू है जिसमें शीतल पेय जल की व्यवस्था है तथा एक और रेलवे स्टेशन पर हमारी मशीन लगी हुई है जिसमें अभी मरम्मत की आवश्यकता है इसके अलावा हम अस्थाई पनशाला संचालित करने की ओर अग्रसर हैं जो 2 महीने के लिए संचालित होगा ।इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विकास उदयपुरी सचिव सज्जन शंघई कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल राहुल उदयपुरी मुकेश उदयपुरी अंकित तुलसियान प्रभात अग्रवाल श्याम पोद्दार दीपक नेमाला मनीष भिवानिया अशोक हाजीपुरिया सौरभ सर्राफ पुनीत लाट आशीष सांवरिया विशाल सांवरिया अरुण शंघई श्याम कामदार नीरज कामदार राधेश्याम लठ मनोज भिवानिया एवं अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

### नगर पंचायत ने टाउन हॉल में रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सह पलामू उपायुक्त के निर्देश पर रविवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर के टाउन हॉल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से स्कूली छात्राओ ने रंगोली बनाकर मतदाता को जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि इस नगर क्षेत्र में रहने वालों मतदाताओ को रंगोली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। देश के इस महापर्व में अपने मत का प्रयोग करें और 13 मई को अपना और आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का काम करें, रंगोली में पहले मतदान फिर जलपान , सारे काम छोड़ दो, पहले वोट दो श्लोगन लिखे हुये थे। मौजूद लोगो ने समस्त मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने का संकल्प लिया । इस मौके पर सीटी मैनेजर राकेश कुमार,हिमानी बाड़ा, रविकांत पटेल,विकाश कुमार, उमेद्र ठाकुर,सत्यनारायण सिंह समेत कई नगर पंचायत के मतदाता व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल थी।

### जिला कार्यालय में मतदाता एवं लोकतंत्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** शहर में बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में मतदाता एवं लोकतंत्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इसका शुभारंभ संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि भारत युवाओं का देश है देश की कुल जनसंख्या का 36% जनसंख्या किसी भी चुनाव के लिए प्रभावी उन्होंने युवाओं से सोच समझकर मतदान करने की अपील की कहा कि 2024 में युवा अपने सक्रियता के साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाई 13 में को पलामू के पलामू संसदीय क्षेत्र में लोकसभा के लिए होने वाले मतदान में युवा हर हाल में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## रेलवेकर्मियों ने कोयले की एक वैगन में लगी आग पर पाया काबू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कोयल की एक वैगन में लगी आग पर सवा घंटे के अंदर काबू पा लिया। यह वैगन ब्रेक वैन से 22वे नंबर पर था। इस वैगन में करीब 80 टन से भी ज्यादा कोयला लगा था। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने प्रेस को बताया कि यह ट्रेन टोरी फूल बसिया कॉल साइडिंग से रवाना हुई । इस मालगाड़ी में 58 वैगन थे ब्रेक वैन से 22 नंबर के वैगन में लगे कोयले में स्वातहः आग लग गई, जब यह मालगाड़ी लातेहार



स्टेशन पहुंची तो इस आग को जलते हुए देखा गया।

रेलवे सूत्रों के अनुसार लातेहार रेलवे स्टेशन पर कोयले की आग को बुझाने की उतनी बड़ी व्यवस्था नहीं है जो व्यवस्था डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर है। यह मालगाड़ी डालटनगंज रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर 6 पर 7:30 बजे आज सुबह में लगी तत्काल फायर ब्रिगेड के टीम इस वैगन के पास पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। यह आज 8:50 में पूरी तरह बुझ गई इस वैगन में काफी कोयला अभी भी सुरक्षित बच गया क्योंकि आग बुझाने का काम तेज गति से किया गया। यह मालगाड़ी टोरी फूल बसिया से अपने 58 वैगन में कोयला लेकर उनचाहार एनटीपीसी बरेली जो उत्तर प्रदेश में है जा रही थी। यह ट्रेन जिसके एक वैगन में लगी कोयले की आग को 8:50 में पूरी तरह बुझा दिया गया आज ही दिन के 10:00 बजे अपनी अगली यात्रा के लिए रवाना हो गई।

## विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला में बैठक आयोजित हुई



**नवीन मेल संवाददाता**

**बैरिया ।** विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई की बैठक बैरिया स्थित बनारसी प्रसाद यादव के आवास पर हुआ। मुख्य अतिथि संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एवं अन्य सेवा प्रभारियों ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरजा प्रसाद सिंह ने की।बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार की स्थिति,पत्रिका सदस्यता अभियान सहित आश्रम से जुड़े अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा किया गया। इस दौरान सेवा प्रभारियों को ससमय सेवा कार्यों का निष्पादन करने एवं नियमित रूप से सत्संग गोष्ठी संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## दर्जनों भाजपा नेता झामुमो में हुए शामिल

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होते ही दर्जनों भाजपा के नेता झामुमो में शामिल हुए। झामुमो पलामू के कार्यालय में हुए मिलन समारोह में झामुमो अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में सुनील कुमार और लव कुश कुमार के नेतृत्व में सबों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया।

# ग्लोबल वार्मिंग से विश्व को बचाने के लिए करें पौध रोपण : कौशल

### पर्यावरण धर्म के प्रभाव से ही धुलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पर्यावरणविद कौशल किशोर ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट कामेश्वरपुर थाना अंतर्गत शुक्रवार को तिब्बत वासियों के गांव स्थित भगवान बुद्ध के विशाल मंदिर में आयोजित नवाह पाठ कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधा दान कर किया। उन्होंने उक्त मौके पर बौद्ध भिक्षुओं को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व



उसके आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दान किया।

मौके पर पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से लोग अनाधिकृत रूप से आर्थिक लाभ के लिए प्राकृतिक संसाधनों का शोषण व दोहन कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पृथ्वी का तापमान बेतहासा बढ़ता चला जा रहा है। फलतः ग्लेशियर पिघल रहे हैं व समुद्र से वाष्प बनकर आसमान में जा रहा है। जिसके कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी जलवायु परिवर्तन के कारण ही 15 दिनों के अंदर गर्मी के मौसम होने के बाद भी चीन, दुबई, ओमान, व इंग्लैंड में मूसलाधार हुई बारिश के कारण कई गांव व शहर जलमग्न हो गए हैं।वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा है कि यदि जलवायु परिवर्तन को रोकना है तो दुनिया के तमाम उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना होगा ।कौशल ने कहा कि जबतक वन्य एवं उसके अलावे रैयति भूमि पर 33% सघन वन तैयार ना हो जाय तबतक जलवायु परिवर्तन कोई रोक नहीं सकेगा।

## अधिकारियों ने बूथों का किया निरीक्षण

**हुसैनाबाद।** लोकसभा आम चुनाव को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कई पंचायत के मतदान केंद्रों का हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस पीयूष सिन्हा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने रविवार को निरीक्षण किया। बूथ निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर पहुंच कर बुनियादी सुविधा व विधि-व्यवस्था की स्थिति को परखा गया। पूर्व के चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर हुए विवाद के कारण को समझने के साथ-साथ मतदान केंद्र पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी मतदाताओं को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

## पेज एक के शेष

### हरमू फल मंडी के दो...

लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, करीब आधे घंटे बाद आड्रे हाउस फायर स्टेशन से दमकल की तीन गाड़ियां आईं और एक घंटा में आग बुझाई। दोनों दुकानदारों को आग से दो लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। उनके फ्रूट कैरेट, छप्पर व टेबल-कुर्सी आदि जल गए हैं। हरमू में होल सेल फलमंडी वर्ष 2002 से है। यहां कुल 74 दुकानें हैं। 17 साल में यहां कभी आग नहीं लगी थी। आग कैसे लगी इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इस मुद्दे पर सभी दुकानदार पहले बैठक करेंगे फिर निर्णय लेंगे की आगे सुरक्षा के क्या इंतजाम किए जाएं।

### देश की उपलब्धियों पर...

खिलाफ उनमें एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। कर्नाटक सहित पूरे देश का इतिहास है, जहां नवाबों, सुल्तानों ने घोर अत्याचार किए। हमारे मंदिरों को, हमारे तीर्थों को लूटा, उन्हें तबाह किया। बेंगलुरु के कैफे में बम धमाका पर भी यही हुआ कांग्रेस ने इसे सिलेंडर फटने की घटना बताने की कोशिश की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भाजपा सरकार 'विकास भी, विरासत भी' इस मंत्र को लेकर चलती है। आज मैं आप सभी से विकसित कर्नाटक के लिए, विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं।

### विशुनपुरा बीडीओ के मौत ...

संदीप कुमार की अगुवाई में सिमडेगा परिसदन में बैठक कर बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के मौत पर चर्चा करते हुए इस घटना को हत्या के बाद आत्महत्या का रूप देने की साजिश बताई गई। बैठक के दौरान संघ के लोगों ने निर्णय लिया कि वे मांग करेंगे कि सरकार से एसआईटी गठित कर इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। संघ ने कहा कि संघ के तरफ से भी एक टीम गढ़वा जाकर वहां वस्तु स्थिति से अवगत होगी। मौके पर डीसी संदीप कुमार, एनडीसी ओम प्रकाश यादव, एसी ज्ञानेंद्र, एसडीओ सुमंत तिर्की, डीसीएलआर अरुणा चौधरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

### जामताड़ा में चार साइबर ...

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान, इंस्पेक्टर मनोज तिर्की सहित आईआरबी झलवा के महिलाओं एवं पुलिस बल को शामिल करते हुए करमाटांड़ थाना क्षेत्र के बारादाहा एवं ऊपर भीठरा गांव में छापेमारी की गई, जहां से इरशाद अंसारी और अशरफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। जामताड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र में की गई छापेमारी में विमल एवं कमल को गिरफ्तार किया गया। साइबर डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपितों के विरुद्ध मामला दर्ज कर रविवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया। गिरफ्तार साइबर ठग एसबीआई क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड बंद होने की बात बताकर लोगों को झांसा में लेकर स्क्रीन शेयरिंग एप एनीडेस्क, टीम व्यूअर इत्यादि डाउनलोड करवाते थे और गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। इसके अलावा गूगल पे एवं पे फोन के कस्टमर केयर में फर्जी मोबाइल नंबर डालकर कॉल आने पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी किया करते थे। साइबर डीएसपी ने बताया कि इन अपराधियों का नेटवर्क झारखंड, बिहार, यूपी के अलावा अन्य राज्यों में भी फैला हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक स्विफ्ट डिजायर कार, 17 मोबाइल फोन, 22 फर्जी सिम कार्ड, 9 एटीएम कार्ड, दो पासबुक, दो चेक बुक, पांच पैन कार्ड, दो आधार कार्ड और एक वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए हैं।

## राहुल ने भाजपा पर लगाया आरक्षण खत्म करने का आरोप

# निराधार झूठ बोल लोगों को गुमराह करने की कोशिश : शाह

**एजेंसी। अहमदाबाद/गुजरात।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जातिगत आरक्षण को लेकर दिए बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि राहुल लोगों को गुमराह करने की कोशिश में निराधार झूठ बोल रहे हैं। इस देश में 10 साल से भाजपा की सरकार चल रही है और दो बार पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुकी है। अगर भाजपा की मंशा आरक्षण खत्म करने की होती तो अब तक हो चुकी होती। नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के दलित, पिछड़े, आदिवासी भाई-बहनों को ये गारंटी दी है कि जब तक भाजपा है तब तक आरक्षण को कोई छू नहीं सकता। शाह ने कहा इससे उलट कांग्रेस ने हमेशा एससी/एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर हमला किया है।



### कुछ लोग फर्जी वीडियो वायरल कर रहे : मोहन भागवत

आरएसएस प्रमुख ने रविवार को कहा कि संघ परिवार ने कुछ समूहों को दिए गए आरक्षण का कभी विरोध नहीं किया। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है। कुछ लोग एक फर्जी वीडियो वायरल कर रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है। संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक के लिए दिया जाना चाहिए जब तक इसकी जरूरत है। भागवत ने गत साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।

### क्या कहा था राहुल गांधी ने

राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पर कहा था, 'भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य है संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना और दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है। जब तक कांग्रेस है वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती।'

### अमित शाह बोले

- कर्नाटक में कांग्रेस सरकार आई व 4 प्रतिशत अल्पसंख्यक आरक्षण बनाया, किसका कोटा काटा? ओबीसी का।
- आंध्र प्रदेश में उनकी सरकार आई, वहां भी उन्होंने पांच प्रतिशत अल्पसंख्यक आरक्षण किया। किसका कोटा काट दिया गया? ओबीसी का।
- कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को न्याय दिलाने का काम नहीं किया।' उन्होंने अपने शासन में न आदिवासियों को सम्मान दिया न झारखंड राज्य बनने दिया।
- कांग्रेस ने 2014 और 2019 में अपने घोषणा पत्र में संधिवान की भावना के खिलाफ धर्म आधारित आरक्षण की बात कही।

### एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा : अमित शाह



**एटा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह 'राजू भैया' के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं दिख रही है।

## लवली का इस्तीफा स्वीकार, जल्द मिलेगा दिल्ली कांग्रेस को नया अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी नेता अरविंद सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी है। अरविंद सिंह लवली ने आप के साथ गठबंधन और पार्टी के दो उम्मीदवारों के चयन को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद से ही भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने लवली के इस्तीफे पर कहा कि यह साबित करता है कि सत्ता के लालच में कांग्रेस का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि उनके अपने पार्टी वर्कर आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ को लेकर नाराज हैं। इस गठजोड़ के बावजूद कांग्रेस



दिल्ली की सारी सीटों पर हार रही है। जिस जहाज के कैप्टन राहुल गांधी है उस जहाज की सवारी कोई नहीं करना चाहता। इस्तीफा के बाद से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित भी शामिल हैं अरविंद सिंह लवली के घर पहुंचे। घर के बाहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। पत्रकारों से बातचीत में लवली ने कहा कि वह किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहे हैं।

## शकील अहमद ने 400 पार को लेकर भाजपा पर कसा तंज

**मधुबनी।** कांग्रेस के कद्दावर नेता और भारत सरकार के पूर्व मंत्री शकील अहमद ने मधुबनी में रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। शकील अहमद ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार 'अब की बार 400 पार' का नारे लगा रहे हैं। 400 से ज्यादा सीट लाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी चुनाव करवाना चाहिए, तभी 400 पार कर पाएंगे। वे कह रहे हैं कि भारत की तरफ कोई देश आंख उठा कर नहीं देख सकता। लेकिन अब चीन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सड़क बनाना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी इसके खिलाफ कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार मीडियाकर्मियों पर भी दवाब बना रही है।

# भ्रष्टाचार-कुशासन के कारण बंगाल का विकास रुक गया है : जेपी नड्डा

**एजेंसी। बहरमपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर हमला बोला है। नड्डा ने रविवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते कहा कि बंगाल, जिसे आज तीव्र गति से आगे चलना चाहिए था, लेकिन ममता बनर्जी के राज में भ्रष्टाचार, टोलाबाजी, कुशासन के कारण बंगाल का विकास रूक गया। जेपी नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि ममता सरकार ने बंगाल को बदनाम किया है। बंगाल की हालत बहुत खराब हो गई है। नड्डा ने कहा कि हम 'मजबूत सरकार' की बात



करते हैं, लेकिन ममता 'मजबूर सरकार' चाहती हैं। ममता ऐसी सरकार चाहती हैं जो तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और भेदभाव में विश्वास रखती हो और जिसका आतंकवादियों के प्रति नरम रुख हो। दूसरी ओर, नरेन्द्र मोदी की 'मजबूत सरकार' विकास और समृद्धि, देश को सुरक्षित करने और आतंकवाद और गलत कामों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से देने में विश्वास करती है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तृणमूल के लोगों को चावल चोर कहा जाता है। वे केंद्र द्वारा भेजा गया चावल चुरा लेते हैं। नड्डा ने आरोप लगाया कि ममता सरकार केंद्रीय परियोजनाओं को बंगाल में लागू नहीं होने देती। उन्होंने कहा कि ममता सरकार के दौरान कई तरह के भ्रष्टाचार हुए हैं। तृणमूल नेताओं के घर से भारी मात्रा में पैसे बरामद किये गए हैं जबकि केन्द्र की मोदी सरकार में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का काम किया है। गरीब, किसान, युवा, महिला सभी को सशक्त करने का काम किया है।

पीएम आवास योजना के तहत घर देने का काम, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा... जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं देने का काम मोदी सरकार ने किया है। इस दौरान नड्डा ने उपस्थित लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# ममता ने बंगाल में भाजपा विरोधी वोटों के बंटवारे की आशंका जताई

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में अपने खिलाफ वोटों के विभाजन से भाजपा को फायदा होने की आशंका जताई। उन्होंने राज्य के मालदा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, हमेशा याद रखें कि केवल तृणमूल कांग्रेस ही पश्चिम बंगाल में भाजपा के खिलाफ असली लड़ाई लड़ रही है। क्या आप चाहते हैं कि मैं सीपीआई-एम के सामने आत्मसमर्पण कर दूं? पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं है, लेकिन अन्य जगहों पर हम कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं। हम इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने में अग्रणी



भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए पश्चिम बंगाल में भाजपा विरोधी वोटों में विभाजन अवांछनीय है। अगर भाजपा को यहां विपक्षी वोटों के विभाजन से फायदा होता है, तो यह पश्चिम बंगाल के लिए एक आपदा होगी। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ने दावा किया कि उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को सीपीआई-एम के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं करने के लिए मनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के पक्ष में दो सीटें छोड़ने को भी तैयार थी। लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने मेरी बात नहीं सुनी। मैंने हमेशा कांग्रेस की मदद करने की कोशिश की है, हालांकि बंगाल विधानसभा में उनका कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। लेकिन यहां कांग्रेस नेतृत्व ने सीपीआई-एम का हाथ पकड़ना पसंद किया।" उन्होंने कहा कि यह तृणमूल सांसद ही थे जो संसद में भाजपा के खिलाफ सबसे अधिक मुखर थे। ममता ने यह भी दावा किया कि भाजपा का 400 का आंकड़ा पार करने का अनुमान इस बार कभी हकीकत नहीं होगा। उन्होंने कहा, पहले उन्हें 200 का आंकड़ा पार करने दीजिए।

# महल से निकलकर गरीबी देखें हिमाचल के शहजादे : कंगना

**एजेंसी। किन्नौर**

हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने इशारों ही इशारों में राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है।

किन्नौर में जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि जैसे हम शहजादों को देखते हैं। वैसे ही एक शहजादे दिल्ली में हैं। बहुत बड़े माता-पिता की संतान हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम देखते हैं कि उत्तर प्रदेश के इनके साथ एक और शहजादे हैं।



दिल्ली और यूपी के जैसे हिमाचल प्रदेश में भी एक शहजादे हैं। कभी वो महलों से निकलकर देखें तो उन्हें पता चलेगा कि गरीबी क्या होती है और उनकी मजबूरियां क्या होती हैं। दरअसल, कंगना रनौत का इशारा उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की तरफ था। कंगना रनौत ने आगे कहा कि मुझे दौलत, शोहरत, काम की कमी या मीडिया का अटेंशन यहां खींचकर नहीं लाया है। बाप-दादाओं की दी हुई सियासत की जागीर, हमें यहां लेकर नहीं आई है। अपने देश और मातृभूमि के प्रति प्यार और हिमाचल के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति हमें यहां लेकर आया है।

## बलिया लोस सीट से सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय पर मुकदमा दर्ज

**बलिया।** उत्तर प्रदेश की बलिया लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय पर मुकदमा दर्ज हुआ है। प्रदेश सरकार और जिलाधिकारी पर टिप्पणी को लेकर पुलिस ने तमाम धाराओं के तहत सपा प्रत्याशी पर मुकदमा दर्ज किया है। सपा प्रत्याशी सनातन पांडे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह डीएम को लेकर टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में हार का जिक्र करते हुए सपा प्रत्याशी ने कहा था कि इस बार जनता ने चुनाव जिताया तो सर्टिफिकेट लेकर आऊंगा।

# भाजपा और कांग्रेस ने एक होकर बसपा को तोड़ा : मायावती

**एजेंसी। मुरैना**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को मध्य प्रदेश के मुरैना में चुनावी सभा में भाजपा और कांग्रेस को एक बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी में चार बार बसपा के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी तब कांग्रेस, भाजपा और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बसपा को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला। इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। इन्हें आगे कर छोटे संगठन बनवा दिए और बसपा के मुकाबले में ले आए।



शहर के मेला मैदान में आयोजित सभा में मायावती ने ग्वालियर, मुरैना और भिंड लोकसभा से बसपा उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में भी एक-दो ऐसे स्वार्थी और बिकाऊ लोग हैं, जिन्होंने कांग्रेस और भाजपा का मकसद पूरा किया। जब लगा कि बसपा कमजोर हो गई तब कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा का दामन थाम लिया। इनसे सावधान रहना है। उन्होंने कहा कि ये बीमारी एमपी में भी है। जहां बसपा मजबूत है, वहां विरोधी पार्टियां इस तरह का षड्यंत्र रच रही हैं। मायावती ने कहा कि आजादी के बाद केंद्र और देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता कांग्रेस के हाथ में केंद्रित रही है। दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग विरोधी गलत नीति और कार्यप्रणाली की वजह से कांग्रेस को केंद्र और कई राज्यों की सत्ता से भी बाहर होना पड़ा है। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टी की भी रही।

## आयोग की टीम ने भांडुप में बरामद किए तीन करोड़

**मुंबई।** चुनाव आयोग की टीम ने भांडुप इलाके में नाकाबंदी कर तीन करोड़ रुपये बरामद किये हैं। टीम ने एक एटीएम में कैश डिपॉजिट करने वाली वैन भी जब्त की है। मौके पर आयकर विभाग के अधिकारी भी पहुंचे हैं और मामले की जांच कर रहे हैं।

**एटीएम कैश डिपॉजिट वैन जब्त**

सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग के इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वाड को भांडुप इलाके में एटीएम कैश डिपॉजिट वैन से पैसे ले जाने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर इलेक्शन फ्लाइंग स्क्वाड की टीम शनिवार रात को निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बीती रात एक एटीएम कैश डिपाजिट करने वाली वैन भांडुप के सोनापुर इलाके में दिखी। इसे रुकवाकर जब पूछताछ की गई तो वैन में मौजूद लोग इस वैन में रखे गए तीन करोड़ रुपये के बारे में सही जवाब नहीं दे सके। फ्लाइंग टीम ने वैन को जब्त कर लिया है और भांडुप पुलिस स्टेशन में लाया गया है। चुनाव आयोग के फ्लाइंग स्कॉड ने आयकर विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया है, जो रविवार को सुबह भांडुप पुलिस स्टेशन में पहुंचे हैं और छानबीन कर रहे हैं। चुनाव आयोग के इलेक्शन फ्लाइंग स्कॉड ने महाराष्ट्र में पिछले 44 दिनों में तकरीबन 40 करोड़ से अधिक की नगदी जब्त की है।

# यूपी में 'सांप्रदायिक' टिप्पणी के लिए ओवैसी को नोटिस की तैयारी



**एजेंसी। वाराणसी (यूपी)**

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 25 अप्रैल को वाराणसी में पीडीएम न्याय मोर्चा की एक जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान कथित सांप्रदायिक बयान देने के लिए उन्हें जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। काशी क्षेत्र के भाजपा कानूनी सेल के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान सांप्रदायिक बयान दिया था। अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट नीरज पटेल ने रविवार को शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उनका कहना है कि शुरूआती जांच के बाद, ओवैसी को नोटिस जारी किया जा रहा है। बीते गुरुवार को जनसभा में ओवैसी ने आरोप लगाया था कि मुख्तार अंसारी की न्यायिक हिरासत में हत्या कर दी गई। वह शहीद हुए और ऐसे लोग कभी नहीं मरते। उन्हें बचाना भाजपा सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन वह विफल रही।

# प्रियंका की 'चुनावी लांचिंग' को कमांड करेंगी सोनिया

**एजेंसी। रायबरेली**

प्रियंका गांधी वाड्रा के रायबरेली से टिकट की आधिकारिक घोषणा में भले ही समय लग रहा हो लेकिन कांग्रेस ने उनकी चुनावी लांचिंग की पूरी तैयारी शुरू कर दी है। खुद सोनिया गांधी बेटी प्रियंका की 'चुनावी लांचिंग' को 'कमांड' करने वाली हैं। इस बाबत एक समन्वय समिति भी बना दी गई है जिसमें स्थानीय नेताओं के अलावा सोनिया गांधी भी होगीं।

रायबरेली से प्रियंका गांधी का पूरा चुनाव सोनिया गांधी की ही देखरेख में होगा। जानकारी के अनुसार दिल्ली से पूरी चुनावी रणनीति की निगरानी और दिशा निर्देश भी तय किये जायेंगे। जबकि टिकट की घोषणा मात्र एक



औपचिरिकता ही रह गई है।

प्रियंका गांधी के चुनाव संचालन के लिए बन रही इस बेहद महत्वपूर्ण समन्वय समिति में कांग्रेस नेता सुशील पासी, सुरेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. मनीष सिंह चौहान, सुधा द्विवेदी और अतुल सिंह, रायबरेली नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, लालगंज नगर पंचायत की अध्यक्ष सरिता गुप्ता, मोहम्मद इलियास, कल्याण सिंह गांधी, वीके शुक्ला को भी शामिल किया गया है।

समिति में जिले के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी, वरिष्ठ नेता रमेश कुमार शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, राजेश यादव, सुरेश दीक्षित, कमलाकर यादव और संजीव पांडेय को भी जगह दी गयी है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया रायबरेली सीट के लिए समन्वय समिति बना दी गई है। समिति को जिम्मेदारी दी जा रही है।

### प्रियंका-राहुल की चुनावी प्रचार की तैयारी शुरू

दरअसल शनिवार को दिल्ली में हुई सीईसी की बैठक में इस बात की संभावना थी कि प्रियंका और राहुल की रायबरेली व अमेठी से टिकट की घोषणा हो जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति होने के बावजूद टिकट फाइनल करने का अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को दे दिया गया। बताया जा रहा है कि यह केवल रणनीतिक कवायद भर है और टिकट न केवल फाइनल है बल्कि पार्टी हाईकमान ने प्रियंका और राहुल की चुनावी तैयारियों को अंजाम भी देना शुरू कर दिया है। दिल्ली से इस सम्बंध में स्थानीय संगठन को लगातार निर्देश जारी किए जा रहे हैं। रायबरेली से प्रियंका की चुनावी व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर एक समन्वय समिति भी बना दी गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि खुद सोनिया गांधी इस समिति का अहम हिस्सा हैं इसके अलावा उनके प्रतिनिधि रहे केएल शर्मा सहित कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व विधानसभा में पार्टी प्रत्याशियों को इसमें जगह दी गई है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com